


औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



विश्व पशु कल्याण दिवस आज

## संक्षिप्त खबर

### एशियन गेम्स : पारुल और अनु को स्वर्ण

**हांगझोउ ।** पारुल चौधरी ने शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अनु रानी सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिला भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रही जिससे भारत मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में छह पदक जीतने में सफल रहा।

'खेल' पेज भी देखें

### एनसीबी ने प्रतिबंधित दवाइयां जब्त की

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित दवाइयां जब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनसीबी की मुंबई इकाई ने अल्प्राजोलम दवाई की करीब 15,000 गोलियां (1.840 किलोग्राम) जब्त की हैं जिन्हें अमेरिका भेजा जाना था। इस सिलसिले में लखनऊ के समीर एस को गिरफ्तार किया गया है।

### राजौरी में मुठभेड़, सेना के दो जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (जम्मू) मुकेश सिंह कालाकोट में घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और खुद अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

### जयपुर में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। दोपहर करीब दो बजकर 55 मिनट पर लोगों को भूकंप के झटके महसूस हुए और लोग घबराकर इमारतों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले गए। पुलिस नियंत्रण कक्ष ने बताया कि जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में बीते कुछ दिनों से जारी भारी बारिश के कारण राज्य के कुछ इलाकों में बाढ़ आ गई है, जिससे मंगलवार को वहां के शैक्षणिक संस्थान बंद करने पड़े। जिला प्रशासन ने कोट्टायम, वायकोम और चंगनास्सेरी तालुक में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी घोषित कर दी है। इन जिलों में बाढ़ प्रभावित करीब 246 लोगों ने 17 राहत शिविरों में शरण ले रखी है।

# न्यूज वेबसाइट से जुड़े 30 ठिकानों पर छापेमारी

## चीन कनेक्शन के आरोप में पुलिस ने न्यूज क्लिक के पत्रकारों के लैपटॉप और मोबाइल फोन किये जब्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डिजिटल न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों के यहां रेड पड़ी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल छापेमारी की बड़ी कार्रवाई कर रही है। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद सहित 30 जगहों पर छापेमारी चल रही है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की 30 से ज्यादा टीमें मंगलवार तड़के एक साथ अलग-अलग लोकेशंस के लिए निकलीं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज क्लिक के कुछ पत्रकारों के लैपटॉप और मोबाइल फोन को जब्त कर डंप डाटा रिकवर किया है। स्पेशल सेल ने यूएपीए का केस दर्ज कर जांच शुरू की है।



### 30 जगहों पर की गई छापेमारी

ये पूरा मामला विदेशी फंडिंग से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि तीन साल के छोटे अंतराल में करीब 38 करोड़ रुपये का संदिग्ध लेन-देन हुआ है, जिसके बाद पहले दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा, उसके बाद ईडी और अब दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल इस मामले की जांच कर रही है। बड़े लेवल पर इस रेड से पहले दिल्ली पुलिस ने वअढअ के तहत एक मामला दर्ज किया था और एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक साथ 30 जगह पर छापेमारी की।

### अवैध फंडिंग का मामला

**साल 2021 में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सबसे पहले न्यूज क्लिक को मिली अवैध फंडिंग को लेकर मुकदमा दर्ज किया था। ये संदिग्ध फंडिंग चीनी कंपनियों के जरिए न्यूज क्लिक को प्राप्त हुई थी। इसी के बाद ईडी ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी। हालांकि, हाई कोर्ट ने उस वक्त न्यूज क्लिक के प्रमोटरों को गिरफ्तारी से राहत दी थी।**

### चीन कनेक्शन का आरोप

इससे पहले ईडी की ओर से आरोप लगाए जा चुके हैं कि न्यूज क्लिक को मिल रही विदेशी फंडिंग ऋछफअ यानी फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेग्युलेशन एक्ट का उल्लंघन करती है। साथ ही केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाए थे कि फंडिंग का इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों में भी किया जा रहा था। ईडी ने संकेत दिए थे कि चीन में रहने वाले सिंघम ने न्यूज क्लिक को चीन समर्थित जानकारी भारत में चलाने के लिए गैर-कानूनी तरीके से 38 करोड़ रुपये दिए थे।

### दो गिरफ्तार, सीतलवाड़ के घर पहुंची पुलिस



दिल्ली पुलिस के स्पेशल कार्रवाई में अब तक दो आरोपियों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया जा चुका है। न्यूज क्लिक पर रेड को लेकर दिल्ली पुलिस की एक टीम मुम्बई पुलिस के साथ लगभग 12 घंटों से तीस्ता सीतलवाड़ के घर मौजूद है। पुलिस की टीम सितलवाड़ के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, मोबाइल, कंप्यूटर आदि की जांच कर रही है।

### सीताराम येचुरी के घर भी पहुंची पुलिस



दिल्ली पुलिस मंगलवार को सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी के आधिकारिक आवास पर पहुंच गई। येचुरी ने दावा किया है कि दिल्ली पुलिस की छापेमारी में सीपीआई-एम का कोई हाथ नहीं है। न्यूजक्लिक केस में दिल्ली पुलिस सीपीआई एम नेता सीताराम येचुरी के घर पहुंची। येचुरी ने बाद में स्पष्ट किया, पुलिस मेरे आवास पर आई क्योंकि मेरा एक साथी जो मेरे साथ वहां रहता है, उसका बेटा न्यूजक्लिक के लिए काम करता है। पुलिस उससे पूछताछ करने आई थी।

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

## नेपाल में था केंद्र, 25 मिनट में 2 बार हिली धरती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बहुत तेज भूकंप के झटके लगे हैं. ये झटके काफी देर तक लगते रहे. पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके लगे हैं. भूकंप का केंद्र नेपाल था. मंगलवार दोपहर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.6 और 6.2 रही. 2 बजकर 53 मिनट पर ये भूकंप आया. भूकंप के झटके लगते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर आने लगे. उत्तराखंड में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. टीवी 9 से सिस्मोलॉजी विभाग के डायरेक्टर ओ पी मिश्रा ने कहा कि नेपाल में भूकंप का केंद्र वहीं रहा, जहां 2022 में आया था. भूकंप के बाद ऑफ्टरशॉक भी आ सकते हैं. भूकंप आने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया निर्माण भवन से बाहर निकले गए. रुद्रप्रयाग में 2 बजकर 51 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए.

### नेपाल का बझांग था केंद्र, कई मकान ढहे



नई दिल्ली। नेपाल में मंगलवार दोपहर आए तेज भूकंप से बझांग और चैनपुर इलाकों में कई मकानों के ढहने की खबर है, इसके अलावा बझांग क्षेत्र और उसके आसपास के कई रास्ते भी भूस्खलन की वजह से अवरुद्ध हुए हैं. कुछ जगह मवेशियों के मरने की भी खबर आ रही हैं. यहां भूकंप का कंपन इतना तेज था कि दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में इसके झटके महसूस किए गए.

### योजनाओं में भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच हो : शुभेंदु

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को राज्य में केंद्रीय धन की कथित हेरफेर की सीबीआई जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि बड़े घोटाले के पीछे सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने यहां आरोप लगाया कि राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हजारों ग्राम प्रधान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) के तहत काम के संबंध में राज्य में हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल हैं। उन्होंने दावा किया, यह एक बड़ा घोटाला है। यह आजादी के बाद सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा।

## न्यूज़ क्लिक छापे पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा

# पुलिस की कार्रवाई निंदनीय

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को ऑनलाइन समाचार पोर्टल न्यूज़क्लिक और उसके पत्रकारों से जुड़े कई स्थानों पर दिल्ली पुलिस की छापेमारी की निंदा करते हुए कहा कि यह कार्रवाई दर्शाती है कि नया भारत प्रेस को गंभीरता से लेता है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने चीन समर्थक प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोपों के बाद आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में मंगलवार को न्यूजक्लिक और उसके पत्रकारों



से जुड़े 30 स्थानों पर छापेमारी की। उर्मिलेश और अभिसार शर्मा समेत कुछ पत्रकारों को पूछताछ के लिए लोधी रोड स्थित विशेष प्रकोष्ठ के कार्यालय ले जाया गया। पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर संसदीय सीट से लोकसभा सदस्य मोइत्रा ने एक्स पर पोस्ट किया, वरिष्ठ पत्रकारों पर छापा मारा गया और उन्हें पूछताछ के लिए ले जाया गया। उनके फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए गए। नया भारत प्रेस को गंभीरता से लेता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल तृणमूल कांग्रेस ने इन छापों की कड़ी निंदा की है। उसने आरोप लगाया गया कि भाजपा सरकार की दंडात्मक कार्वाइयां मुख्य रूप से उन लोगों के खिलाफ हैं जो सत्ता के सामने सच बोलते हैं, न कि उन लोगों के खिलाफ जो नफरत और विभाजन को बढ़ावा देते हैं।

# कोल इंडिया के वेतन समझौते पर सुनवाई टली

■ कल होगी सुनवाई

आवाज प्रतिनिधि

**धनबाद।** कोयला वेतन समझौता 11पर जबलपुर हाई कोर्ट में तीन अक्टूबर को होने वाली सुनवाई टल गई है। बताया जाता है कि सीआईएल के 29 अधिकारियों की टीम बढ़े वेतन समझौते के फैसले के विरोध में बीते दिन हाई कोर्ट में याचिका दायर किया था। जिसका फैसला कोल इंडिया के विरुद्ध में आने के बाद सीआईएल के विधि विभाग वेतन समझौता 11 के फैसला के पक्ष में कोर्ट में अपील की थी। लेकिन कोर्ट ने सुनवाई की तारीख को टाल कर अब पांच अक्टूबर कर दिया है।

इधर हाई कोर्ट में की गई अपील की सुनवाई में देरी होने से एक बार फिर कोयला मजदूरों का संकट बरकार है। कोर्ट में सुनवाई की तारीख में देरी होने के बाद,सीआईएल भी अब कोयला मजदूर के वेतन पर्ची छापने की अवधी को बढ़ा देगी।

## कनाडा से राजनयिक विवाद और गहराता जा रहा

# भारत ने ट्रूडो सरकार से 40 राजनयिकों को बुलाने को कहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद गहराता दिख रहा है। दरअसल भारत सरकार ने कनाडा की सरकार से कहा है कि वह अपने 40 से ज्यादा राजनयिकों को वापस बुलाए। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है। कनाडा के भारत में अभी 62 राजनयिक काम कर रहे हैं। भारत ने अब कनाडा से उसके 41 राजनयिकों को वापस बुलाने



को कहा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत में कनाडा के राजनयिक स्टाफ, भारत के कनाडा में मौजूद राजनयिक स्टाफ से बड़ा है और इसमें समानता होनी चाहिए। बता दें कि भारत और कनाडा के आपसी रिश्ते इन दिनों सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। दरअसल बीती जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी।

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लगाया आरोप

# बंगाल में मनरेगा के 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड जारी

आवाज प्रतिनिधि

**पटना।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर मनरेगा निधि के गबन का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि केंद्र राज्य में 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड जारी करने के मामले की जांच सीबीआई से कराने पर विचार कर रहा है। सिंह का बयान उस दिन आया है जब तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी पार्टी विधायकों, सांसदों और



सैकड़ों समर्थकों के साथ पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा और पीएम आवास योजना की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली के राजघाट पर धरने पर बैठे।

## भौतिकी के नोबेल पुरस्कार की हुई घोषणा

# पियरे एगोस्टिनी, फेरेंस और ऐने को मिला सम्मान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रॉयल स्वीडिश एके-डमी ऑफ साइंसेज की ओर से भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का ऐलान हो गया है. भौतिकी का नोबेल पुरस्कार इस बार पियरे अगस्टीनी, फेरेंस क्रौस और एने लुइलिये को सेकेंड के बहुत छोटे हिस्से के दौरान परमाणुओं में इलेक्ट्रॉन4 का अध्ययन करने के लिए प्रदान किया जाएगा. रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने मंगलवार को स्टाकहोम में पुरस्कार की घोषणा की.

भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा के बाद अब रसायनविज्ञान के क्षेत्र में योगदान



पियरे अगस्टीनी | फेरेंस क्रौस | एने लुइलिये

के लिए इस पुरस्कार की घोषणा का इंतजार है. इसके बाद बृहस्पतिवार को साहित्य के क्षेत्र के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा की जाएगी. नोबेल शांति पुरस्कार शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा नौ अक्टूबर को की जाएगी. इनोबेल पुरस्कार में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (10 लाख अमेरिकी डॉलर) का नकद इनाम दिया जाता है.



# रांची में अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक को कराया गया जाम से मुक्त

**रांची।** शहर के ट्रैफिक व्यवस्था को जाम से मुक्त करने के लिए मंगलवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सड़कों पर उतरे। अलबर्ट एक्का चौक से अंजुमन प्लाजा तक एसएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदारों से जुमार्ना वसूला गया। साथ ही उनके साथ सामान भी जब्त किए गए।

एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानदारों की मनमानी नहीं चलेगी। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये। ट्रैफिक व्यवस्था को




लेकर रांची पुलिस का विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शहर में एक साथ कई इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने सभी थानेदारों को अभियान चलाने का निर्देश दिया है। दुकानदारों से दुकान के आगे सड़क किनारे सामान नहीं रखने और सड़क किनारे पार्किंग नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। साथ ही कहा गया है कि चेतावनी के बाद भी दुकान के आगे सड़क किनारे पार्किंग और सामान रखते हैं, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एसएसपी ने बताया कि अभियान लगातार चलाया जाया गया। दुकानदारों को चेतावनी दी गयी है कि वह अपने दुकान के अंदर ही समान रखे। कई लोगों से जुमार्ना भी वसूला गया है। अभियान के दौरान सिटी एसपी राजकुमार मेहता के साथ-साथ शहर के थाना प्रभारी और डीएसपी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व रांची एसएसपी ने सड़क पर ठेला लगाकर सामान बेचने वालों से और दुकानदारों से अपील की थी कि वह अपने सामान दुकान के अंदर रखे और शहर के ट्रैफिक को जाम मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। इसे लेकर पोस्टर भी बांटे गए थे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बीच सड़क पर लगे लोहे के बिजली पोल में मारी टक्कर



आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के हिल व्यू मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने मंगलवार सुबह बीच सड़क पर लगे हुए लोहे के बिजली पोल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का लोहे का पोल बीच से टूटकर दो भाग में बंट गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना घटने से बच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली की सप्लाई कटवाया। इसके बाद पहले दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोका । घटना के समय सड़क पर सबसे ज्यादा स्कूली बसें गुजर रही थीं। घटना की वजह से लगभग आधे घंटे से ज्यादा समय तक बरियातू रोड जाम रहा। कई स्कूल बसें जाम में फंसी रही। सड़क से बिजली का तार हटाने के बाद यातायात सामान्य हो सका। घटना के बाद ट्रक चालक और खलासी फरार हो गये।

# हाई कोर्ट में रांची हिंसा मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची में 10 जून, 2022 को हुई हिंसा की एनआईए जांच को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार से पूछा कि वह कैसे इस केस को एनआईए को ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। क्या इसका कोई साक्ष्य है कि यह घटना शेड्यूल ऑफिंस के तहत आ रही है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। उनकी ओर से सिर्फ यह कहा गया कि मामले की जांच नहीं हो रही है।

इससे पहले एनआईए और राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूरे प्रकरण में यह मामला शेड्यूल ऑफिंस के दायरे में नहीं आता है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने मंगलवार को मामले की सुनवाई की।

इस केस के साथ संलग्न एक अन्य जनहित याचिका, जिसमें याचिकाकर्ता अधिवक्ता एके रशीदी ने मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की। साथ ही याचिकाकर्ता ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने राज्य सरकार, एनआईए एवं याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद मामले की सुनवाई 21 नवंबर निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पक्ष रखा। एनआईए के अधिवक्ता एके दस की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि एनआईए सिर्फ शेड्यूल ऑफिंस होने पर ही अनुसंधान करती है लेकिन इस घटना में अभी तक अनुसंधान में ऐसी बात नहीं आई है।

रांची हिंसा मामले में दायर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपितों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है। याचिका में रांची की घटना को प्रायोजित बताते हुए एनआईए से जांच करके यह पता लगाने का आग्रह किया है कि किस संगठन ने फंडिंग कर घटना को अंजाम दिया।

## हेजाज असदक को मिली ब्लैक बेल्ट छठे डान की उपाधि

**खूंटी।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ खूंटी के अध्यक्ष सह स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के वरीय उपाध्यक्ष हेजाज असदक को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कराटे ब्लैक बेल्ट छठे डान की उपाधि प्रदान की गई। हेजाज असदक को यह उपाधि विश्व कराटे महासंघ के टेक्निकल सदस्य हैंसी भरत शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही हेजाज असदक को शिकोकाई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष सेंसेई मानस सिन्हा, सेंसेई कृष्ण कुमार सिंह, शशि पांडेय, रंजीत मेहता, नरेंद्र सिंहा सहित झारखंड के विभिन्न जिला कराटे संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी हैं।

# जेएन कॉलेज के छात्रों ने की तालाबंदी




आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुर महाविद्यालय (जेएन कॉलेज) के मुख्य गेट में मंगलवार को छात्रों ने तालाबंदी की। आक्रोशित छात्र कॉलेज के एंथ्रोपॉलजी के एचओडी प्रोफेसर रवि भूषण साहू पर कार्रवाई की मांग को लेकर तालाबंदी की है।

साहू पर आरोप है कि वह कॉलेज के महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लंबे समय से लगातार दुर्व्यवहार और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने महिला थाना, राजभवन, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार, वीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन प्रोफेसर रवि भूषण साहू के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों ने तालाबंदी की। पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित छात्रों को समझा रही है।

# अवैध खान मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत पर अगली सुनवाई 13 को

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसके बाद अदालत ने पंकज की जमानत पर अगली सुनवाई की तिथि 13 अक्टूबर निर्धारित की है।

इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं।

पंकज मिश्रा को ईडी ने 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गई थी।

# झारखंड में 152 बीडीओ का स्थानांतरण और पदस्थापन

रांची। ग्रामीण विकास विभाग ने 152 प्रखंड विकास पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. इनमें 32 झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की सेवा वापस कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग को सौंपी गई है. इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. मोहम्मद जहीर आलम को गोविंदपुर, शैलेंद्र कुमार चौरसिया को टुंडी, फणीश्वर राजवर को तोपचांची, जयप्रकाश नारायण को कालिया सोल, सुषमा आनंद को बाघमारा, कुमुद झा को तोरपा, प्रशांत डांग को रनिया सुलेमान मुंदरी को मुरहू, गणेश महतो को अड़की, स्मिता नगेसिया को कर्रा, ज्योति कुमारी को खूंटी सदर, ईश्वर दयाल कुमार महतो को चंद्रपुरा बोकारो, महादेव कुमार महतो को गोमिया, संतोष कुमार महतो को पेटरवार का बीडीओ बनाया गया है. इसी प्रकार जयपाल महतो को जरीडीह, अनिल कुमार को कसमार, गौतम कुमार को जयनगर, सुमन गुप्ता को कोडरमा सदर, समीर रनियार खलको को सिमडेगा सदर, वीरेंद्र किंडो को कोलेबिरा, नईमुद्दीन अंसारी को बानो, कमलेश कुमार सिंह को जमुआ, गणेश रजक को गिरिडीह सदर, मृत्युंजय कुमार को पदमा हजारीबाग, मनीष कुमार को दारू, जितेंद्र कुमार मंडल को बड़कागांव, संतोष कुमार को इचाक, अखिलेश कुमार को विष्णुगढ़, अमित कुमार को केरेडारी, एकता वर्मा को कटकमदाग, रश्मि खुशबू मिंज को टाटीझरिया, नम्रता जोशी को बुढ़मू, ललित राम को चुरचू, शक्ति कुंज को मनोहरपुर, अमिताभ भगत को चाईबासा सदर ,ललित कुमार भगत को टोंटो, सीमा कुमारी को चक्रधरपुर, सीमा आनंद को झींकपानी, सिद्धार्थ शंकर यादव को महेशपुर का बीडीओ बनाया गया है. श्रीमान मरांडी को लिट्टीपाड़ा, समीर अल्फ्रेड मुर्मू को पाकुड़, साइमन मरांडी को पाकुड़िया, केशव भारती को बहरागोड़ा, सच्चिदानंद महतो को जमशेदपुर, निलेश कुमार मुर्मू को डुमरिया, अभय कुमार द्विवेदी को पोटका, बबली कुमारी को धालभूमगढ़, अनिका शर्मा को घाटशिला, परितोष प्रियदर्शी को मोहम्मदगंज, धीरज कुमार को बूढ़मू, नागेश कुमार को सोनाहातू, विजय कुमार को ओरमांझी, प्रवीण कुमार को नामकुम, संतोष कुमार प्रजापति को तमाड़, संजीत कुमार सिंह को कांके, अशोक कुमार को चान्हो, रेनू बाला को सिल्ली, रेणु कुमारी को बुंडू, दीपाली भगत को नगड़ी के बीडीओ के रूप में पदस्थापित किया गया है. ज्ञानमनी एक्का को चितरपुर, संजय कुमार कोनगाड़ी को मांडू, संजय कुमार शांडिल्य को गोला, सुनील कुमार प्रजापति को दुलमी, पूजा कुमारी को रामगढ़ सदर, कुमार एस अभिनव को निमडीह, प्रधान मांझी को सरायकेला खरसावां, प्रवीण कुमार को गम्हरिया, साधु चरण को कुचाई, अस्मिता सिंह को सरायकेला सदर, कालेश्वर रविदास को चांडिल, मेघनाथ उरांव को मंडोरो, सलखू हेंब्रम को तालझाड़ी, उदय कुमार सिन्हा को राजमहल, नागेश्वर साहू को बोरियो, सनी कुमार दास को बरहरवा, जितेंद्र कुमार पांडे को राज्य ग्रामीण विकास संस्थान में व्याख्याता, पार्थनंदन को २१ि ,मेरी मड़की को राज्य ग्रामीण संस्थान, मोहम्मद अजमल हसनैन को मसलिया और एजाज आलम को शिकारीपड़ा का बीडीओ बनाया गया है.

## आज पलामू आएंगे मुख्यमंत्री, डीसी ने तैयारियों को लिया जायजा

**पलामू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पलामू दौरे पर रहेंगे। उनके साथ प्रदेश के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड के चियांकी के गणके में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज की गई हैं। जिला प्रशासन ने आज मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर समीक्षा बैठक कर तैयारी का जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले महीने सितंबर में ही मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन करना था, लेकिन कार्यक्रम रद्द हो गया था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल पर कई स्तरों पर तैयारी की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य जरूरी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीएम के दौरे को लेकर तीन डीएसपी, 12 से अधिक इंस्पेक्टर जबकि 100 से अधिक सब इंस्पेक्टर की तैनाती की गई है। डीसी ने समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देशउपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पलामू दौरे को लेकर सदर बीडीओ-सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को अलग-अलग टास्क सौंपे। उन्होंने भवन निर्माण के अभियंता को स्टेज की गुणवत्ता व चिंयाकी हेलीपैड पर ध्यान देने का निर्देश दिया। उप नगर आयुक्त को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारी को फुल प्रूफ करने को लेकर संबंधितों को निर्देश दिये। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में संकल्प सप्ताह शुरू लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**लोहरदगा।** जिले के आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित प्रखण्ड किस्को के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को संकल्प सप्ताह की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने की। किस्को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनरल ओपीडी में 287 मरीजों की जांच की गई। 75 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 19 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 83 बालिकाओं-महिलाओं की एनीमिया जांच, 17 लोगों का टीकाकरण और 25 लोगों की टीबी जांच की गई। किस्को प्रखंड में 10 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, एक आयुष चिकित्सा केंद्र और एक सामुदायिक स्वास्थ्य में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसमें कुल 1009 लोगों की जनरल ओपीडी, 517 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 96 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, 185 बालिकाओं-महिलाओं की एनीमिया जांच, 47 लोगों का टीकाकरण और 217 लोगों की टीबी जांच की गई।

## डीसी ने की नीति आयोग की योजनाओं की समीक्षा



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित नीति आयोग की जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में विवभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने कें लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश डीसी ने दिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में उत्तरोत्तर सुधार की आवश्यकता है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम को लेकर उचित प्रयास किए जाएं। इसके अतिरिक्त मोबाइल केयर वाहन के संचालन को लेकर चर्चा की गई। मोबाइल केयर वाहन के संचालन से स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुगम रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। डीसी ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें योजनाओं के माध्यम से सीधे रूप से लाभान्वित किया जाए।

# रांची में दुर्गापूजा की तैयारी जोरों पर मूर्तियों को मूर्त रूप देने में जुटे कारीगर

आवाज प्रतिनिधि

**रांची।** रांची में दुर्गापूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण हो रहा है। रांची के अलबर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से सप्तमी को आरती और डमरू के धुन से मां भगवती की आराधना की जाएगी। यह आराधना बनारस के विद्वान पंडितों की ओर से किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने मंगलवार को बताया कि कई महीनों से चल रहे पंडाल के निर्माण कार्य को कारीगर मूर्त रूप देने में लगे हुए हैं। पंडाल के अंदर प्रवेश करते ही मां के भक्तों को देवलोक की अनुभूति होगी। जबकि पंडाल के अंदर की सज्जा हस्त निर्मित कमल फूल की आकृति से किया जाएगा। जबकि बाहर मुख्य द्वार पर मां के नेत्र की आकृति लगाई जाएगी। सनातन धर्म और हिंदुत्व का बोध भक्तों को कराया जाएगा।



मां की प्रतिमा बंगाल के कारीगरों के जरिये बनाया जाएगा। इसमें मां दुर्गा अपने हाथ में पूरे ब्रह्मांड को संभाली हुई है। सिंह ने कहा कि रांची के श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के भजन गायक और दिल्ली के नाट्य मंडल की प्रस्तुति होगी। पंचमी के दिन दिल्ली के कलाकारों के जरिये दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति नाटक के माध्यम से होगी। साथ ही भारत माता के थीम पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही षष्ठी के दिन प्रसिद्ध भजन गायक उज्जैन के गजेंद्र प्रताप सिंह अपने गानों से श्रद्धालुओं को झुमाएंगे। दुर्गोत्सव में लगभग 30 लाख रुपए खर्च का अनुमान लगाया गया है।

## आयुक्त ने यूपीएससी परीक्षा को लेकर की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली की ओर से आयोजित की जाने वाली कंबाइंड रिक्वायरमेंट परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान आयुक्त ने कई दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा सात अक्टूबर और आठ अक्टूबर को निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कुल आठ परीक्षा उप केन्द्र बनाएं गए है। परीक्षा में कुल 5324 छात्र शामिल होंगे। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सहायक समन्वय पर्वेक्षक एवं केन्द्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डियूटी में तैनात किये गये अधिकारियों को उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व से अवगत कराया गया। तैनात पदाधिकारी को परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया । साथी ही सभी को परीक्षा के निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने को कहा गया।

# डेंगू पर लगाम लगाने के लिए ननि ने कसी कमर

# दुर्गापूजा से पहले निगम ने लिया बड़ा फैसला !



**आसनसोल ।** बीते कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ पश्चिम बर्दवान जिले और आसनसोल में भी डेंगू के मामले कुछ बढ गए हैं। इसके रोकथाम के लिए आसनसोल नगर निगम द्वारा युद्ध कालीन तत्परता के साथ काम किया जा रहा है। इसी क्र म में मंगलवार को आसनसोल के चार नंबर बोरो में महत्वपूर्ण बैठक की गयी। जहाँ पर चार नंबर बोरो चेयरमैन राजेश तिवारी 44 नंबर वार्ड पार्षद तथा आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी तथा चार नंबर बोरो के अंतर्गत आने वाले अन्य सभी पार्षद उपस्थित थे। बैठक में आगामी दुर्गापूजा से पूर्व डेंगू रोकथाम और दुर्गापूजा महोत्सव मानाने को लेकर चर्चा की गयी। इस बारे में बोरो चेयरमैन राजेश तिवारी ने कहा कि चार नंबर बोरो में एक जरूरी बैठक हुई क्योंकि 44 नंबर वार्ड के पार्षद और आसनसोल नगर निगम चेयरमैन का वार्ड अभी इसी बोरो के अंतर्गत आता है तो चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी तथा इस बोरो के अन्य पार्षद भी उपस्थित थे। जहाँ पर डेंगू की रोकथाम को लेकर चर्चा हुई इसके साथ ही आने वाले दुर्गा पूजा को लेकर विस्तार से आलोचना किया गया और किस तरह से दुर्गा पूजा को सुचारू ढंग से संपन्न किया जा सके तथा पंडालों के इर्द-गिर्द साफ सफाई और अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया जा सके इसको लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

## डेंगू की रोकथाम के लिए जिला शासक ने किया बाजार का दौरा

**आसनसोल।** पश्चिम बर्धमान जिला शासक एस पोन्नाबलम ने मंगलवार कि आसनसोल नगर निगम के 44 नंबर वार्ड अंतर्गत आसनसोल बाजार क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन तथा 44 नंबर वार्ड पार्षद अमरनाथ चटर्जी, नगर निगम के सेनेटरी विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन के कर्मचारी सहित पार्षद शिखा घटक आदि उपस्थित थे।जिला शासक ने बाजार क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा किया और इस बात की सघनता से जांच की कि कहीं पर गंदिगी ना हो जिससे डेंगू फैल सके। उन्होंने स्थानीय निवासी दुकानदारों सहित सभी लोगों को डेंगू से बचने के बारे में जागरूक किया और बताया कि जिला प्रशासन, आसनसोल नगर निगम डेंगू की रोकथाम के लिए तत्परता से कार्य कर रही हैं। लेकिन लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। इस बारे में आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन तथा 44 नंबर वार्ड के पार्षद अमरनाथ चटर्जी ने कहा कि



जिला शासक ने डेंगू को लेकर 44 नंबर वार्ड इलाके का दौरा किया उन्होंने बाजार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का जायजा लिया और आसनसोल नगर निगम द्वारा सफाई के मामले में जो कार्य किए गए हैं उन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है और इसी क्र म में जिला शासक द्वारा बाजार क्षेत्र का दौरा किया गया था। इससे पहले अमरनाथ चटर्जी द्वारा जिला शासक एस पोन्नालम को फूलों का गुलदस्ता लेकर सम्मानित किया गया।

## रामकृष्ण मिशन की ओर से महिलाओं में बांटी गई साड़ियां



**आसनसोल।** हर साल आसनसोल रामकृष्ण मिशन की तरफ दुर्गा पूजा से पहले जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी बांटी जाती है। इस वर्ष भी आसनसोल रामकृष्ण मिशन की तरफ से साड़ी प्रदान की गई। मौके पर आज आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी सौमात्मानंद जी महाराज उपस्थित थे। कार्यक्र म के दौरान अमरनाथ चटर्जी तथा आसनसोल रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी सौमात्मानंद जी महाराज के द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां प्रदान की गई। इस मौके पर अमरनाथ चटर्जी तथा स्वामी सौमात्मानंदजी महाराज दोनों ने सबको आने वाले दुर्गा पूजा की बधाई दी और मां से प्रार्थना किया कि सभी का जीवन सुख समृद्धि से भरी रहें।

## मैथन और पंचेत डैम से फिर छोड़ा गया 1 लाख 10 हजार क्यूसेक पानी, 7 जिलों में बाढ़ का अलर्ट

**आसनसोल।** मैथन और पंचेत डैम से पानी छोडे जाने का सिलिसला दूसरे दिन भी जारी रहा। हालांकि मैथन डैम से छोड़े गए पानी की मात्रा कम हो गई है, लेकिन पंचेत जलाशय से छोड़े गए पानी की मात्रा बढ़ गई है। इस दिन पंचेत जलाशय से छोड़े गए पानी की मात्रा 75 हजार क्यूसेक बताई जा रही है। वहीं, मैथन जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा घटाकर 35 हजार क्यूसेक कर दी गयी है। मैथन व पंचेत डैम से पानी छोडे जाने के कारण दुर्गापूजा से पहले पश्चिम बंगाल के 7 जिलों में बाढ़ की आशंका बढ गई हैं। पड़ोसी राज्य झारखंड में भारी बारिश के कारण



मैथन, पंचेत डैम से पानी छोडा जा रहा है। इसके ऊपर से राज्य में निम्न दबाव के कारण लगातार बारिश भी हो रही है। परिणामस्वरूप, सात जिले - बांकुरा, बीरभूम, पूर्वी बर्दवान, पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बर्दवान, हुगली और हावड़ा - खतरे में हैं। इन जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है और प्रशासन की तरफ से माइकिंग कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर मुख्य सचिव हरिकृष्ण द्विवेदी ने आपात बैठक की। उन्होंने सभी जिला प्रशासन को साफ तौर पर आगाह किया कि क्या सावधानियां और कदम उठाए जाने चाहिए। बाढ के खतरे को देखते हुए सिंचाई विभाग के इंजीनियरों को डीवीसी और झारखंड के अधिकारियों से बात कर स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है। जिलों को हर पांच घंटे में आपदा प्रबंधन कार्यालय को रिपोर्ट भेजने की अधिसूचना भी जारी की गयी है। उस रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद जिला प्रशासन के अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण के लिए सिंचाई विभाग के संपर्क में रहने का निर्देश दिया गया है।

## मारवाड़ी महिला समिति की ओर से पहली बार होगा डांडिया उत्सव

**आसनसोल ।** आसनसोल मारवाड़ी महिला समिति द्वारा 7 अक्टूबर, शनिवार को डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आसनसोल क्लब में आयोजित होने वाला यह डांडिया उत्सव महिला समिति द्वारा पहली बार किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज कल्याण के लिए धनराशि संग्रह है। करना है। यह कार्यक्र म सिर्फ महिलाओं के लिए आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी वर्गों की महिलाएं हिस्सा ले सकती हैं। इस शानदार कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए टिकट उपलब्ध है। मौके पर निधि पारी, रेखा गाड़ीवान, रंजना अग्रवाल आसनसोल महिला समिति की सदस्यायों ने सभी से जल्द से जल्द अपनी टिकट बुक कराने का अनुरोध किया। आपको बता दें कि इस कार्यक्र म में रानीगंज की एंकर स्वेता रु नझुन डिजे बिपिन द्वारा नवरात्रि के डांडिया उत्सव को चार चांद लगाए जाएंगे ।इतना ही नहीं इस दौरान कई प्रकार के गेम्स और सरप्राइज गिफ्ट्स भी रखे गए हैं। आसनसोल मारवाड़ी महिला समिति द्वारा इस बेहद शानदार डांडिया उत्सव की शुरु आत 7 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। आसनसोल क्लब में होने वाले इस डांडिया उत्सव की एंट्री फीस 500 रुपए हैं। पांच सदस्यों की एंट्री पर एंट्री फीस में डिस्काउंट की भी व्यवस्था है। कार्यक्रम में शिरकत करने वालों के लिए डांडिया के साथ ही लजीज पकवानों का भी इंतजाम किया जाएगा।

## जामुड़िया में जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग पर बस कर्मियों ने फिर किया सड़क जाम

**जामुड़िया ।** सोमवार को सड़क की जर्जर हालत के कारण बस चालकों ने जामुडिया- रानीगंज मुख्य सड़क को करीब छह घंटे तक जाम कर दिया था। आसनसोल नगर निगम के 1 नम्बर बोरो के चेयरमैन शेख शानदार के आश्वासन के बाद बस कर्मियों ने सडक अवरोध हटाया था। मंगलवार को एक बार फिर जामुड़िया से आसनसोल और रानीगंज जाने वाले



बस चालकों ने अखलपुर ब्रिज पर मुख्य सड़क को बसों से जाम कर दिया। जिसके कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी और यातायात ठप हो गया। खबर पाकर जामुड़िया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने बस चालकों से बात की। तीन दिन के अंदर सड़क मरम्मत का वादा करने के बाद भी बस कर्मियों ने सड़क जाम नहीं हटाया। बताया जाता हैं कि जामुडिया से चांदा मोड और जामुडिया से रानीसयार मोड तक सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर हो गई है। आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आखिरकार बस कर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा और बस कर्मियों ने एकजुट होकर सोमवार को बस सेवा बंद कर दी थी। जर्जर हो चुकी सड़कों के मरम्मत की मांग पर प्रदर्शन किया था। वहीं प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस सड़क की हालत के लिए पूरी तरह से विधायक जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक का कार्यालय मुख्य सड़क पर है और उन्हें यह दिखाई नहीं देता कि सडक कितनी जर्जर हो चुकी हैं। छोटी-मोटी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सड़क की हालत इतनी खराब है कि यातायात कर पाना मुश्कि ल हो गया है।

## दुर्गापुर बैरेज का भी जल स्तर बढ़ा, भाजपा सांसद सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने किया बैरेज का दौरा

**दुर्गापुर।** राज्य में लगातार हो रही बारिश से कई जिलों में बाढ़ की आशंका है। इसके ऊपर से दामोदर घाटी निगम अर्थात डीवीसी ने 2 दिनों के दौरान लगभग 2 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा है। इस पानी से बीरभूम, पश्चिमी बर्दवान, झाड़ग्राम के गांव जलमग्न हो सकते हैं और दामोदर समेत विभिन्न निदयों का जलस्तर अभी से बढ़ना शुरू हो गया है। दुर्गापुर बैराज से मंगलवार दोपहर 1 बजे के अपडेट के मुताबिक छोड़े गए पानी की मात्रा 1 लाख 28 हजार क्यूसेक है। इस बीच, बर्दवान-दुर्गापुर लोकसभा के बीजेपी सांसद सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने सिंचाई विभाग के



अधिकारियों के साथ दुर्गापुर बैराज का दौरा किया। पानी छोड़े जाने से निचले दामोदर बेसिन में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। हावड़ा और हुगली जिलों को पहले ही अलर्ट भेजा जा चुका है। सांसद सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया ने अवैध बालू खनन को भी बाढ़ का कारण बताया। सांसद ने पूर्व बर्दवान समेत अन्य जिले के निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका जताते हुए कहा कि दुर्गापुर बैराज से पानी छोड़े जाने की मात्रा थोड़ी कम हुई है। गत सोमवार को दुर्गापुर बैराज से 1 लाख 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। बताया जाता हैं कि बराकर और दामोदर घाटी में भारी बारिश हुई है और झारखंड में भी पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। इसलिए बांधों से पानी छोड़ना पड़ रहा है। डीवीसी अधिकारियों ने बताया कि बारिश बढ़ी तो और पानी छोड़ना पड़ेगा। पिछले दो दिनों में पंचेत और मैथन डैम से दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है। मंगलवार को जब दामोदर का पानी दुर्गापुर पहुंचा तो डीवीसी ने दुर्गापुर बैराज से 1 लाख 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा था। इससे पूर्व बर्दवान, हुगली, हावड़ा जिले में बाढ़ की स्थिति की आशंका है। बारिश और डीवीसी का पानी छोड़े जाने से पश्चिम बर्दवान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्वी बर्दवान, पश्चिम मिदनापुर, हावड़ा और हुगली में बाढ़ आ सकती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर मुख्य सचिव हरिकृष्ण द्विवेदी ने सोमवार को इन सात जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों के साथ आपात बैठक की। जल्द ही, निचले और बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर लगातार माइकिंग की जा रही हैं और यदि आवश्यक हो तो निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया जाएगा।

## फॉसबेक्की ने विभिन्न समस्याओं के निवारण पर जिला शासक को सौंपा ज्ञापन

**आसनसोल।** दक्षिण बंगाल के सबसे बड़े वाणिज्यिक संगठन फोसबेकी की तरफ से आज पश्चिम वर्तमान जिले के नविनयुक्त जिला शासक एस पोन्नाबलम से मुलाकात की और मोमेंटो और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। संगठन के अध्यक्ष आरपी खेतान, जनरल सेक्रेटरी सचिन राय,विर्क ंग प्रेसिडेंट स्वपन चौधरी, विनोद गुप्ता आदि उपस्थित थे। सभी ने जिला शासक से मुलाकात की और उनको आश्वासन दिया कि उनके संगठन की तरफ से जिला प्रशासन के साथ पहले भी हर प्रकार का सहयोग किया जाता रहा है, और भविष्य में भी किया जाएगा। इसके उपरांत संगठन के पदाधिकारीयों ने जिला शासक को एक ज्ञापन सोपा इस ज्ञापन के



जरिए उन्होंने कुछ समस्याओं की तरफ जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि रानीगंज में ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड या ईसीएल द्वारा जमीनों का म्यूटेशन किया जा रहा है। जिस तरह से इस राष्ट्रीय संस्थान द्वारा रानीगंज और आसपास के क्षेत्रों में जमीनों

### आसनसोल नगर निगम क्षेत्र में सैंक्शन प्लान मिलने में हो रही देरी

### जिला शासक से उक्त विषय पर गंभीरता से विचार तथा समाधान का किया अपील

का म्यूटेशन किया जा रहा है। इससे वहां पर छोटे दुकानदारों व्यापारियों और अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उन लोगों ने वहां पर सभी कागजात दस्तावेज की जांच करने के बाद जमीनें खरीदी थी जिसका उचित स्टैंप ड्यूटी देकर रजिस्ट्रेशन भी उन्होंने करवाया है। अब ईसीएल द्वारा इन जमीनों का म्यूटेशन कर रही हैं। इससे इन जमीनों के मालिक अब भूमिहीन हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ईसील द्वारा कहा जा रहा है कि उन्होंने 1974 1975 में इन जमीनों को अधिग्रहित किया था लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि अगर ईसीएल द्वारा इतने सालों पहले इन जमीनों का अधिग्रहण किया गया था तो अब तक वह लोग चुप क्यों बैठे थे। उन्होंने म्यूटेशन क्यों नहीं करवाया। उन्होंने जिला शासक से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने और इस मुद्दे का समाधान निकालने की अपील की। इसके उपरांत आसनसोल नगर निगम क्षेत्र में सैंक्शन प्लान मिलने में हो रही देरी की तरफ भी इन्होंने जिला शासक का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि इससे निर्माण कार्य में देर हो रही है।जिससे कि उनको नुकसान झेलना पड़ रहा है। ज्ञापन के जरिए जिला शासक से अनुरोध किया गया है कि आसनसोल नगर निगम को जल्द से जल्द सैंक्शन प्लान पास करने की कवायद करें। एक और मुद्दा जो फोसबेकी द्वारा बैठक में ज्ञापन के जरिए उठाया गया वह था कि फायर लाइसेंस का मुद्दा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन तरीके से फायर लाइसेंस मिलना निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा वरदान है। लेकिन पश्चिम बर्दवान जिले में यह अभिशाप बन गया है और इसकी एकमात्र वजह है पारिदर्शता की कमी। उन्होंने जिला शासक से इस विषय पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। फोसबेकी के पदाधिकारीयों द्वारा आसनसोल शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति से निपटने के लिए उषाग्राम से लेकर भगत सिंह मोड तक एक फ्लाईओवर निर्माण की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आसनसोल में रहने वाले लोग लंबे समय से इस तरह के एक फ्लाईओवर की आशा में दिन गुजार रहे हैं। जिला शासक से अनुरोध किया कि इस दिशा में भी जल्द से जल्द पहल की जाए ताकि शहर के लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

# मुराडी डैम से युवक का शव बरामद, सनसनी

## पुलिस ने कहा : मृतक के परिजनों की ओर से किसी के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई

**पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक युवती के साथ आया था मृतक**

**सांतुड़ी थान पुलिस पुछताछ के लिए युवती को लायी थाने**





**पुरुलिया।** सांतुड़ी थान अंतर्गत मुराडी डैम से पुलिस ने एक युवक का तैरता शव बरामद किया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने मृतक का नाम सुब्रतो मिश्रा (35) सालतोड़ा थाना क्षेत्र के सलमा निवासी सुखेन मिश्रा का पुत्र बताया। हालांकि इस घटना में मृतक के परिजनों की ओर से किसी के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक किसी युवती के साथ यहां संभवतः घुमने आया था और स्थानीय किसी रिसॉर्ट में ठहरा था। घटना के बाद पुलिस पुछताछ के लिए युवती को थाना लेकर आई। परंतु मृतक के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज न कराने से पुलिस ने युवती को उनके परिजनों के साथ छोड़ दिया। हालांकि विश्वस सूत्रों के अनुसार युवती के पास करीब 10 हजार रुपया नगद व एक चेक भी था। बताया जाता है कि मृतक शराबी भी था। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मृतक के परिजनों ने आशंका जताते हुए कहा कि चुंकि सुब्रतो एक शराबी था। हो सकता है शराब के नशे में डैम में स्नान करने गया होगा और डुब गया होगा, जिससे उसकी मौत हुई होगी।

### एसटीएफ ने पकड़ी 50 लाख रुपए की फेंसिड्रिल

**दुर्गापुर।** राज्य पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दुर्गापुर शहर के गांधी मोड़ के पास एक ट्रक से 15 हजार फेंसिडिल कफ सिरप बरामद किया। एसटीएफ द्वारा जब्त किए गए फेंसिडिल का बाजार मूल्य लगभग 50 लाख रुपए बताई जा रहा है। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है की फेंसिडिल को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की टीम ने गांधी मोड़ के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान देखा गया कि ट्रक में कप, प्लेट और डिनर सेट लदा था। लेकिन उसके बीच में फेंसिडिल की खेप छिपाकर कर रखा गया था। एसटीएफ में इस मामले में ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि यह ट्रक राजस्थान के जयपुर से दानकुनी के तरफ जा रहा था। यह अभी संभावना जताई जा रही है कि दुर्गापुर में फेंसिडिल को किसी एजेंट के पास डिलीवरी देनी थी। इसलिए यह ट्रक नेशनल हाईवे से ना जाकर सर्विस रोड से होकर जा रहा था। आमतौर पर देखा जाता है की फेंसिडिल कफ सिरप की व्यापक पैमाने पर बांग्लादेश में तस्करी की जाती है। बीएसएफ द्वारा आए दिन भारत-बांग्लादेश की सीमावती इलाकों से फेंसिडिल की खेप पकड़ी जाती हैं।

## राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 के संदर्भ में कोल इंडिया प्रबंधन, कोयला मंत्रालय के नकारात्मक रवैया के खिलाफ प्रदर्शन

**सांकतोड़िया।** सोदपुर एरिया कार्यालय पर राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता 11 के संदर्भ में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के प्रति कोल इंडिया प्रबंधन एवं कोयला मंत्रालय के नकारात्मक रवैया अपनाए जाने के विरोध में खान श्रमिक कांग्रेस(बीएमएस) के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। मौके पर खान श्रमिक कांग्रेस (बीएमएस) के महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री महेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय सचिव दयाचंद नोनिया, त्रिवेणी प्रसाद, पवित्रो बाउरी, भीम नोनिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। खान श्रमिक कांग्रेस के महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्ण कोयला उद्योग में कार्यरत श्रमिकों का सितंबर माह 2023 में वेतन समझौता 11के आधार पर वेतन भुगतान किया गया। लेकिन अक्टूबर माह में होनेवाली वेतन पर कोल इंडिया ने कोर्ट का हवाला देकर फिलहाल रोक लगा दिया है। जिसके कारण कोयला कर्मियों के बीच असंतोष फैल गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन मजदूरों के बल पर चलता है। अगर हमारे मजदूरों पर कुठाराघात किया जाएगा तो भारतीय मजदूर संघ चुप बैठने वाला नहीं है। उन्होंने कहा की मजदूरों के हित की लड़ाई के लिए बीएमएस हमेशा पहले खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम 5 से 7 अक्टूबर तक कोयला उद्योग में हड़ताल निर्धारित था। लेकिन कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा कुछ समय मांगने के आग्रह पर श्रमिक संगठनों द्वारा पुनः 12 से 14 अक्टूबर को पूरे कोयला उद्योग में हड़ताल की घोषणा की गई है। उपरोक्त निर्णय को लेकर मंगलवार को ईसीएल के सभी एरिया कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया है। हमसब हडताल को सफल बनाने के लिए दृढतापूर्वक जुट गए हैं।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने किया विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन



**दुर्गापुर।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से गांधी जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. यह प्रार्थना सभा सोमवार शाम को दुर्गापुर के धातु भवन के बगल में आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में आयोजित की गई थी। कार्यक्र म की शुरूआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। फिर विशेष प्रार्थना सभा होती है. प्रार्थना सभा में संस्था के सौ से अधिक सदस्यों ने भाग लिया. गांधी जयंती को मोमिबत्तयाँ जलाकर और विभिन्न कार्यक्र मों द्वारा एक साथ मनाया जाता है। आर्ट ऑफ लिविंग (पश्चिम बंगाल और असम) के एपीईसी सदस्य सुमित बंद्योपाध्याय ने कहा, यह प्रार्थना सभा संगठन के मूल मंत्र विश्व शांति, अिहंसा, सद्भाव के अलावा एक विश्व परिवार का संदेश फैलाना है।

### रानीगंज : पत्रकार सम्मेलन का आयोजन

**रानीगंज।** विजनलाईफ मानव अधिकार फाउंडेशन का तीसरा स्थापना दिवस समारोह मनाया। उक्त बातें संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार तथा झारखंड के माइंस एवम जियोलॉजी डिपाटर्मेंट के डायरेक्टर मनोज अंबास्था तथा विजय कुमार ओझा तथा झारखंड राज्य के एडिशनल डायरेक्टर महेंद्र शर्मा जी हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 11 राज्य से कार्यकर्ता आ रहें है।इस कार्यक्रम को उखड़ा में आयोजित किया जाएगा।

## बीसीसीएल सिभी एरिया बारह : राजभाषा हिंदी पखवाड़ा 2023 का समापन, छात्र-छात्राओं को सम्मान

**बराकर।** बीसीसीएल सिभी एरिया बारह के बेगुनिया स्थित महाप्रबंधक कार्यालय मे राजभाषा हिंदी पखवाड़ा 2023 के समापन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़ा 14 से 29 सितंबर तक आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमे निबंध लेखन प्रतियोगिता ,वाद विवाद प्रतियोगिता ,प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता ,आदि शामिल थे। मंगलवार को एरिया बारह के बेगुनिया स्थित महाप्रबंधक कार्यालय मे विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा विभिन्न स्कूलों मे बारहवीं कक्षा मे हिंदी मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर नगदी सम्मान स्वरूप प्रदान किया गया। इसमें सभी स्कूलों से दो विद्यार्थियों को चुना गया तथा पखवाड़े मे भाग लेने वाले कंपनी के कर्मियो को भी सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम एरिया बारह के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं तथा अन्य कर्मचारियों को हिंदी को अपनाने तथा कार्य के दौरान अधिक से अधिक हिंदी का उपयोग करने को कहा। इसके पश्चात कार्यक्र म को आगे बढ़ाते हुए बराकर आदर्श विद्यालय एच एस स्कूल से देवेंद्र कुमार साव , बिक्की कुमार शर्मा कुल्टी हिंदी बालिका विद्यालय से ईशा बिंद , कुमकुम कुमारी केंदुआ हाई स्कूल से वसीम अकरम खान , साने आलम सिद्धकी , श्री मारवाड़ी विद्यालय से सानवी मल ,सुनिधि कू साव , सहित अन्य छात्र छात्राओं को बारहवीं परीक्षा के दौरान हिंदी विषय पर बेहतर प्रदर्शन करने पर एरिया के महाप्रबंधक पी के मिश्रा तथा अन्य अधिकारियों ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन राकेश नायक, एजीएम सुधाकर प्रसाद , एपीएम आशीष कुमार मिश्रा ,हिंदी प्रभारी राजेंद्र कुमार ,बैद्यनाथ मोदी , राजू तुरी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## डीएसपी समूहों की ओर से मनाई गई गांधी जयंती

**कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित के साथ ही महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया**

**दुर्गापुर के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों द्वारा काव्य पाठ व धार्मिक गीत प्रस्तुत किया गया**




**दुर्गापुर।** दुर्गापुर के स्टील टाउनशिप में दुर्गापुर स्टील प्लांट सामूहिक द्वारा गांधी जयंती मनाई गई। हमारा देश विविधता में एकता की भूमि है जहां विभिन्न संप्रदायों, जातियों और धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं जैसा कि अक्सर महात्मा गांधी के शब्दों में परिलिक्षत होता है। विविधता में एकता की इन भावनाओं को दर्शाते हुए, इस अवसर को चिह्नित करने के लिए दुर्गापुर स्टील टाउनशिप के स्टील क्लब में एक सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्र म की अध्यक्षता बीपी सिंह सिंह, निदेशक प्रभारी बर्नपुर एवं दुर्गापुर स्टील प्लांट) ने की। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्ति थे। एस सुब्बाराज ईडी (एएसपी), दीप्तेंदु घोष ईडी (वर्क्स), अरूप मुखर्जी सीजीएम प्रभारी (एफ एंड ए), श्री वी मानवती सीजीएम प्रभारी (पी एंड ए), डॉ. एस रॉय सीएमओ प्रभारी (एम एंड एचएस) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, ओए और यूनियन फोरम के सदस्य और बड़ी संख्या में अन्य लोग। कार्यक्र म की शुरुआत प्रभारी निदेशक श्री सिंह और इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद दुर्गापुर के विभिन्न धार्मिक और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों, अखिल भारतीय सांस्कृतिक परिषद, मजलिस-ए-मिल्लत, बौद्ध समिति, गुरु द्वारा प्रबंधक समिति, दुर्गापुर यूनाइटेड चर्च और दुर्गापुर जैन समाज के सदस्यों द्वारा काव्य पाठ और धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्र म का समापन सामाजिक-सांस्कृतिक समूहों द्वारा समवेत स्वर में रघुपति राघव राजा राम गाने के साथ हुआ। प्रभारी निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने अंत में इस अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री के चित्र और दुर्गापुर स्टील टाउनशिप के प्रमुख स्थान गांधीमोर में स्थापित महात्मा गांधीजी की पूर्ण आकार की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

## संयुक्त मोर्चा की ओर से सिभी एरिया बारह मुख्यालय गेट के समक्ष तीन दिवसीय हड़ताल के समर्थन में सभा




**बराकर।** एनसी डब्लू ऐक्ट वेतन क्र म के तहत कोयला श्रमिको का जो वेतन समझौता हुआ था। उस समझौते को कोल इंडिया के अधिकारियों द्वारा जबलपुर उच्च न्यायालय मे चैलेंज कर मामला दर्ज किया। जिसको लेकर कोयला कर्मियों का वेतन रोका गया। जिसके विरोध में मंगलवार को संजुक्त मोर्चा के बैनर तले बीसीसीएल सिभी एरिया बारह के गेट के सामने बारिश प्रदर्शन किया गया। जहा ट्रेड यूनियन के आह्वान पर आने वाले बारह अक्टूबर से चौदह अक्टूबर तीन दिवसीय कोयला मजदूरों की राष्ट्रीय ब्यापी हड़ताल के समर्थन ये विरोध प्रदर्शन किया गया। उपस्थित सभी ट्रेड यूनियन ने संजूक्त रूप से आहवान किया की श्रम संगठनों के नेताओ तथा प्रतिनिधियों से आहवान किया जाता है की सभी मिलकर इस तीन दिन व्यापी हड़ताल को सफल बनाए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान संयुक्त मोर्चा की ओर से जनता मजदूर संघ के सुभाष सिंग, एचएमएस के बाबन मुखर्जी,संतोष सिंग, दयामय उपाध्याय, जेएमएस, बाबूजन मरांडी एआईटीयूसी,बाबू लाल दास, कलाम अंसारी बीसीकेयू, मनोरंजन मालिक, बीपी अम्बास्त, अकरम अंसारी इंटक, बिकास भंडारी, बी मंडल, बिस्वजीत घोष सहित बड़ी संख्या में संजुक्त यूनियन के प्रभारी और कर्मी शामिल थे।

## डेंगू से बचाव का गुर बतलाया आनंदलोक के मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार

**रानीगंज।** आनंदलोक के मेडिकल ऑफिसर डॉ विनोद कुमार ओझा डेंगू पीड़ित मरीज का उपचार बेहद अच्छे ढंग से कर रहे हैं उन्होंने बताया कि इस रोग से भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं घर में भी उपचार किया जा सकता है अपने घर की साफ सफाई एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई का ध्यान रखें। बुखार,पीठ ,कमर एवं सिर में दर्द होने पर इस रोग का संकेत होता है उल्टी आना भी इस रोग का संकेत है ऐसी स्थिति में मरीज का डेंगू टेस्ट अवश्य कराएं। अगर टेस्ट में प्लेटलेट्स 1 लाख तक है तो घबराने की कोई जरूरत नहीं अगर उससे कम प्लेटलेट्स जांच में पाया जाए तो घर में भी इसका इलाज किया जा सकता है मरीज को मच्छरदानी का इस्तेमाल ठीक करना चाहिए गर्म पानी का सेवन एवं पपीते के पत्ते का रस पीना चाहिए भोजन में कच्चा पपीता की सब्जी अवश्य खाएं। डॉ विनोद ने बताया कि डेंगू होने पर शरीर में 7 दिन तक वायरस रहता है उसके बाद अपने आप वायरस समाप्त हो जाता है इस रोग से घबराने की कोई जरूरत नहीं है।



### एक ही परिवार के तीन लोगों को डेंगू

**रानीगंज।** एक ही परिवार के तीन लोगों को डेंगू रोग होने के कारण बहुत से अस्पताल में चक्कर काटने पड़े उनकी स्थिति देखकर बहुत से अस्पताल ने उन्हें भर्ती करने से इनकार कर दिया अंत में रानीगंज के डीएम चिकित्सक दिवेन्दु दास के नेतृत्व में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सैफुल एवं डॉ विनोद कुमार ओझा एवं उनकी पूरी टीम के अथक प्रयास से तीनों को बचाया जा सका अस्पताल में भर्ती जमुई जिला के रंजीत कुमार मिश्रा ,आलोक मिश्रा एवं विकास मिश्रा ने बतलाया कि यह तीनों एक ही परिवार के सदस्य हैं तेज बुखार, उल्टी आना एवं पूरे शरीर में दर्द होने के पश्चात जमुई में ही डेंगू का जांच करवाया जांच में डेंगू पॉजीटिव पाया गया उसके पश्चात कई अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती होने गए परंतु किसी भी अस्पताल में उन्हें भर्ती नहीं लिया गया चिकित्सकों ने कहा कि उनकी स्थिति ठीक नहीं है अंत में रानीगंज के आनंद लोक अस्पताल में उन्हें भर्ती करवाया गया जहां मेडिकल टीम के लगातार इलाज के पश्चात तीनों मरीज स्वस्थ हैं तीनों ने बतलाया कि रानीगंज में आकर उनकी जान बच गई है उन्होंने चिकित्सक दिवेनदु दास एवं मेडिकल टीम के प्रति धन्यवाद दिया। डॉक्टर दास ने बताया कि भारती के समय मैरजि कप प्लेटलेट्स करीब 30 हजार था। उपचार के पश्चात तीसरे दिन आज तीनों मरीज का प्लेटलेट्स एक लाख से ज्यादा हो गया है तीनों स्वास्थ्य है।

### डेंगू की रोकथाम के लिए रानीगंज बोरो अध्यक्ष ने चलाया मुहिम



**रानीगंज।** डेंगू की रोकथाम के लिए रानीगंज बोरो अध्यक्ष मुजिम्मल शहजादा के नेतृत्व में मुहीम चलाया गया। बोरो के इंजीनियर कौशिक सेनगुप्ता, सफाई विभाग के प्रमुख सुमित चटर्जी, पार्षद नेहा साव एवं अन्य अधिकारी सभी ने मिलकर रानीगंज के प्रत्येक वार्ड का सर्वेक्षण किया एवं लोगों को अपने क्षेत्र में सफाई के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया बोरो अध्यक्ष ने कहा कि सफाई अभियान निरंतर चलाया जा रहा है रानीगंज बोरो की तरफ से सफाई कर्मी पूरे दिन भर प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर रहे हैं कूड़ेदान से लगातार गंदगी उठाया जा रह है। इसके साथ-साथ जरूरत पर लोगों को स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान की जा रही है। पार्षद नेहा साव ने कहा कि प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक प्रत्येक क्षेत्र में सर्वेक्षण किया जा रहा है लोगों को किसी तरह की समस्या मत हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं से निवेदन किया कि ऐसे वक्त में डेंगू से बचाव के लिए लोगों के बीच प्रचार प्रसार किया जाए।

# हिंदुस्तान केबल्स रूपनारायणपुर नजरूल सेंटेनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने किया प्रदर्शन



**सालानपुर।** सालानपुर ब्लॉक के हिंदुस्तान केबल्स रूपनारायणपुर नजरूल सेंटेनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर कॉलेज गेट के सामने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दिन कॉलेज के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं अपनी परीक्षाओं से संबंधित मांगों के साथ कॉलेज के प्राचार्य से मांग की। स्वराक ने स्क्रिप्ट सौंपी। छात्रों ने बताया कि अच्छे परिणाम आने के बावजूद उन्हें दूसरे और चौथे सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा में फेल कर दिया गया। दूसरे सेमेस्टर की उत्तीर्ण दर प्रथम वर्ष की उत्तीर्ण दर 20 प्रतिशत है और प्रथम वर्ष के चौथे सेमेस्टर की उत्तीर्ण दर 40 प्रतिशत है। 400 छात्र हैं। सभी अनुत्तीर्ण हो गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम जुलाई में आयोजित बाहरी परीक्षा में छात्रों को अनुचित अंक देने का विरोध कर रहे हैं, जिसमें अधिकांश छात्रों का एक साल बर्बाद हो गया है. छात्रों का एक साल बर्बाद होने से उनके शिक्षा करियर को भारी नुकसान और तनाव होता है। इसलिए हम आज कक्षा का बिहष्कार कर रहे हैं और इस अन्याय का विरोध कर रहे हैं इसके अलावा, प्रश्न पत्र में एमसीक्यू दिए गए हैं। ऐसे प्रश्न नहीं हैं जहां पहले एक अंक के छोटे प्रश्न थे, केवल तीन अंक और नौ अंक के प्रश्न हैं। इसके अलावा, छह महीने का सेमेस्टर दो महीने में किया जा रहा है, लेकिन वे इसे फिर से छह माह करने की मांग की. समीक्षा के लिए प्रति विषय 300 शुल्क लिया जाये। इसे कम किया जाये. तीन घंटे की परीक्षा ढाई घंटे में करायी जा रही है, इसे फिर से तीन घंटे में करायी जाये. इन्हीं मांगों को लेकर उनका धरना कार्यक्र म है. हालांकि, कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. फारूक अली ने कहा कि छात्रों की ओर से एक लिखित याचिका दायर की गई है और हम इसे उच्चतम अधिकारी को भेजेंगे. इस दिन प्रतीक शर्मा, दीपानिता मंडल, धरना कार्यक्रम में संदीप कुमार यादव, निवेदिता हेमाराम, एसके साहिल आलम शामिल हुए। , अंजिली नीरदा, सोहेल मियां, गबीर बनर्जी, प्रतीक माझी, अयान धीबर, राजश्री गांगुली, कमलेश गराई, मनब रजाक, सम्राट मंडल, प्रणब घोष समेत कई लोग शामिल हुए।

## आड़रा ग्राम पंचायत ने किया स्वच्छता दिवस का पालन

**नितुरिया।** पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर 1 ब्लॉक के आड़रा क्षेत्र के मणिपुर गांव में स्वच्छता दिवस धूमधाम से मनाया गया। आड़रा ग्राम पंचायत की पहल पर आड़रा ग्राम पंचायत के प्रधान तुफान रॉय ने मणिपुर गांव स्थित मणिपुर अरुणोदय शिशु निकेतन के अनाथ बालक-बालिकाओं और वृद्धाश्रम के कुष्ठ वृद्ध लोगों के साथ यह दिन मनाया। मणिपुर अरुणोदय शिशु निकेतन ने आधिकारिक तौर पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर-के महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शिशु निकेतन के बालक-बालिकाओं और आईसीडीएस तथा आशा कार्यकर्ताओं के साथ पुरुलिया के पारंपरिक छउ नृत्य के साथ क्षेत्र को स्वच्छ रखने के संदेश के साथ मणिपुर गांव में जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। जुलूस में प्रधान तुफान रॉय क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के संदेश के साथ मणिपुर गांव में झाड़ू लेकर सफाई करते दिखे। इसके बाद प्रधान तुफान रॉय मणिपुर वृद्धाश्रम में कुष्ठ वृद्धों से मिलकर खुश हुए। उनके साथ कुछ समय बिताने के बाद मुखिया तुफान रॉय ने उनका मुंह मीठा कराया। रघुनाथपुर नंबर 1 ब्लॉक के संयुक्त बीडीओ सुशांत कुंडू सहित रघुनाथपुर बीएलआरओ कार्यालय के आरआई अधिकारी अरविंद भंडारी, रघुनाथपुर नंबर 1 पंचायत समिति डी. मनोज कुमार और मणिपुर गृह महासचिव नवकुमार दास और अन्य उपस्थित थे। आखिरकार इस दिन मणिपुर गांव में पुरुलिया के पारंपरिक छाऊ-नृत्य के माध्यम से आड़रा ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। आड़रा ग्राम पंचायत की पहल पर मणिपुर गांव में छाऊ-नृत्य का आयोजन किया गया। प्रमुख तुफान रॉय ने कहा, मणिपुर अरुणोदय शिशु निकेतन के लड़के-लड़कियों और नर्सिंग होम के वृद्ध लोगों के साथ यह दिन मनाना बहुत अच्छा लगा।

# त्रिवेणी देवी भालोटिया, कंपनी 3 एनसीसी ने निकाला स्वच्छता जागरुकता रैली



**रानीगंज।** स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर त्रिवेणी देवी भालोटिया , कंपनी 3 एनसीसी की ओर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई । इस रैली का मुख्य उद्देश्य था लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना` त्रिवेणी देवी भालोटिया कॉलेज की कंपनी 3 के कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉ. गणेश रजक ने सर्वप्रथम एनसीसी के कैडेट्स को 'कचरा मुक्त भारत- स्वच्छता ही सेवा ' के संदर्भ में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। उनके सपने को समस्त देशवासियों को एक सूत्र में बंधकर स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाकर पूरा करना चाहिए। ऐसा करके ही हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनके जन्म दिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर पाएंगे । इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आज 2 अक्टूबर को उनकी जयंती विशेष पर कंपनी 3 की एनसीसी की ओर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में जागरूकता अभियान के तहत कंपनी 3 के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।एनसीसी अधिकारी के साथ-साथ कैडेट्स ने मिलकर महाविद्यालय से सटे आसपास के सभी क्षेत्रों की सफाई की लोगों को स्वच्छता से संबंधित सारी जानकारियां प्रदान की। 'स्वच्छता ही सेवा- श्रमदान ' के तहत इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# सालानपुर ब्लॉक के 11 पंचायत में तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रतिवाद सभा

**कल्याणेश्वरी।** सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस की तत्वाधान में 2 अक्टूबर को गाँधी जयंती के अवसर पर सालानपुर ब्लॉक क्षेत्र के 11 पंचायत क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस द्वारा गाँधी जयंती के साथ-साथ केंद्र सरकार के विरुद्ध प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। वहीं इस दौरान देंदुआ आंचलिक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष मनोज तिवारी की अगुवाई में नकडाजोड़िया पंचायत कार्यालय के निकट एक वृहद प्रतिवाद जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सुरुआत रास्ट्रीय पिता महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित के साथ कि गई। जहाँ देंदुआ



आंचलिक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस की दिल्ली आंदोलन की व्याख्या करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध जमकर हमला किया। उन्होंने कहा केंद्र सरकार से भीख नही मज़दूर अपना अधिकार मांग रहें है। गरीब अपना आवास मांग रहें है, किन्तु केंद्र सरकार गरीबों के पैसे पर कुंडली मार के बैठी है। यही कारण है आज पाटी सुप्रीमो सह मुख्यमंत्री ममता बनजी एवं सवर्भारतीय तृणमूल कांग्रेस महासचिव को हज़ारों मनरेगा मज़दूर के साथ जंतर मंतर पर धरना देने पर विवश होना पड़ा। उन्होंने कहा यह लड़ाई जनता गरीब और मज़दूर वर्ग के हित के लिए है, केंद्र सरकार को मनरेगा और आवास योजना का बकाया राशि भुकतान करना ही होगा। मौके पर देंदुआ पंचायत प्रधान शुप्रकाश माजी समेत समस्त तृणमूल कांग्रेस कमी व मज़दूर उपस्थित थे।

# पुरुलिया में तृणमूल कांग्रेस का कैंडल जुलूस



**पुरुलिया।** 100 दिनों के बकाया काम की मांग को लेकर जहां एक ओर तृणमूल कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली में धरने में शामिल हुआ। वहीं राज्य के विभिन्न हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मोमबत्ती जुलूस तथा कहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से दिल्ली के जंतर मंतर में आंदोलन से जुड़कर वहां की स्थिति का तथा आंदोलन का समर्थन किया। साथ ही एकजुटता के माध्यम से विरोध कार्यक्रम में सड़क पर उतरे। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के निर्देश पर मंगलवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में मोमबत्ती जुलूस निकाला गया। तृणमूल कांग्रेस ने 100 दिनों के बकाया काम की मांग को लेकर इस दिन पुरुलिया जिले के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ हुडा ब्लॉक के रोखेडा-बिश्पुरिया इलाके में कैंडल मार्च कार्यक्रम के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया। जहां रोखड़ा-बिश्पुरिया क्षेत्र के श्रिमक नेता गौतम महतो के साथ पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पांडा, उपाध्यक्ष कंचन पति, ग्राम पंचायत सदस्य व पार्टी नेता उत्तम पति, तृणमूल युवा कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास रंजन कालिंदी, महिला नेता बबीता महतो व अन्य मौजूद थे। तृणमूल युवा कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास रंजन कालिंदी ने कहा कि इस केंद्र सरकार ने सिर्फ बंगाल की गरीब जनता पर अन्याय किया है। अच्छे दिन के नाम पर बीजेपी ने बंगाल की जनता को मारने की साजिश शुरू कर दी है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस गरीब लोगों के साथ है और रहेगी। जब तक केंद्र सरकार 100 दिन के काम का बकाया नहीं देगी तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

# नितुरिया : पश्चिम बंगाल सहकारी कर्मचारी संघ पुरुलिया जिला का दुसरा सम्मेलन आयोजित

**नितुरिया।** पश्चिम बंगाल सहकारी कर्मचारी संघ पुरुलिया जिले का दूसरा जिला सम्मेलन पुरुलिया में आयोजित किया गया। यह सम्मेलन पुरुलिया शहर के नामोपाड़ा स्थित पिनाकी सदन में करीब तीन सौ कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित किया गया। सम्मेलन में सहकारी कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी के संगठन सचिव मोंटू कुमार मंडल उपस्थित थे। मौके पर राज्य सलाहकार परिषद के सदस्यों में से एक अब्दुल हमीद शेख, राज्य के नेताओं में से एक जयंत कुमार घोष, पुरुलिया जिले के सह-कोषाध्यक्ष दीपांकर कुमार, अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे। दिन के इस सम्मेलन में, पश्चिम बंगाल सहकारी कर्मचारी संघ ने प्राथमिक सहकारी कृषि विकास संघ के कर्मचारियों के लिए 2019 के अनुसार वेतनमान लागू करने और इसे आधिकारिक तौर पर भुगतान करने की अपनी मांगों पर चर्चा की। सार्वजनिक व्यय पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से एसोसिएशन का चुनाव कराकर प्रबंधन समिति का गठन किया जाना चाहिए। कार्य करते समय कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिवार के एक सदस्य को रोजगार गारंटी की कानूनी मान्यता अनिवार्य रूप से दी जाए।

## दो अलग-अलग घटनाओं में एक छात्र सहित दो ने की आत्महत्या

**नितुरिया।** दो अलग-अलग घटनाओं में, एक माध्यमिक विद्यालय के छात्र सहित दो लोगों ने गले में रिस्सयाँ लपेटकर आत्महत्या कर ली। पुरु लिया के हतोयाडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आज दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उर्मिला सोरेन (15) पुरुलिया के मानबाजार थाने के शासन गोडा गांव की रहने वाली है। वह कल अपने घर में फंदे से लटकी पाए गई। स्थानीय मानबाजार अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पिता सुचांद सोरेन ने कहा कि घर में गले में फंदे से झूल गई। लेकिन पता नहीं क्यों उसने ऐसा किया। वह स्थानीय शासन गोडा हाई स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही थी और अगले साल माध्यमिक परीक्षा देती। उधर, पुरु लिया थाना क्षेत्र के कोलबाध गांव में बीती रात संदीप महतो (25) नामक युवक का फंदे से लटका शव बरामद किया गया। हालांकि, इस आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है और पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# नितुरिया : बंगाल और झारखंड से कटे झालदा सापई नदी पुल को प्रशासन ने किया बंद



**नितुरिया ।** भारी बारिश के कारण पुल के खंभे ढह गए जिससे अंतरराज्यीय यातायात रोक दिया गया। घटना रविवार को सापई नदी पुल पर हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुरुलिया के झालदा थाना क्षेत्र के झालदा-गोला रोड पर इस पुल का एक पिलर गिर गया। उन्होंने कहा कि पुल का निर्माण 2009 में वाममोर्चा के शासनकाल में हुआ था। भारी बारिश से पुल का एक पिलर बह गया। जिससे पुल कमजोर हो गया, प्रशासन ने रविवार शाम से पुल को बंद कर दिया। इस पुल से बंगाल और झारखंड का संपर्क के अलावा ब्रजपुर कलमा डुमुरडी समेत कई गांवों का संपर्क झालदा से था। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि यह पुल दो-तीन साल से कमजोर है। लेकिन, इसकी मरम्मत के लिए कोई प्रयास नहीं किये गये। इस संबंध में कलमा के तृणमूल कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष उपेन्द्रनाथ महतो ने कहा कि वे इस मामले से राष्ट्रपति को अवगत करायेंगे, ताकि समस्या का जल्द समाधान हो। उधर,लगातार हो रही बारिश के कारण पुरुलिया के आड़षा बामुनडीहा से सटे घाट को जोड़ने वाले दो बांध बह गए हैं। गांव के निवासी देवीलाल महतो ने बताया कि भारी बारिश के कारण बांध टूटने से दो बांधों का निर्माण कार्य बंद हो गया है। यातायात बाधित होने के कारण टामना आड़षा रोड पर एक मार्ग जलमग्न हो गया। जिले के बाघमुंडी झालदा 2 समेत कई ब्लॉकों में अब भी पानी भरा हुआ है। पुरुलिया नगर पालिका के मेयर नबेंदु महाली ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और लगातार बारिश के कारण कंसाई नदी पर शिमुलिजा पंप स्टेशन से सटे इलाके में नदी पर पानी के पंप और केबल टूट गए हैं। आज सुबह से मैंने कंसाई नदी के इलाके का दौरा किया है और शहर की जलापूर्ति को सामान्य रखने के लिए तुरंत काम करने का आदेश दिया है।


**Asansol Municipal Corporation**
**Asansol**

**Notice Inviting Quotation**

Quotation Notice No. Q-219/PW/Eng/2023 dated 30-09-2023
Quotation Notice No. Q-220/PW/Eng/2023 dated 30-09-2023
Quotation Notice No. Q-221/PW/Eng/2023 dated 30-09-2023
Quotation Notice No. Q-222/PW/Eng/2023 dated 30-09-2023
Memo No. 1089/PW/Eng/2023 dated 30-09-23
Memo No. 1090/PW/Eng/2023 dated 30-09-23
Memo No. 1093/PW/Eng/2023 dated 30-09-23
Memo No. 1094/PW/Eng/2023 dated 30-09-23

Please visit to website www.asansolmunicipalcorporation.net or www.wbtenders.gov.in
For details, intending contractors may also contact Eng. Dept. of this office and office notice Board.

Sd/-
Superintending Engineer
Asansol Municipal Corporation

MEMO NO: 2072-G DATED: 03.10.2023

## रामलीला मैदान की पेंशन शंखनाद रैली

*देश भर के सरकारी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने की मांग की है। इसके लिए देशभर से सरकारी कर्मचारी रामलीला मैदान दिल्ली में इकट्ठे हुए। 1 अक्टूबर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में जहां देखो वहां सरकारी कर्मचारियों के सिर नजर आ रहे थे। कई वर्षों से रामलीला मैदान में इस तरीके का प्रदर्शन देखने को नहीं मिला था। सरकारी कर्मचारियों के इस प्रदर्शन ने जेपी आंदोलन और अन्ना हजारे के आंदोलन की याद ताजा कर दी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इस प्रदर्शन का समर्थन किया था। कई कांग्रेस शासित राज्यों ने ओल्ड पेंशन योजना को लागू कर दिया है। कांग्रेस की मांग है, कि केंद्र सरकार पुरानी पेंशन योजना को बहाल करें। देश की सेवा करने वाले कर्मवीरों का सम्मान करें। दिल्ली पुलिस ने मैदान में टेंट लगाने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद भी सरकारी कर्मचारी लाखों की संख्या में रैली में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। कई प्रदेशों के हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी दिल्ली पहुंचे। सरकारी कर्मचारियों का कहना था, कि पहले की तरह केंद्र सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू कर देती है, तो इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। इसलिए हम दिल्ली में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। आखिरकार सरकारी कर्मचारी न्यू पेंशन योजना का विरोध क्यों कर रहे हैं। इसको समझने के लिए सरकार तैयार नहीं है। कर्मचारी कई वर्षों से समझाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन गतिरोध अभी भी बना हुआ है। पुरानी पेंशन योजना में जब कर्मचारी रिटायर होते थे। तब उन्हें मूल वेतन मान का 50 फीसदी पेंशन के रूप में मिलता था। हर 6 माह में महंगाई भत्ता उसमें जोड़ दिया जाता था। इसके साथ ही सेवानिवृत्ति होते समय सरकारी कर्मचारियों को ग्रेच्युटी और फंड के रूप में एक मुस्त राशि मिलती थी। जिससे सरकारी कर्मचारी सेवा निवृत्ति के बाद अपने मकान और बच्चों की पढ़ाई लिखाई शादी इत्यादि की जिम्मेदारी पूरी कर पाते थे। नई पेंशन स्कीम में यह सारे प्रावधान नहीं है। जिसके कारण सरकारी कर्मचारियों में रोष देखने को मिल रहा है। सरकारी कर्मचारियों को यह भी आशंका है, कि पेंशन फंड की 50 फीसदी राशि को म्युचुअल फंड में निवेश किया जा रहा है। जो बाजार के रहमो करम पर निर्भर होगा। जो पेंशन मिलेगी, उसमें महंगाई भत्ता जोड़ने का कोई प्रावधान नहीं है। महंगाई दिनों दिन जिस तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। उसके कारण पिछले तीन-चार सालों से सरकारी कर्मचारियों की भविष्य को लेकर चिंता भी बढ़ती चली जा रही है। शेयर बाजार में समय-समय पर तेजी और गिरावट के कारण शेयर बाजार में निवेश की गई राशि सुरक्षित रहेगी या नहीं, यह भी सबसे बड़ी चिंता का कारण है। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को एक मुस्त मिलने वाला फंड और ग्रेजुएटी भी नहीं मिल रही है। सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने के बाद परिवार को केवल पेंशन ही मिलेगी। इसी आशंका से सरकारी कर्मचारियों में सबसे बड़ा गुस्सा है। देश भर के लगभग एक करोड़ सरकारी कर्मचारी जो नई पेंशन योजना से जुड़े हुए हैं। उनके परिवार के 5 करोड सदस्य मतदाता की हैसियत भी रखते हैं। रामलीला मैदान में हुए प्रदर्शन के दौरान सरकारी कर्मचारियों ने केंद्र सरकार को सीधे-सीधे चेतावनी दे दी है, कि 5 करोड़ वोटो से भाजपा को हाथ धोना पड़ेगा। चुनाव कार्य में सरकारी कर्मचारी ही चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराते हैं। यदि वह केंद्र सरकार से नाराज होंगे, तो इसका भी असर कहीं ना कहीं मतदान में पड़ सकता है। सरकारी कर्मचारी ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर आर पार की मुद्रा में आ चुके हैं।*

# क्या राजनीति में स्वच्छता का मोदी जादू चलेगा!

**- ललित गर्ग-**



देश में स्वच्छता अभियान से ज्यादा जरूरी हो गया राजनीतिक स्वच्छता अभियान। क्योंकि आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये राजनीति का शुद्धिकरण यानी अपराध एवं भ्रष्टाचारमुक्त होना अपेक्षित है। आज कौन-सी पार्टी है जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता का पालन कर रही है? शोचनीय बात यह है कि अब भ्रष्टाचार, आतंकवाद एवं साम्प्रदायिकता को पोषित करने वाले एवं देशविरोधी राजनीति के दोषी शर्मसार भी नहीं होते। इस तरह का राजनीतिक चरित्र देश के समक्ष गम्भीर समस्या बन चुका है। राजनीति की बन चुकी मानसिकता और भ्रष्ट आचरण ने पूरे लोकतंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं की प्रशंसा में ही लोकहित है, यह सोच हमारी राजनीति में घर कर चुकी है। यह रोग राजनीति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर राजनेता लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। अधिकतर राजनीतिकों का मकसद बस किसी तरह चुनाव जीतना और सत्ता में जाना हो गया है। चुनाव जीतने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, और सत्ता में आने पर पैसा बनाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ वर्ष पहले स्वच्छता अभियान छेड़ा, जिसका व्यापक असर हुआ। अब देश में दूषित होती राजनीति में स्वच्छता अभियान शुरू करने की पहल करने की अपेक्षा है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं और इसके बाद अगले वर्ष लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठेगा। ऐसे दौर में राजनीति में सुधार की कोरी बातें ही नहीं बल्कि संकल्पित होने का वक्त आ गया है। यह वक्त देखा जाए तो चुनाव सुधार एवं राजनीति में नैतिक मूल्यों को बल देने का बिगुल बजाने का है। चुनाव में अच्छे एवं ईमानदार, लोग चुन कर आएं इसके लिए राजनीति में अपराधियों का प्रवेश तो रोकना ही होगा, वंशवाद, जातिवाद, धनबल व बाहुबल जैसी राजनीति में घुस आई गंदगी को साफ करने के लिए जागरूकता की झाड़ू को उठाना ही होगा। अभी तो आम धारणा यही बनती जा रही है कि ईमानदारी के बलबूते चुनाव जीतना आसान नहीं है। लेकिन आगामी चुनावों में इस धारणा को बदल देना है। चुनाव सुधारों को लेकर उच्चतम न्यायालय से लेकर चुनाव आयोग तक की सिफारिशें एवं सुझाव हर बार हवा होते रहे हैं। उन पर अमल करने की परवाह किसी को नहीं होती। ठीक इसी तरह राजनीति के शुद्धिकरण का संकल्प भी हर चुनाव में खारिज होता रहा है, लेकिन कब तक? प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति में नैतिक एवं ईमानदार चेहरा को प्रोत्साहन दिया है। ऐसा करके उन्होंने यह भी जता दिया कि राजनीति की चली आ रही परिभाषाएं अब बदलने लगी है। अब मोदी के नाम पर उन राज्यों में चुनाव जीतने के कीर्तिमान स्थापित हुए है, जहां चुनाव जीतना किन्हीं खास धनबल, बाहुबल एवं अपराधिक तत्वों के नाम लिखे हुए थे।

बात लोकसभा चुनाव की नहीं, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों की है कि मोदी के नाम पर ये चुनाव इतने सफल क्यों एवं कैसे हो रहे हैं? पार्टी के कद्दावर नेता, जिनके बिना राज्य में चुनाव जीतना असंभव माना जाता रहा है, उन नेताओं के नाम की बजाय मोदी के नाम पर वोट मांगने की परम्परा मजबूत एवं सफल होती जा रही है, क्योंकि मोदी एक प्रतीक है विकास का, मूल्यों का, जन समस्याओं के समाधान का। गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने हिंदू हृदय सम्राट की छवि बनाई। दूसरे कार्यकाल के बाद विकास, शांति एवं सौहार्द का प्रतीक बन गए। गुजरात मॉडल का प्रचार इतना जबर्दस्त रहा कि अन्य राज्यों में भी इसकी चर्चा होने लगी। बिहार-यूपी जैसे सुदूर क्षेत्रों के लोग भी गुजरात मॉडल की बात करने लगे। प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रांड मोदी और भी मजबूत हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मोदी अपराजेय दिखने लगे। 2024 के चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया के सामने यही सवाल खड़ा है कि नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाला नेता कौन होगा? इंडिया के सामने नेता घोषित करने की दोहरी चुनौती है। अगर चुनाव से पहले इंडिया का नेता चुन लिया गया, तो उसकी तुलना नरेंद्र मोदी से होगी। अगर नहीं चुना गया तो विपक्ष बिखरा ही दिखाई देगा।

नरेंद्र मोदी ने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में आलोचना की परवाह किए बगैर कई ऐस देशहित के बड़े फैसले लिए, जिनसे न सिर्फ विपक्ष बल्कि भारत की जनता भी चौंक गई। नोटबंदी, उड़ी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक, पाकिस्तान समर्थित कश्मीर में एयर स्ट्राइक की विपक्ष ने आलोचना की, कश्मीर में राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। इन निर्णयों से कश्मीर के नेता बौखला गये, भारी विरोध किया, मगर नरेंद्र मोदी ने इस पर कभी अफसोस नहीं जताया। कोरोना की दूसरी लहर में लॉकडाउन के फैसला भी विरोधियों के निशाने पर रहा। सीएए को लेकर भी काफी हो-हल्ला हो चुका है। 2024 के चुनाव में जाने से पहले नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला फैसला ले सकते हैं। 18 सितंबर 2023 से संसद का विशेष सत्र में नारी वन्दन विधेयक पारित किया। वैसे चुनाव से पहले राम मंदिर का उद्घाटन होना तय है।मोदी की साफ-सुथरी छवि एवं भ्रष्टाचारमुक्त राजनीति का ही परिणाम है कि विपक्ष की अनेक कोशिशों के बावजूद वे उनके खिलाफ कोई एक भी मुद्दा नहीं खोज पाये।

## आज का राशिफल

**मेष** - लेन-देन में स्पष्टता बनाए रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** - आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** - अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** - श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह** - धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**कन्या** - समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना। शुभांक-4-6-8

**तुला** - जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** - परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-2-6-9

**धनु** - नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-6-8-9

**मकर** - धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से चिंता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** - सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-3-6-9

**मीन** - आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। शुभांक-2-4-7

# गांधी का जीवन दर्शन और हमारा समाज' विषय पर गोष्ठी संपन्न

**विजय केसरी**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर वैचारिक संस्था सागर भक्ति संगम के तत्वाधान में स्थानीय स्वर्ण जयंती पार्क में 'गांधी का जीवन दर्शन और हमारा समाज' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। विश्व शांति की मंगल कामना हेतु सामूहिक प्रार्थना से विचार गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सदस्यों ने गांधी जी की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । सदस्यों ने गांधी के विचारों को जन-जन तक फैलने का भी संकल्प लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता संगम के संयोजक विजय केसरी ने कहा कि सदा संघर्ष की सीख देता है, गांधी का जीवन दर्शन। आज की बदली परिस्थिति में गांधी के जीवन दर्शन के आत्मसात से वैश्विक समाज शांतिप्रिय बनाया जा सकता है। गांधी का जीवन दर्शन बहुत ही सहज और सरल है। गांधी ने संपूर्ण मानव जाति को सत्य और अहिंसा का मूल मंत्र दिया था । आज इस मंत्र के आत्म साथ से मानव जाति को एक बड़े विनाश से बचाया जा सकता है। रूस - यूक्रेन युद्ध सिर्फ दो देशों के अहंकार के करण उत्पन्न हुआ है। इस युद्ध के परिणाम जो भी हों । नाश तो मानव जाति का ही होगा। इसलिए सत्य और अहिंसा के मूल मंत्र के महत्व को लोग जाने । इस मंत्र को जीवन में उतारें। यही मार्ग सबसे उत्तम मार्ग होगा। शिक्षाविद के. सी. मेहरोत्रा ने कहा कि गांधी का जीवन दर्शन सत्य और अहिंसा के आधार स्तंभ पर कायम है। उन्होंने सत्य और अहिंसा के आत्मिक ताकत के बल पर सत्याग्रह कर ब्रिटिश हुकूमत को हिला कर रख दिया था। आज समाज जिस मुकाम पर खड़ा दिखाई दे रहा है, गांधी का जीवन दर्शन पर चलना ही श्रेयस्कर होगा। शिक्षाविद सह समाजसेवी वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों बेमिसाल था। वे साधारण काम कर असाधारण बन गए थे। उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था। आज समाज के कथनी और करनी में बड़ा अंतर हो गया है। फलस्वरुप आज समाज का यह हाल है।

अगर समाज को इस स्थिति से उबारना है, तो गांधी के दर्शन को अपने जीवन में उतरना होगा।

लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग विशाल के पूर्व चार्टर मेंबर सह समाजसेवी सतीश होर्रा ने कहा कि गांधी का जीवन दर्शन जीवन को सही ढंग से जीने की राह दिखाता है। उनका जीवन दर्शन कोई नए परिभाषा को अवतरित नहीं करता है बल्कि भारतीय संस्कृति के रीति रिवाज, रहन-सहन में समाहित दर्शन को ही आत्मसात करने की प्रेरणा प्रदान करता है इन वक्ताओं के अलावा जयप्रकाश गुप्ता, अखिलेश सिंह, अजीत कुमार, प्रदीप स्नेही, प्रकाश विश्वकर्मा,संजय खत्री, सुरेंद्र गुप्ता 'पप्पू' योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर सुरेश प्रसाद, गोपाल ठाकुर आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। सभा का संचालन अखिलेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अजीत कुमार ने किया।

## देशभर में उठने लगी जातीय गणना की मांग

**बाल मुकुन्द ओझा**

आजादी के बाद समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया का यह नारा खूब गूंजा था जिसमें कहा गया पिछड़ा पावे सौ में साठ। आज इसी नारे को उन्हीं के समाजवादी पंथ के नीतश ने साकार किया है। जाति के आधार पर आबादी की गिनती को जातीय जनगणना कहते हैं। जातीय जनगणना से हर बात का पता चलता है, साथ ही जातियों की उपजाति का भी पता चलता है। इसके अलावा उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता चल पाता है। बिहार सरकार ने गाँधी जयंती के दिन जातीय जनगणना के आंकड़े जारी कर सियासी भूचाल ला दिया। मुख्यमंत्री नीतीश के मास्टर स्ट्रोक का कितना असर होगा ये तो आने वाले वक्त में पता चल जाएगा। बहरहाल प्रदेश में एक बार फिर मंडल और कमंडल की राजनीति को बढ़ावा मिलेगा। बिहार के बाद अब देशभर में जातीय गणना की मांग जोर शोर से उठने लगी है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, जातिगत जनगणना से आरक्षण का मुद्दा फिर तूल पकड़ सकता है। बताया जाता है इससे नितीश की पार्टी को अपेक्षित लाभ मिलेगा। हालाँकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे विकास विरोधी करार दिया है। मोदी ने जात-पात के नाम पर लोगों को बांटने का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर हमला किया। मोदी ने कहा- विकास विरोधी तब भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। बिहार देश का पहला जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला राज्य बन गया है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने से बिहार के सीएम नीतीश कुमार को सबसे बड़ा फायदा हो सकता है. दरअसल, उनकी पार्टी जेडीयू बिहार में जाति की राजनीति करने के लिए ही पहचानी जाती है. वहीं, जातिगत जनगणना के ये आंकड़े मंडल और कमंडल की राजनीति के नए दौर को हवा देने के लिए काफी हैं। बिहार सरकार ये भी कहती रही है कि गैर-एससी और गैर-एसटी से जुड़े आंकड़ों के पहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का सही अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है।

### अंकजाल - 7328



खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 7327 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल- 6572

✱✱✱✱✡ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6571 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## सफलता के लिए विचार और सपने ही काफी नहीं

**विजय गर्ग**

विश्व के महानतम दार्शनिक चार्ल्स डिकेंस से उनके एक मित्र ने पूछा कि मैं तुम्हें अपना सबसे अच्छा मित्र मानता हूँ और प्रश्न पूछा कि एक बड़ा व्यवसायी बनने की कोशिश करने के बाद भी मुझे सफलता क्यों नहीं मिल रही है? मेरे प्रयासों में क्या कमी है? मेरे सवाल का जवाब देने के बजाय आप या तो चुप रह जाते हैं या विषय बदल देते हैं। डिकेंस ने अपने दोस्त को आगे जवाब दिया, दोस्त, मैं तुम्हें जवाब इसलिए नहीं देता क्योंकि ज्यादातर लोग सच सुनना पसंद नहीं करते।कर रहा है मैं सच बोलकर आपको नाराज नहीं करना चाहता था, लेकिन अब अगर आप अपनी असफलता का कारण पूछना चाहते हैं तो असली कारण यह है कि आपके प्रयासों की ऊंचाई आपके विचारों और सपनों से छोटी है। डिकेंस के मित्र ने उनसे पुनः प्रश्न किया, मित्र, मैं अपनी सफलता के लिए सच सुनने को तैयार हूँ, मुझे विस्तार से बताओ। डिकेंस ने कहा, दोस्त, तुम बड़े बिजनेसमैन बनने की सोचते हो, सपने भी देखते हो, लेकिन बड़ा बिजनेसमैन बनने के लिए तुम्हें अपना आराम खोना पड़ता है। इसके लिए आपको अपने अंदर एक जुनून विकसित करना होगा। जमीनी हकीकतों से लड़ रहे हैंके लिए है आपको अपनी आत्मा का मंथन करना चाहिए और देखना चाहिए कि आपके अंदर यह सब कुछ है? जिस दिन आप अपने अंदर यह गुण पा लेंगे, उस दिन आपको किसी से यह सवाल नहीं पूछना पड़ेगा। इस दुनिया में आज तक कोई भी ऐसा व्यक्ति पैदा नहीं हुआ जिसने बड़ा बनने, महान बनने, दूसरों से अलग होने और ऊंची मंजिल हासिल करने के बारे में न सोचा हो और न ही सपने देखे हों। यदि इस दुनिया में सोचने और सपने देखने से सफलता मिलती तो हर कोई अपना लक्ष्य और मंजिल पा चुका होता और उसमें मेहनत, संघर्ष और पुरुषार्थ की भावना नहीं होती।कोई महत्व नहीं रहेगा. निकम्मे, निकम्मे, आलसी लोगों और मेहनती, मेहनती और संघर्षशील लोगों में कोई अंतर नहीं होता। लोग काम करना और संघर्ष करना बंद कर देंगे। जो लोग सिर्फ सोच और सपनों के सहारे सफलता हासिल कर लेते हैं, जब वे अपने मकसद में सफल नहीं हो पाते तो खुद में खामियां ढूंढने की बजाय अपनी किस्मत को दोष देने लगते हैं।

# विकास की मनभावन फाग, विपक्ष का विषैला राग

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चिंतन में स्वच्छता, ग्राम स्वराज, कृषि, पशुपालन, वंचितों का उत्थान आदि अनेक पहलू शामिल थे। वह देश को स्वतंत्र कराने के साथ ही साथ समरस और समृद्ध समाज का निर्माण भी चाहते थे, जिसमें किसी को भी जीवन की मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेलना ना पड़े। जब वह स्वच्छता की बात करते थे, तब उसमें निरोग विषय भी शामिल हुआ करता था। नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर नल से जल योजना शुरू की। यह अभियान सफल हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी रिपोर्ट में इस अभियान को बहुत लाभदायक बताया है। उसने कहा कि इससे लाखों लोगों की जान बचाना सम्भव हुआ है। पूर्वी उत्तर प्रदेश चालीस वर्षों तक मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित था। योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ जल अपूर्ति सुनिश्चित की। स्वच्छता अभियान चलाया। इससे महामारी को समाप्त किया गया।

बावजूद इसके विपक्ष का ताजा एलायंस कुआं पर राजनीति कर रहा है। कुछ दिन पहले इसके एक नेता ने राज्यसभा में काव्य पाठ किया। वह राजद के प्रवक्ता है। पढ़े-लिखे लोगों में शुमार हैं। उन्होंने किसी अन्य की कविता सुनाई- चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ पानी ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली-मोहल्ले ठाकुर के फिर अपना क्या?। इसके माध्यम से वह बिहार में अपनी पार्टी का जातीय समीकरण दुरुस्त करना चाहते थे।इस काव्य पाठ से लालू यादव भाव विभोर हो गए। कहा मनोज झा विद्वान आदमी हैं। उन्होंने सही बात कही है। आनंद मोहन ने कहा यदि मैं राज्यसभा में होता तो मनोज झा की जीभ खींचकर सभापति के आसन की तरफ उछाल देता। बिडम्बना देखिए मनोज झा उस पार्टी के हैं जिसके संस्थापक ने भूराबाल साफ करो को पार्टी का उद्देश्य बताया था। उसकी राजनीति एमवाई समीकरण पर आधारित थी। आज बिहार में जो ब्राह्मण- ठाकुर हो रहा है, वह तो राजद के समीकरण में शामिल ही नहीं है। ये वही नेता हैं जो बिहार के मंत्री द्वारा श्री रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी पर मौन थे। एलायंस के अन्य दलों द्वारा हिन्दू धर्म को धोखा बताने, सनातन के उन्मूलन पर भी ये नेता विचलित नहीं हुए थे। यही इनकी राजनीति है। ये कूपमंडूक ही बने रहना चाहते हैं। सरकार स्वच्छ जल पहुंचा रही है। ये नेता ठाकुर का कुआं कविता में अटके हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें विकास की दिशा में बहुत आगे निकल गई हैं। यह गठबंधन कुआं, जाति और मजहब से ऊपर ही नहीं उठ रहा।नमामि गंगे से प्रारंभ हुई यह यात्रा सिंचाई और पेयजल जैसी योजनाओं तक विस्तारित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत की थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के प्रारम्भ के समय देश में जहां करीब सवा तीन करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल की आपूर्ति होती थी। अब करीब 12 करोड़ घरों में नल से जल की आपूर्ति हो रही है। इस मिशन से गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। इस योजना से पानी की बबार्दी रुकी है। साथ ही उसके दूषित होने की सम्भावना नगण्य हो गई है।

वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाइस क्षेत्र में बड़ी पहल है। जल संरक्षण लक्ष्यों के अनुरूप यह योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप सुनिश्चित करने के लिए सटीक-सिंचाई और जल संरक्षण तकनीक को अपनाने की परिकल्पना को साकार करती है। एक बार महात्मा गांधी काशी में श्रीविश्वनाथ धाम के दर्शन के लिए गए थे। उन्होंने वहां पर्याप्त स्वच्छता ना होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज श्री काशी विश्वनाथ धाम की काया पलट दी है।अब यहां स्वच्छता है। रिकार्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं।

## जाति पर बात से पहले नीतीश कैबिनेट की अहम बैठक

# नए पदों को मिली स्वीकृति

आवाज प्रतिनिधि

**पटना।** जाति जनगणना रिपोर्ट जारी होने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक होने वाली है। इससे पहले सचिवालय के मुख्य सभागार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् की अहम बैठक में कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगायी गई। इनमें नए पदों की स्वीकृति समेत कई अहम निर्णय हैं। देखिए, कहां नौकरियों के लिए कैसे रास्ते खुले। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी पटना में प्रशाखा पदाधिकारियों के पहले से स्वीकृत तीन पदों को प्रत्यर्पित करते हुए पदाधिकारियों-कर्मियों के 16 अतिरिक्ति पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। सरकार ने राज्य के विभिन्न जिला उपभोक्ता फोरमों के लिए अनुबंध के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिकों के 30 पदों की स्वीकृति दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए रिट याचिका पर इस संबंध में आदेश दिया था, जिसपर नीतीश मंत्रिमंडल ने यह स्वीकृति दी। नीतीश कैबिनेट ने परिवहन विभाग के तहत बिहार मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली 2023 के मद्देनजर प्रमंडल स्तरीय ऐसे न्यायाधिकरण के लिए अध्यक्ष, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्नवर्गीय लिपिक एवं आशुलिपिक के सात-सात पदों की भी स्वीकृति दी है।



**1135 में से 657 पशु चिकित्सालय अपने भवन में, 100 और होंगे:** मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि राज्य में 1135 पशु चिकित्सालय हैं, जिनमें से 657 के पास अपना भवन है। शेष 478 को अपना भवन देने की प्रक्रिया चल रही है। इनमें से 100 प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय-सह-आवास के भवन निर्माण के लिए एक अरब सात करोड़ 69 लाख रुपये के व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी पटना के भवनों के निर्माण एवं उपस्करों के लिए 66 करोड़ 93 लाख 11 हजार रुपये की स्वीकृति दी।

**सरकार ने इन्हें दी वित्तीय शक्तियां:** राज्य मंत्रिमंडल ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों और राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्राचार्यों को भवन की मरम्मत एवं मेंटेनेंस मद में 10 लाख रुपये तक खर्च के लिए वित्तीय शक्तियां प्रदान की।

**इन नियमावली पर कैबिनेट की मुहर:** राज्य मंत्रिमंडल ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, प्रयोगशाला सहायक (तकनीकी) संवर्ग नियमावली 2023 को स्वीकृति दी। इसके अलावा, सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत बिहार उच्च न्याय सेवा (संशोधन) नियमावली 2023 और बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) भर्ती संशोधन नियमावली को भी स्वीकृति दी।

**इस शहर को राहत देने का फैसला:** कैबिनेट ने पथ निर्माण विभाग के तहत समस्तीपुर जिला अंतर्गत दलसिंहसराय यार्ड के लेवल क्रॉसिंग 32ए के बदले पहुंच पथ सहित रेलवे ओवरब्रिज के लिए 97 करोड़ 20 लाख 83 हजार राज्यांश सहित कुल 135 करोड़ एक लाख 81 हजार रुपये के अनुमानित लागत को प्रशासनिक स्वीकृति दी।

# कहां गए बिहार के 39 हजार ट्रांसजेंडर्स!

## 12 साल बाद रह गए सिर्फ 825, जातीय गणना पर उठे सवाल

आवाज प्रतिनिधि

**पटना।** सोमवार को बिहार में जातीय गणना (जाति-आधारित सर्वे) का रिपोर्ट जारी किया गया. इसके बाद बिहार देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने जाति आधारित गणना रिपोर्ट जारी किया है। रिपोर्ट जारी करने के बाद बिहार सरकार इसे ऐतिहासिक बता रही है, वहीं इस रिपोर्ट के खिलाफ ट्रांसजेंडर समुदाय में नाराजगी है। रिपोर्ट को ट्रांसजेंडर समुदाय ने फर्जी बताया है। ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता रेशमा प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना के दौरान उनसे किसी ने कोई ब्योरा नहीं लिया। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर में से एक रेशमा प्रसाद ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट में बताया गया है कि बिहार में 825 किन्नर हैं। यह आंकड़ा पूरी तरह गलत है। अकेले पटना में ढाई से तीन हजार किन्नर हैं। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और टोल प्लाजा के पास इससे ज्यादा किन्नर दिख जाएंगे। पूरे बिहार में किन्नरों का आंकड़ा 825 दिखाना पूरी तरह गलत है। ऐसे आंकड़े किन्नर समाज स्वीकार नहीं करेगा. किन्नर समाज के साथ यह भेदभाव और अन्याय है। रेशमा प्रसाद ने कहा कि बिहार सरकार इसकी समीक्षा करे और फिर से सही रिपोर्ट जारी करे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि 2011 में हुए जनगणना में बिहार में 40,897 ट्रांसजेंडर हैं। पांच हजार से ज्यादा के मतदाता पहचान पत्र बने हैं तो क्या 2011 का जनगणना रिपोर्ट और वोटर आईडी गलत है। रेशमा प्रसाद ने कहा कि हजारों किन्नरों के पास गणना करने वाले नहीं पहुंचे. इसलिए हमारी मांग है कि सरकार अलग से हमारी गणना कराए. ताकी हमारा भी सही आंकड़ा सामने आए और सरकार की योजनाओं का हमें लाभ मिल सके। 359 भारतवर्ष हिन्दी डिजिटल से बातचीत में ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता रेशमा प्रसाद ने कहा कि 825 की संख्या जारी करना गलत है। मीडिया के माध्यम से जब सवाल उठाया गया तो अब कहा जा रहा है कि आबादी 82 हजार के करीब है।

# बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की परीक्षा रद्द

आवाज प्रतिनिधि

**पटना।** बिहार में एक अक्टूबर (रविवार) को हुई सिपाही भर्ती की परीक्षा रद्द हो गई है। केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से मंगलवार (3 अक्टूबर) को इस संबंध में पत्र जारी कर सूचना दी गई है। बताया गया है कि दोनों पालियों की परीक्षा कैंसिल की गई है। वहीं सात और 15 अक्टूबर को जो परीक्षा होने वाली थी उसे भी अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया ह। एग्जाम रद्द होने के पीछे साफ वजह है कि पेपर लीक की खबर सामने आने के बाद इस तरह का निर्णय लिया गया है। बोर्ड ने भी नोटिस में इन्हीं चीजों का जिक्र किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि एक अक्टूबर को दोनों पालियों में लिखित परीक्षा में काफी संख्या में नकल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और चीट-पुर्जों के साथ राज्य के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इसके अलावा यह भी जानकारी मिली कि प्रश्नों के तथाकथित उत्तर सादे पन्ने पर सीरियल नंबर के साथ लिखकर मोबाइल एवं अन्य तरीकों से अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कर लिए गए हैं। जारी नोटिस में यह कहा गया है कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों में काफी संख्या में अभ्यर्थी उत्तरों की नकल करते हुए और चीट-पुर्जा के साथ पकड़े गए थे। इन सबके खिलाफ मामला दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में तड़तड़ाई बंदूकें बाइक से आए नकाबपोश; 3 को लगी गोली

आवाज पगतिनिधि

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सोमवार रात दो छात्र गुटों के बीच जमकर फायरिंग हुई। ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से विश्वविद्यालय कैंपस में दहशत फैल गई। छात्र गुटों के बीच हुई गोलीबारी में यूनानी चिकित्सा की तैयारी कर रहे छात्र सहित तीन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कैंपस में फायरिंग की सूचना पर एएमयू के प्रॉक्टर प्रो. वसीम अहमद, प्रॉक्टोरियल टीम और सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस फायरिंग की घटना की जांच कर रही है। फायरिंग की घटना अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीएम हाल की है. बताया जाता है कि देर रात करीब 11 बजे वीएम हॉल के बाहर कुछ छात्र बैठे हुए थे। इसी बीच नकाबपोश बाइक सवार छात्र वहां आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुन बाहर बैठे छात्रों के बीच भगदड़ मच गई. वह जान बचाने के लिए कमरे में छिपने लगे. फायरिंग करने वाले नकाबपोश यूनिवर्सिटी के एसएस नार्थ हॉल पहुंचे। यहां भी उन्होंने फायरिंग कर दहशत फैला दी।

**गोली लगने से तीन छात्र हुए घायल:** इस बीच किसी काम से जा रहे यूनानी चिकित्सा की तैयारी कर रहे छात्र सादिक अली गोली लगने से घायल हो गए। इनके अलावा अलीगढ़ के थाना क्वार्सी इलाके के धौर्रा माफी निवासी फिरोज आलम और पुरानी चुंगी निवासी अब्दुल्ला को भी गोली लगी है। सभी का इलाज चल रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए फायरिंग करने वाले छात्रों की पहचान कर रही है।

**छात्रों के बीच है वर्चश्व की लड़ाई:** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच वर्चश्व की लड़ाई कोई नई बात नही है. यहां आए दिन छात्र गुट बनाकर कैंपस में दहशत फैलाते रहते हैं। छात्रों के वर्चश्व ने यूनिवर्सिटी में अराजकता का माहौल बना रखा है। फायरिंग के मामले यहां आम हो गए हैं. कई बार पुलिस ने कार्यवाई भी की लेकिन छात्रों के बीच इसका कोई असर नही दिखता है. सोमवार रात दो छात्र गुटों के बीच हुई फायरिंग की घटना भी आपसी वर्चश्व कायम करना बताया जा रहा है। छात्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एक गुट के अराजक छात्रों द्वारा एएमयू के वीएम हॉल में पहले फायरिंग की गई। उसके बाद समझौते के लिए फायरिंग करने वाले गुट ने फोन कर दूसरे गुट के छात्रों को सर सैयद नार्थ हॉल बुलाया। जब वह नार्थ हॉल पहुंचे तो उनके बीच विवाद बढ़ गया और कई राउंड फायरिंग हो गई।

## पुल की मरम्मत के नाम पर इंजीनियरों का फर्जीवाड़ा

**गोंडा।** गोंडा में एक पुल की मरम्मत के नाम पर बड़ा खेल सामने आया है। पहले इसका एस्टीमेट गलत ढंग से 42.60 करोड़ रुपये का तैयार किया गया। इसकी जांच चल ही रही थी कि स्थानीय इंजीनियरों ने जिला प्रशासन के मार्फत इसी पुल का 142 करोड़ रुपये का एस्टीमेट राहत आयुक्त को भिजवा दिया। प्रमुख अभियंता, परिकल्प एवं नियोजन अशोक कुमार अग्रवाल का कहना है कि इस मामले में गोंडा के मुख्य अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। गोंडा में नवाबगंज-ढेमवाघाट मार्ग पर स्थित सरयू (घाघरा) पुल के क्षतिग्रस्त पहुंच मार्ग पर स्लोप पिचिंग (सुरक्षात्मक कार्य) संबंधी विशेष प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया गया। इस पुल की लंबाई 1132.80 मीटर है और कुल 42.60 करोड़ रुपये का एस्टीमेट भेजा गया।

# पूरे खानदान को खत्म करने पर उतारू थे हमलावर

## दो बेटी और एक बेटे को दी दिल दहलाने वाली मौत

आवाज प्रतिनिधि

**देवरिया।** देवरिया में जमीन विवाद में पहले पूर्व जिला पंचायत सदस्य की हत्या की गई, फिर प्रतिशोध में दंपती और तीन बच्चों को मौत के घाट उतार दिया गया। एक बेटा गंभीर रूप से घायल है। फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोला में सोमवार की सुबह दिल दहलाने वाली वारदात हुई। देवरिया के कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में सोमवार को सुबह छह बजे जमीन के विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। हत्या से आक्रोशित पूर्व जिला पंचायत सदस्य पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की गोली मारकर और धारदार से वार कर हत्या कर दी। सबसे छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल है। मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों त्वरित सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसके बाद दोपहर होते-होते प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल



डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार हेलीकॉप्टर से देवरिया पुलिस लाइंस पहुंच गए। दल-बल के साथ दोनों उच्चाधिकारियों ने लेहड़ा टोला में घटनास्थल का निरीक्षण किया। यहां पीड़ित दोनों परिवारों से घटना की जानकारी लेने के साथ ही घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। देवरिया के फतेहपुर के अभयपुर टोला निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव (45) का उसी गांव के लेड़हा टोला निवासी सत्यप्रकाश दूबे से लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था। सत्यप्रकाश के भाई ज्ञानप्रकाश ने अपने हिस्से की दस बीघा जमीन प्रेमचंद यादव को बैनामा कर दी है। विवाद की जड़ यह जमीन ही है जिसपर एक मुकदमा दीवानी न्यायालय में चल रहा है। सोमवार की सुबह प्रेमचंद यादव बाइक से अपने खेतों का मुआयना करने गए थे। इसके बाद वह लेड़हा टोले पर सत्यप्रकाश दूबे के घर मुकदमे में सुलह-समझौते की बात करने चले गए। बातचीत के दौरान विवाद हो गया। आरोप है कि सत्यप्रकाश और उनके घर के लोगों ने प्रेमचंद यादव पर धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलने पर प्रेमचंद के घर और टोले के लोगों ने लाठी-डंडे और असलहे लेकर सत्यप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने सत्यप्रकाश (50), उनकी पत्नी किरन (48), बेटी सलोनी (18), नंदनी (8) और पुत्र गांधी (15) को लाठी-डंडे से पीटकर कर और गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी। वहीं, दस साल का पुत्र अनमोल बुरी तरह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जघन्य हत्याकांड के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल हो गया। पुलिस ने सत्यप्रकाश दूबे के घर में से एक-एक कर पांच शवों को बाहर निकाला और पूर्व जिला पंचायत सदस्य के शव को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में तनाव को देखते हुए थानों की फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई है। मंडलायुक्त अनिल डिंगरा, आईजी गोरखपुर परिक्षेत्र जे रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा सहित पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी घटनास्थल पर कैंप किए हुए हैं। घटना के बाद पूरे गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है।

## बिहार के बाद अब यूपी में जातिगत जनगणना की गूंज

बिहार के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी जातीय जनगणना की मांग उठने लगी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि जब लोगों को पता चलता है कि वे कितने हैं, तो उनमें एक आत्मविश्वास जागता है और सामाजिक अन्याय के खिलाफ एक सामाजिक चेतना भी जागती है। इससे उनकी एकता बढ़ती है और बाधाओं को दूर करते हैं।
बिहार में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने के बाद से सियासी माहौल गरम है।


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो।
(जिला भू–अर्जन कार्यालय)
E-Mail :- landacquisition.bokaro@gmail.com

ज्ञापांक–..1246../भू0अ0 दिनांक–29/09/2023

-:: आम सूचना ::-

भारतमाला परियोजना फेज–1 (NH-320) के लिए बोकारो जिलान्तर्गत जरीडीह, कसमार एवं पेटरवार अंचल के विभिन्न मौजा के लिए अधिग्रहित भूमि के निम्नलिखित रैयतों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु नोटिश निर्गत किया गया है, परन्तु अभी तक हितबद्ध रैयतों के द्वारा मुआवजा प्राप्ति हेतु अपने दावे से संबंधित राजस्व कागजात, बैंक खाता न0, बंध–पत्र, आधार न0, पैन कार्ड न0 इत्यादि समर्पित नहीं किया गया है, जो निम्न् प्रकार है :–

मौजा – कमलापुर, अंचल – कसमार, थाना सं0 – 76

| एवार्ड सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा (ए0 में) | हितबद्ध रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 211 | 0.2633 | लखी नायक, परमेश्वर नायक पिता सुखलाल महतो वो भगवती मांझी वगैरह पिता स्व0 राम कुमार मांझी वो बलदेव मांझी वगैरह पिता स्व0 शिवनाथ मांझी |
| 2 | 16 | 221 | 0.0124 | तुलुआ देवी पति नारायण नायक, बंशी नायक, वकील नायक पिता रोबि नायक, किशोर कुमार नायक पिता अर्जून नायक, लखी नायक, परमेश्पर नायक, पिता सुखलाल महतो, शंकर नायक पिता हेमलाल महतो, पटन नायक पिता स्व0 भदरू नायक वो भोला नायक पिता नारायण नायक |
| 8 | 7 | 224 | 0.0261 | ननका मांझी वगै0 पिता सरत मांझी |
| 24 | 4 | 228 | 0.0367 | रामवृक्ष महतो वगै0 पिता खेतु महतो, मदन नायक वगै0 पिता स्व0 गुही नायक व गंगा नायक वगै0 पिता स्व0 गणेश नायक, शांति नायक वगै0 पिता स्व0 दुर्गा प्रसाद नायक |
| 25 | 2 | 233/1 | 0.0026 | महेश्वर नायक पिता स्व0 चामु नायक |
| 26 | 2 | 233/2 | 0.0026 | भीम चन्द्र नायक पिता स्व0 छुटु महतो |
| 33 | 17 | 237/1 | 0.0250 | महेश्वर नायक पिता स्व0 चामु नायक |
| 34 | 17 | 237/2 | 0.0250 | भीम चन्द्र नायक पिता स्व0 छुटु महतो |
| 35 | 17 | 238 | 0.1662 | महेश्वर नायक पिता चामू नायक, भीम चन्द नायक पिता छूटू महतो वो माधव नायक वो बालेश्वर नायक पिता रामवृक्ष नायक |
| 44 | 17 | 242 | 0.1100 | माघव नायक, बालेश्वर नायक पिता रामवृक्ष महतो |
| 109 | 14 | 327 | 0.1338 | सुधीर मांझी, नुनाराम मांझी, मुक्तेश्वर मांझी पिता मेहीलाल मांझी, पानो मांझी पिता महाबीर मांझी, मनसू मांझी पिता रामप्रसाद मांझी, कलेश्वर माझी पिता अर्जुन माझी, आनन्द मांझी, बिनोद मांझी, सूरज मांझी पिता सोमल मांझी, गोपाल मांझी पिता झारू मांझी, शिवम मांझी, रघुनाथ मांझी पिता लखन मांझी, रामदास मांझी, सुखलाल मांझी पिता कुंवर मांझी, दुखन मांझी पिता ईश्वर मांझी, लालचन्द मांझी, लखीराम मांझी पिता गणेश मांझी, मदन मांझी पिता लालमोहन मांझी, महेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी पिता दुखन मांझी, सुनील मांझी पिता सानु मांझी पाण्डे मांझी पिता छुटू मांझी, जयनाथ मांझी पिता बानेश्वर मांझी, रामदेव मांझी पिता श्रावन मांझी, किशुन मांझी पिता अघना मांझी, सुरेश मांझी, रामप्रकाश मांझी पिता जितवरण मांझी, बिहारी मांझी, सुसील मांझी पिता किष्टो मांझी, काली मांझी, गोवर्धन मांझी, बाबूलाल माझी पिता नाकु मांझी, तुलसी मांझी पिता निवारण मांझी, दुर्गा मांझी, सुखदेव मांझी, बलदेव मांझी पिता मोहन मांझी, श्यामसुन्दर मांझी, उमेश मांझी, बिष्णुदेव मांझी पिता रामेश्वर मांझी, सुरेश मांझी पिता सहदेव मांझी, नागेश्वर मांझी, लखन मांझी पिता शिबन मांझी,निर्मल नायक पिता जुगल नायक, काली नायक पिता बिहारी नायक, रामदास नायक, फनीन्द्र नायक पिता भूखल नायक, सुमती देवी पति जगेश्वर नायक |
| 111 | - | 394 | 0.4643 | शक्तिचन्द्र ठाकुर वगै0 पिता वमेत ठाकुर |
| 123 | 14 | 402 | 0.0052 | सुधीर मांझी, नुनाराम मांझी, मुक्तेश्वर मांझी पिता मेहीलाल मांझी, पानो मांझी पिता महाबीर मांझी, मनसू मांझी पिता रामप्रसाद मांझी, कलेश्वर माझी पिता अर्जुन माझी, आनन्द मांझी, बिनोद मांझी, सूरज मांझी पिता सोमल मांझी, गोपाल मांझी पिता झारू मांझी, शिवम मांझी, रघुनाथ मांझी पिता लखन मांझी, रामदास मांझी, सुखलाल मांझी पिता कुंवर मांझी, दुखन मांझी पिता ईश्वर मांझी, लालचन्द मांझी, लखीराम मांझी पिता गणेश मांझी, मदन मांझी पिता लालमोहन मांझी, महेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी पिता दुखन मांझी, सुनील मांझी पिता सानु मांझी पाण्डे मांझी पिता छुटू मांझी, जयनाथ मांझी पिता बानेश्वर मांझी, रामदेव मांझी पिता श्रावन मांझी, किशुन मांझी पिता अघना मांझी, सुरेश मांझी, रामप्रकाश मांझी पिता जितवरण मांझी, बिहारी मांझी, सुसील मांझी पिता किष्टो मांझी, काली मांझी, गोवर्धन मांझी, बाबूलाल माझी पिता नाकु मांझी, तुलसी मांझी पिता निवारण मांझी, दुर्गा मांझी, सुखदेव मांझी, बलदेव मांझी पिता मोहन मांझी, श्यामसुन्दर मांझी, उमेश मांझी, बिष्णुदेव मांझी पिता रामेश्वर मांझी, सुरेश मांझी पिता सहदेव मांझी, नागेश्वर मांझी, लखन मांझी पिता शिबन मांझी |
| 124 | 14 | 403 | 0.0052 | सुधीर मांझी, नुनाराम मांझी, मुक्तेश्वर मांझी पिता मेहीलाल मांझी, पानो मांझी पिता महाबीर मांझी, मनसू मांझी पिता रामप्रसाद मांझी, कलेश्वर माझी पिता अर्जुन माझी, आनन्द मांझी, बिनोद मांझी, सूरज मांझी पिता सोमल मांझी, गोपाल मांझी पिता झारू मांझी, शिवम मांझी, रघुनाथ मांझी पिता लखन मांझी, रामदास मांझी, सुखलाल मांझी पिता कुंवर मांझी, दुखन मांझी पिता ईश्वर मांझी, लालचन्द मांझी, लखीराम मांझी पिता गणेश मांझी, मदन मांझी पिता लालमोहन मांझी, महेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी पिता दुखन मांझी, सुनील मांझी पिता सानु मांझी पाण्डे मांझी पिता छुटू मांझी, जयनाथ मांझी पिता बानेश्वर मांझी, रामदेव मांझी पिता श्रावन मांझी, किशुन मांझी पिता अघना मांझी, सुरेश मांझी, रामप्रकाश मांझी पिता जितवरण मांझी, बिहारी मांझी, सुसील मांझी पिता किष्टो मांझी, काली मांझी, गोवर्धन मांझी, बाबूलाल माझी पिता नाकु मांझी, तुलसी मांझी पिता निवारण मांझी, दुर्गा मांझी, सुखदेव मांझी, बलदेव मांझी पिता मोहन मांझी, श्यामसुन्दर मांझी, उमेश मांझी, बिष्णुदेव मांझी पिता रामेश्वर मांझी, सुरेश मांझी पिता सहदेव मांझी, नागेश्वर मांझी, लखन मांझी पिता शिबन मांझी |
| 127 | 14 | 406 | 0.1146 | सुधीर मांझी, नुनाराम मांझी, मुक्तेश्वर मांझी पिता मेहीलाल मांझी, पानो मांझी पिता महाबीर मांझी, मनसू मांझी पिता रामप्रसाद मांझी, कलेश्वर माझी पिता अर्जुन माझी, आनन्द मांझी, बिनोद मांझी, सूरज मांझी पिता सोमल मांझी, गोपाल मांझी पिता झारू मांझी, शिवम मांझी, रघुनाथ मांझी पिता लखन मांझी, रामदास मांझी, सुखलाल मांझी पिता कुंवर मांझी, दुखन मांझी पिता ईश्वर मांझी, लालचन्द मांझी, लखीराम मांझी पिता गणेश मांझी, मदन मांझी पिता लालमोहन मांझी, महेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी पिता दुखन मांझी, सुनील मांझी पिता सानु मांझी पाण्डे मांझी पिता छुटू मांझी, जयनाथ मांझी पिता बानेश्वर मांझी, रामदेव मांझी पिता श्रावन मांझी, किशुन मांझी पिता अघना मांझी, सुरेश मांझी, रामप्रकाश मांझी पिता जितवरण मांझी, बिहारी मांझी, सुसील मांझी पिता किष्टो मांझी, काली मांझी, गोवर्धन मांझी, बाबूलाल माझी पिता नाकु मांझी, तुलसी मांझी पिता निवारण मांझी, दुर्गा मांझी, सुखदेव मांझी, बलदेव मांझी पिता मोहन मांझी, श्यामसुन्दर मांझी, उमेश मांझी, बिष्णुदेव मांझी पिता रामेश्वर मांझी, सुरेश मांझी पिता सहदेव मांझी, नागेश्वर मांझी, लखन मांझी पिता शिबन मांझी |
| 128 | 22 | 470 | 0.7510 | दिनेश्वर नायक, बालेश्वर नायक, लालेश्वर नायक पिता खेदन महतो, भूमिका देवी पति खिराधन साव, माधव नायक पिता रामवृक्ष महतो, संतोष कुमार महतो, लखीराम महतो, निमिया देवी, धिरन महतो, अमृत महतो पिता किशुन महतो |
| 129 | 30 | 471 | 0.0052 | राजकिशोर पांडे पिता शंभूनाथ पांडे |
| 130 | 22 | 477 | 0.4184 | चांदमनी देवी, सुनीता देवी पिता देवीलाल मांझी, ललिता कुमारी सरिता कुमारी पिता मदन मांझी, संतोष कुमार महतो पिता किशुन महतो, शांति देवी पति अमृत महतो, निमिया देवी पति तापेश्वर महतो, लखीराम महतो पिता किशुन महतो, मनोज कुमार महतो पिता धिरेन महतो, तारा देवी पति लखीराम महतो |
| 131 | 2 | 478 | 1.2130 | संतोष कुमार महतो, लखीराम महतो, निमिया देवी, धिरन महतो, अमृत महतो पिता किशुन महतो, सुबाल महतो पिता स्व0 बंशीधर महतो |
| 132 | 15 | 483 | 0.3102 | उमा देवी पति कांशीनाथ महतो, सुकर साव, सुभाष नायक पिता मुंशी नायक, रामदास नायक, फलीन्द्र नायक पिता भूखल नायक, निर्मल नायक, काली नायक, बिहारी नायक पिता जुगल नायक, जीतन नायक पिता राधू नायक |
| 133 | 37 | 484 | 0.6700 | गोपाल रजवार, नेपाल रजवार पिता चमटू रजवार, दीपक रजवार पिता खेदु रजवार, बोबी देवी पति गोपाल रजवार, सरूबाला देवी पति कांशीनाथ नायक |
| 134 | 37 | 485 | 0.6107 | बोबी देवी पति गोपाल रजवार, सरूबाला देवी पति कांशीनाथ नायक |
| 136 | 4 | 488 | 0.0052 | अंजू कुमारी पिता रूपलाल महतो, खेदन महतो पिता जोधन महतो, माधव नायक पिता बुधू नायक, घांसी महतो पिता हिगू महतो, बलदेव महतो पिता खैंटू महतो |
| कुल | | | **5.3767** | |

मौजा – पोण्डा, अंचल – कसमार, थाना सं0 – 74

| एवार्ड सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा (ए0 में) | हितबद्ध रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 6 | 24 | 0.183 | शिवप्रसाद मांझी, किशुन मांझी पिता गंगाराम मांझी, देवीश्वर मांझी पिता नुनुलाल मांझी, अशोक मांझी पिता सहदेव मांझी |
| 26 | 6 | 26 | 0.005 | शिवप्रसाद मांझी, किशुन मांझी पिता गंगाराम मांझी, देवीश्वर मांझी पिता नुनुलाल मांझी, अशोक मांझी पिता सहदेव मांझी |
| 29 | 34 | 77 | 0.023 | बलदेव मांझी, ब्रमेश्वर मांझी, चन्द्रशेखर मांझी पिता शिवनाथ मांझी, दुलारी देवी पति नरेश मांझी, भगवती मांझी, नारायाण मांझी, सुगेन्द्र मांझी पिता रामकुमार मांझी, रामकृष्ण मांझी पिता हीरालाल मांझी, परमेश्वर मांझी पिता गुप्तेश्वर मांझी, रामसाय हांसदा पिता केवल मांझी, कबीर हांसदा पिता मोहन मांझी, बिनोद मांझी, रामलाल मांझी पिता राथो मांझी, रोहन मांझी पिता गुलाम मांझी, सहदेव मुर्मू, कालू मुर्मू पिता लुडु मांझी |
| कुल | | | **0.2112** | |

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुआवजा प्राप्ति हेतु दावा/आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के अन्दर जिला भू–अर्जन कार्यालय, बोकारो में समर्पित करना सूनिश्चित करें, अन्यथा मुआवजा राशि संबंधित न्यायालय में जमा करते हुए भूमि अर्जन की कार्रवाई पूर्ण की जायेगी।

ह0/–
सक्षम पदाधिकारी–सह–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बोकारो।

PR 308223 (Land Reforms) 23-24 (D)

## संक्षिप्त खबर

### नदी से युवक का शव बरामद

**सिलीगुड़ी।** नक्सलबाड़ी के चेंगा नदी से एक युवक का शव आज बरामद किया गया है। मृतक का नाम सागर नागेशिया है। बताया जा रहा है कि आज स्थानीय लोगों ने बेलगाछी चाय बागान संलग्न कदमा स्थित चेंगा नदी में एक युवक का शव देखा। इसकी सूचना नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस को दी गई। सूचना पाकर नक्सलबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। इधर, मृतक युवक के परिजनों का आरोप है कि सागर की हत्या कर नदी में फेंकी गई है। नक्सलबाड़ी थाने की पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

### सिलीगुड़ी में चोरी के वाहन के साथ आमिर खान गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी में चोरी के वाहन के साथ आरोपित गिरफ्तार किया गया है। आरोपित का नाम आमिर खान है। उस पर पिकअप वैन को गुवाहाटी से चोरी कर बिहार में तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह वाहन चालक है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात एनजेपी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिलीगुड़ी से सटे फूलबाड़ी के टोल गेट इलाके में अभियान चलाया। इस दौरान असम से आ रही एक एक पिकअप वैन को रोका। जिसके बाद वाहन चालक से पिकअप वैन से संबंधित कागजात दिखाने की मांग किया। जिस पर वैन चालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद एनजेपी थाने की पुलिस ने पिकअप वैन को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, पिकअप वैन चालक आमिर खान को वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एनजेपी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# दक्षिण दिनाजपुर में दुर्गा प्रतिमा तोड़े जाने की घटना से तनाव



**बालुरघाट।** दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट थाना क्षेत्र के कामारपाड़ा इलाके में भगवती दुर्गा की प्रतिमा टूटा हुआ पाए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूत्रों के अनुसार, कामारपाड़ा के 'काचीपता संघ' क्लब की तरफ से शरदोत्सव मनाया जा रहा है। देवी के आह्वान की तैयारी चल रही है। प्रतिमा का निर्माण क्लब परिसर में किया जा रहा है। मंगलवार सुबह आयोजकों को मूर्ति टूटी हुई मिली। खबर फैलते ही भीड़ जमा हो गई। इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। इस संबंध में क्लब की ओर से शीतल सरकार ने कहा, "हमें संदेह है कि किसी पागल ने यह काम किया होगा। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। हम भी जांच कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल हैदराबाद में पूजामंडप में घुसकर दुर्गा प्रतिमा तोड़ने की घटना से इलाके में तनाव फैल गया था। पुलिस ने दो कथित मुस्लिम महिला हमलावरों को गिरफ्तार किया था। बाद में पता चला कि दोनों महिलाएं मानसिक बीमारी से ग्रस्त हैं। इसी तरह 2019 में केतुग्राम के श्रीरामपुर गांव में दुर्गा प्रतिमा का गला काट दिया गया था।आरोपितों ने पूजा समिति से विवाद की वजह से ऐसा किया। खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि इस अपराध के पीछे किसका हाथ है और मकसद क्या है ?

# चिकित्सा में देरी से मरीज की मौत पर बवाल



आवाज प्रतिनिधि

**सिलीगुड़ी।** चिकित्सा में देरी से एक मरीज की मौत का आरोप फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल पर लगा है। मृतक के परिजनों ने बीती रात फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल में जमकर बवाल किया, जिससे अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

बताया जा रहा है कि कल एक मरीज करंट की चपेट में आ गए थे, जिसे इलाज के लिए परिजनों ने फांसीदेवा ग्रामीण अस्पताल ले गए। आरोप है कि वहां मरीज का समय में इलाज नहीं मिला, जिससे मौत हो गई। मृतक का नाम मोसिर अली है। वह फांसीदेवा चटहाट का रहने वाला था। घटना के बाद मृतक मरीज के परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल काटा। मृतक के पिता मोहम्मद अब्दुल ने कहा कि अगर उसके बेटे का समय पर उपचार मिल जाता तो उसकी जान बच सकती थी। इधर घटना की सूचना पर फांसीदेवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बाद में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया।

# शॉपिंग मॉल में भीषण आग, 2 कर्मचारी घायल



**कूचबिहार :** माथाभांगा शहर के एक मॉल में सुबह-सुबह आग लग गई. घटना में दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मालूम हो कि सुबह मॉल के दो कर्मचारी, जिनमें से एक इलेक्ट्रिकल तकनीशियन था, एक अन्य व्यक्ति के साथ मॉल के अंदर बिजली का काम कर रहे थे, तभी शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हो गया. परिणामस्वरूप, दो कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों का माथाभांगा अस्पताल में इलाज चल रहा है। जब अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया, तो उन्होंने आकर देखा कि मॉल धुएं से भरा हुआ था और अंधेरे से घिरा हुआ था। दमकल कर्मियों की तत्परता से जल्द ही आग काबू में कर लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।

# जंतर-मंतर पर धरना दे रहे तृणमूल नेताओं के सामान हो रहे चोरी

## किसी ने जूता तो किसी ने मोबाइल गंवाया

आवाज प्रतिनिधि

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना समेत राज्य के फंड के भुगतान के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में हो रहे इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पार्टी के सारे सांसद और अन्य महत्वपूर्ण नेता उपस्थित है। प्रदर्शन की शुरुआत महात्मा गांधी की जयंती वाले दिन राजघाट पर बापू को श्रद्धांजलि से हुई। दिलचस्प तौर पर यहां नेताओं के सामान भी खूब चोरी हो रहे हैं। किसी के जूते चोरी हो गए हैं तो किसी का मोबाइल। कई नेता तो रास्ता भी भटक जा रहे हैं। तृणमूल की संसद शताब्दी राय और राज्यसभा सांसद शांतनु सेन का मोबाइल खो गया है। दोनों ने दिल्ली पुलिस के पास लिखित में शिकायत भी दर्ज कर दी है। दोनों का फोन कुछ समय तक तो बजा लेकिन फिर स्विच ऑफ हो गया।

पता चला है कि राजघाट पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जब विरोध प्रदर्शन के लिए ये लोग पहुंचे थे तो पुलिस ने पर्याप्त समय दिया। लेकिन आवश्यकता से अधिक समय तक तृणमूल के कार्यकर्ताओं के साथ यहां उन्हें रुकने की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस ने जब खदेड़ना शुरू किया तो हड़बड़ी में दोनों का फोन खो गया। राज्य के विद्युत मंत्री अरूप विश्वास और अग्निशमन मंत्री सुजित बसु के जूते चोरी हो गए हैं।

राजघाट पर गांधी जी की समाधि पर जब पुष्पांजलि के लिए दोनों ने जूते खोल थे और वापस लौटे तो वहां थे ही नहीं। खाली पैर ही गाड़ी में बैठकर लौटना पड़ा। अरूप ने तो आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने पैर में उन्हें मारा जिसकी वजह से उनके जूते खो गए। उन्हें चोट भी लगी है। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने भी अपना आपा खो दिया और मीडिया के कैमरे के सामने ही चिखते-चिल्लाते नजर आए।

# मां फ्लाईओवर पर चीनी मांझा में फंसकर गिरा बाइक सवार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के मां फ्लाईओवर पर मंगलवार सुबह बड़ी दुर्घटना हुई है। यहां बाइक से गुजर रहे एक युवक की गर्दन फ्लाईओवर से उड़ रही पतंग की चीनी मांझा वाली डोर में फंस गई। वह सड़क पर ही गिरकर दूर तक छिटकता चला गया था। गनीमत रही कि आगे पीछे से गाड़ियों का फ्लो कम था, जिसकी वजह से उसकी जान जाते-जाते बची है। युवक ने हेलमेट भी पहनी हुई थी, इसलिए सर पर बहुत अधिक चोट नहीं लगी है लेकिन शरीर के बाकी अंगों में चोट लगी है। पीड़ित की पहचान आरिफ के तौर पर हुई है। वह पिकनिक गार्डन का रहने वाला है। पार्क सर्कस की ओर से एसएसकेएम अस्पताल की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर से नीचे उतरते समय उनके गले में चीनी माझे की डोर फंस गई। गर्दन और पैर में चोट लगी है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी मां फ्लाईओवर पर कई लोगों को इसी तरह से दुर्घटना में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस कई बार अपील करती रही है कि इस क्षेत्र में पतंगबाजी ना हो, लेकिन लोग मानते नहीं हैं।

# बंगाल में जारी है बारिश का सिलसिला, तापमान में बड़ी गिरावट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश का सिलसिला नहीं थम रहा है। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को जारी बयान में बताया गया है की राजधानी कोलकाता में पिछले 24 घंटे के दौरान 15.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। इलकी वजह से न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। यह सामान्य से चार डिग्री कम है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत राज्य के अन्य हिस्से में भी मंगलवार को सुबह से ही लगातार बारिश का सिलसिला शुरू हुआ है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में भी बारिश जारी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश हो रही है जिसकी वजह से हालात बिगड़ गए हैं। राज्य सरकार ने राज्य के सात जिलों में बाढ़ की आशंका जाहिर की है।

# छात्रों ने अनिश्चितकालीन के लिए बंद किया पॉलिटेक्निक कॉलेज

**कूचबिहार।** माथाभांगा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज को अनिश्चितकालीन बंद रखने का आह्वान किया है। बंद को सफल बनाने के लिए आज छात्रों ने माथाभांगा पंचानन मोड़ के पास पॉलिटेक्निक कॉलेज में विरोध प्रदर्शन में किया। छात्रों का आरोप है कि माथाभांगा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में उचित मूल्यांकन के अभाव के कारण अधिकांश छात्र फेल हो गए है। छात्रों का दावा है कि इसके अलावा प्रश्न पत्र का पैटर्न बदल दिया गया है और परीक्षा की अवधि कम कर दी गई है। आरोप यह भी है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में उचित कक्षाएं नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा कॉलेज में कई तरह की समस्याएं हैं। जिस वजह से आज से उचित मूल्यांकन तक कॉलेज को अनिश्चितकालीन बंद रखने का आह्वान किया गया है। वहीं, प्रदर्शन में शामिल फेल हुए छात्रों ने कॉलेज के शिक्षकों को नकुल दाना खिलाने का भी प्रयास किया।

# राजस्थान से भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर पहुंचा था बंगाल, एसटीएफ ने धर दबोचा

आवाज प्रतिनिधि



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भारी मात्रा में मादक फैंसीड्रिल की खेप लेकर राजस्थान से बंगाल पहुंचे एक तस्कर को धर दबोचा है। उसकी पहचान सियाराम गुर्जर (32) के तौर पर हुई है। मूल रूप से राजस्थान के अलवर जिले के टहल थाना क्षेत्र के रहने वाले सियाराम राजस्थान नंबर का एक ट्रक लेकर पश्चिम बंगाल पहुंचा था। इस बीच एसटीएफ को पुख्ता सूचना मिली थी कि उस ट्रक में मादक पदार्थ है। पश्चिम बर्दवान जिले के दुर्गापुर एक्सप्रेस वे पर गांधी मोड़ के पास एसटीएफ ने घेराबंदी की और जैसे ही संदिग्ध ट्रक वहां पहुंचा, उसे घेर का रोक लिया गया। तलाशी लेने पर इसमें भारी मात्रा में डिनर सेट भरा गया था लेकिन यह पुलिस को धोखा देने की एक चाल थी। ट्रक के मध्य में गुप्त केबिन बनाया गया था जिसमें 75 अलग-अलग कैविटी में 15 हजार बोतल फैंसीड्रिल भर कर रखे गए थे। पता चला है कि इसे बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की योजना थी। इसकी अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपये हैं। आरोपित शख्स को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दुर्गापुर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उससे पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि फैंसीड्रिल को कहां से लाया था और बंगाल में उसके साथी कौन-कौन हैं।

# चाय बागान में घुसा गैंडा, दहशत

आवाज प्रतिनिधि



**जलपाईगुड़ी।** आज सुबह चाय बागान में गेंडे के घुस आने इलाके में दहशत का माहौल देखा गया। घटना मेटेली ब्लॉक की है।

बताया जा रहा है कि आज सुबह चालसा चाय बागान में ग्रामीणों ने एक गैंडे को घूमते देखा। थोड़ी देर बाद गैंडा इंडोंग चाय बागान में घुस गया। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। आनन-फानन में इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पाकर खुनिया स्क्वाड के वनकर्मी मौके पर पहुंच गए।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार गैंडा चपरामारी जंगल से निकला है जो सबसे पहले मेटेली चाय बागान में घुसा । इसके बाद इंडोंग चाय बागानों में प्रवेश कर गया। गेंडे पर नजर रखी जा रही है। चालसा चाय बागान के वेलफेयर अधिकारी दीपेंद्र श्रेष्ठ ने कहा कि श्रमिकों ने बागान में एक गेंडे को देखा। जिसके बाद उसे इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद उसने वन विभाग को सूचित किया। मौके पर खुनिया स्क्वाड के वनकर्मी पहुंच गए हैं। वे गैंडे पर नजर रखे हुए है।

# रचनाकार के वार्षिकोत्सव में साहित्यकारों का जमघट

आवाज प्रतिनिधि



**कोलकाता।** अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था रचनाकार का तृतीय वार्षिक द्विदिवसीय अधिवेशन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में देश भर से आये प्रतिष्ठित व नवोदित साहित्यकारों ने भाग लिया। अधिवेशन की पूर्व संध्या पर स्नेह मिलन कार्यक्रम रखा गया जो मां गंगा की मचलती लहरों पर पश्चिम बंगाल सरकार की कांफ्रेंस बोट जलश्री पर आयोजित था ।

भारतीय भाषा परिषद् में रचनाकार के कार्यक्रमों की श्रृंखला में दूसरे दिन के प्रथम सत्र की अध्यक्षता संस्था के प्रतिष्ठाता सुरेश चौधरी ने की और काव्यात्मक संचालन बिहार इकाई की प्रभारी आराधना प्रसाद ने किया।

इस अवसर पर खास अतिथियों के तौर पर विश्वजीत सपन, प्रतिष्ठित साहित्यकार और पुलिस अपर महानिदेशक सतकर्ता आंध्रप्रदेश, प्रसिद्ध गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र और पत्रकार विनीत शर्मा उपस्थित थे।

देश के मुख्तलिफ़ हिस्सों से आए साहित्यकारों का स्वागत करते हुए संस्था के पदाधिकारी वरिष्ठ साहित्यकार रावेल पुष्प ने मंच की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर देश भर से उपस्थित कवयित्रियों व कवियों ने काव्य के विविध रंगों की स्वरचित कविताओं का पाठ कर जहां कार्यक्रम को नई उंचाई दी, वहीं श्रद्धा टिबड़ेवाल की काव्य पुस्तक पद्म पराग का विमोचन भी किया गया।

अधिवेशन का दूसरा सत्र साहित्य व कला क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले रचनाकारों के सम्मानार्थ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वाणी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तदुपरांत कुमुद साहा, हल्दिया ने वाणी वंदना व बालिका स्वरातिका अग्रवाल द्वारा नृत्य कर मोहक गणेश वंदना की। प्रसिद्ध गायक आलोक चौधरी ने सुरेश चौधरी की प्रसिद्ध रचना ध्वज वन्दन गाई और प्रसिद्ध गायिकाओं वाग्मी त्रिवेदी एवं अन्वेश्वा चक्रवर्ती ने सुंदर गीत प्रस्तुत किये।

बाल नृत्यांगना अपेक्षा साहा ने कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कोलकाता की ऑन्को सर्जन डॉ. नेहा चौधरी ने ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित जानकारियां भी प्रदान की।

संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष रचना सरन के संचालन में हुए इस सत्र में संस्थापक सुरेश चौधरी की 32 वीं पुस्तक चमत्कृत करती भाषा संस्कृत का लोकार्पण श्रीकांत शर्मा बाल व्यास ने करते हुए आज संस्कृत की आवश्यकता और इसके महत्व को दर्शाती पुस्तक को सभी घरों की आवश्यकता बताया।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित

आवाज प्रतिनिधि



**कोलकाता।** मानव सेवा को समर्पित समर्पण ट्रस्ट के तत्वावधान में 51 रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नागरिक स्वास्थ्य संघ के संघ नेत्रालय में किया गया। नेत्र आपरेशन शिविर में समर्पण ट्रस्ट के प्रधान सचिव प्रदीप ढेढिया, विशिष्ट अतिथि भानीराम सुरेका, अशोक ढेडिया, सुशील चौधरी, नवीन गोपालिका, अभिषेक गुप्ता, अमर भरतिया, पंकज कुमार, प्रीति ढेडिया, पवन खेतान, आनन्द ढेडिया, संतोष खेड़िया, भागचंद मूंधड़ा तथा अमन ढेडिया ने नागरिक स्वास्थ्य संघ द्वारा नेत्र चिकित्सा सेवा की सराहना करते हुए संघ नेत्रालय की प्रगति के लिये शुभकामनाएं दीं।

संघ के प्रबंध न्यासी सुरेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार डागा, प्रधान सचिव विकास चन्द चाण्डक, संघ नेत्रालय के सचिव आलोक दमानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समर्पण ट्रस्ट के सेवा कार्य की सराहना करते हुए सुरेन्द्र अग्रवाल ने आई बैंक के संदर्भ में विचार व्यक्त किये एवं संघ नेत्रालय में नेत्र ऑपरेशन के लिये अत्याधुनिक सुविधाओं एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी।

शिविर को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के महासचिव प्रदीप ढेडिया ने कहा कि लोग वृद्धावस्था में आंख की रोशनी कम होने से दैनिक कार्यों को करने में अक्षम हो रहे हैं। ऐसे में उनकी आंखों की रोशनी लौटाने से दूसरा कोई पुनीत कार्य नहीं हो सकता। साथ ही उन्होंने विद्यालय में छात्र-छात्राओं के नेत्र परीक्षण योजना में हरसम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अतिथियों ने संघ नेत्रालय का भ्रमण कर संघ के अध्यक्ष कुंजबिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में नेत्रालय के सेवा कार्यों की सराहना की।

# खालिस्तानियों और आतंकियों की आएगी शामत : अमित शाह

## गैंगस्टरों पर सख्त कार्रवाई करने के मकसद से 5 को बुलाई बड़ी बैठक





आवाज प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनाईए) ने खालिस्तानी और आतंकवादी गतिविधियों के साथ ही गैंगस्टरों पर सख्त कार्रवाई करने के मकसद से एक बड़ी बैठक बुलाई है, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आतंक-रोधी बल (एटीएस) के चीफ भी शिरकत करेंगे। आगामी 5 और 6 अक्टूबर को दिल्ली में होने जा रही इस अहम बैठक में गृह मंत्री शाह देश भर के एटीएस चीफ के साथ बैठक करेंगे. एनआईए की ह्यएंटी टेरर कॉन्फ्रेंस 2023ह्न के नाम से हो रही है इस बैठक में विदेशी धरती से खालिस्तानी-आतंकवादी और गैंगस्टर के गठजोड़ के खिलाफ कार्रवाई करने की रणनीति बनाई जाएगी। इस बैठक में एनआईए चीफ, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) चीफ, रॉ के चीफ सहित राज्यों के एटीएस के प्रमुख शामिल होंगे।

### हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा में तनाव

यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जबकि कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों के आश्रय को लेकर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है. जून में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की ह्यसंभावितह्न संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत ने 19 सितंबर को इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

# जब तक चीन नहीं हटेगा तब तक एयरफोर्स एलएसी पर रखेगी नजर : चौधरी



### भारत को अगले साल मिलेगी एस-400 की दो यूनिट

*वायुसेना प्रमुख चौधरी ने कहा कि एयरफोर्स को एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन यूनिट प्राप्त हुई है और बाकी दो यूनिट अगले साल तक मिलने की उम्मीद है. अनिश्चित भू-राजनीतिक स्थिति मजबूत सेना की आवश्यकता को फिर से रेखांकित कर रही है और वायुसेना क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत दिखाने का आधार बनी रहेगी। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमने अग्निपथ योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है. वहीं, युद्ध और अभियानों के दौरान अपने संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं का एकीकरण करने संबंधी परियोजना के संबंध में कहा कि यह काम प्रगति पर है।*

आवाज प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच तनाव के बीच वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है. चौधरी ने कहा कि एलएसी पर चीन जब तक पीछे नहीं हट जाता है तब तक वायुसेना उस पर लगातार नजर रखती रहेगी। इसके साथ-साथ उन्होंने वायु सेना की ताकत को बढ़ाने को लेकर भी बड़ी बात कही है। भारतीय वायु सेना एलएसी पर चीन की हरकतों पर लगातार नजर रख रही है. एलएसी पर पिछले करीब तीन साल से भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है. चीन को माकूल जवाब देने के लिए भारत की ओर से अतिरिक्त सैन्य टुकड़ियों की तैनाती भी हो रखी है. इस बीच मंगलवार को एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी का एक बड़ा बयान सामने आया है। एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा है कि भारतीय वायुसेना एलएसी पर लगातार नजर रख रही है. जब तक चीन पीछे नहीं हटेगा हम भी वहां तैनात रहेंगे. वायुसेना एलएसी के पास हालात पर लगातार नजर रख रही है ।

# वायु सेना के बेड़े से होगी मिग-21 की विदाई



आवाज प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** आईएएफ चीफ मार्शल वीर चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना, अपनी क्षमता के साथ सबसे दूर देखने, सबसे तेजी से पहुंचने और सबसे कठिन प्रहार करने में इन चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मजबूत सेना की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिर और अनिश्चित भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण, एक मजबूत और विश्वसनीय सेना की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मिग-21 लड़ाकू विमान अब भारतीय वायुसेना का हिस्सा नहीं रहेंगे। इनकी जगह छउअ तेजस विमान लेंगे। आईएएफ चीफ मार्शल वीर चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा, ह्यहिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया की गंभीरता का नया आर्थिक और रणनीतिक केंद्र है। यह हमें चुनौतियां और अवसर दोनों प्रदान करता है। भारतीय वायु सेना अपनी क्षमताओं के साथ इन चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इस क्षेत्र में भारत की ताकत को दिखाने में एक आधार बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि तेजस फाइटर जेट के एलसीए मार्क 1अ की 83 खेप के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है।

# मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी जाति और सबसे बड़ी आबादी है: प्रधानमंत्री मोदी



आवाज प्रतिनिधि

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति आधारित गणना की विपक्षी दलों की मांग के बीच कांग्रेस पर किसी भी कीमत पर देश के हिंदुओं को बांटने और भारत को तबाह कर देने की चाहत रखने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनके लिए गरीब ही सबसे बड़ी जाति और सबसे बड़ी आबादी है। कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी को उसके नेता नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे से ऐसे लोग चला रहे हैं, जो राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ मिले हुए हैं। बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर लोकतंत्र को लूटतंत्र और प्रजातंत्र को परिवारतंत्र में बदलने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, कल से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि जितनी आबादी उतना हक है। मैं कहता हूं कि इस देश में अगर कोई सबसे बड़ी आबादी है, तो वह गरीब की है। इसलिए मेरे लिए गरीब ही सबसे बड़ी आबादी है और गरीब का कल्याण यही मेरा मकसद है। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह क्या सोच रहे होंगे? मनमोहन सिंह जी कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और उनमें भी पहला अधिकार मुसल्मानों का है। लेकिन अब कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि किसे कितना अधिकार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस मुसल्मानों के अधिकारों को कम करना चाहती है? उन्होंने कहा, तो क्या अल्पसंख्यकों को कांग्रेस हटाना चाहती है? तो क्या सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू अब आगे बढ़कर अपने सारे हक ले लें? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब कांग्रेस के लोग नहीं चला रहे हैं, क्योंकि उसके बड़े नेता मुंह बंद करके बैठे हैं।

### तेलंगाना में 8,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**निजामाबाद ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तेलंगाना में बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की लगभग 8,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना के तहत बनाए जा रहे 800 मेगावॉट के संयंत्र के पहले चरण का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री (पीएमओ) कार्यालय के मुताबिक, इसके जरिये तेलंगाना को सस्ती बिजली मिलेगी और राज्य के आर्थिक विकास में तेजी आयेगी तथा यह देश में पर्यावरण हित के सभी मानदंडों को पूरा करने वाले बिजली स्टेशनों में शामिल हो जायेगा।

नांदेड़ : सरकारी अस्पताल में बढ़ता जा रहा है मौत का आंकड़ा

# 48 घंटे में 31 पहुंची मृतकों की संख्या

आवाज प्रतिनिधि

**महाराष्ट्र।** नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में मरीजों की मौत के मामले ने हड़कंप मचा दिया है। अस्पताल में पिछले 48 घंटों में मृतको की संख्या 24 से बढ़कर 31 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में जिन 7 मरीजों की मौत हुई है उसमें 4 नवजात शिशु भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ आज नांदेड़ के सरकारी अस्पताल का दौरा करेंगे। नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में पिछले 48 घंटों में 31 मरीजों की मौत से हर तरफ हड़कंप मचा हुआ है। अब इस विषय पर महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुशरिफ ने बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'मैंने पहले भी कहा है कि यह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं अभी नांदेड़ जा रहा हूं। वहां आयुक्त और संचालक को पहले ही भेज दिया गया है जो आगे की जांच कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि, अस्पताल में दवाई या फिर डॉक्टरों की कोई कमी नहीं थी। हम इस मामले की पूरी जांच करेंगे और इसके पीछे जिसकी भी लापरवाही होगी, उसके खिलाफ सख्स से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मैं बता दूं कि वहां अधिकतर गंभीर मरीज पहुंचे थे जिनकी मौत हुई है। हम इस मामले में ठोस कदम उठाएंगे। मौत की वजह बताते हुए अस्पताल प्रशासन ने कहा कि जिनकी मौत हुई उनमें व्यस्क मरीजों में 4 हृदय रोग, 1 जहर, 1 गैस्ट्रिक रोग, 2 किडनी रोग, 1 प्रसूति संबंधी जटिलताएं, 3 दुर्घटना एवं अन्य बीमारियों तथा 4 बच्चे ऐसे थे जो लास्ट स्टेज में जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए।

# परफ्यूम का इस्तेमाल करने वाले पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंट्स की अब खैर नहीं! हो सकती है कार्रवाई





आवाज प्रतिनिधि

**नई दिल्ली ।** परफ्यूम का इस्तेमाल करने वाले पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंट्स के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। देश में एक नए प्रस्तावित नियम के तहत परफ्यूम का इस्तेमाल करने वाले पायलटों के खिलाफ ये कार्रवाई की जा सकती है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, देश के विमानन उद्योग की देखरेख करने वाले नागरिक उड्डयन महानिदेशक (डीजीसीए) के कार्यालय ने हाल ही में शराब की खपत के संबंध में अपने उपनियमों में बदलाव का एक प्रस्ताव रखा है। दिशानिर्देशों में पहले से ही मादक पेय पदार्थों के साथ अन्य चीजों का उल्लेख है जो ब्रेथ एनलाइजर परीक्षण के पॉजिटिव होने का कारण बन सकते हैं, जैसे माउथवॉश। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब एक नए खंड जोड़ा जा रहा है जिसमें विशेष रूप से इत्र का उल्लेख है। इसमें लिखा है, 'चालक दल का कोई भी सदस्य किसी भी दवा/फॉमूर्लेशन का सेवन नहीं करेगा या किसी भी पदार्थ जैसे माउथवॉश/टूथ जेल/परफ्यूम या ऐसे किसी उत्पाद का उपयोग नहीं करेगा जिसमें अल्कोहल की मात्रा हो। इसके परिणामस्वरूप ब्रेथ एनलाइजर परीक्षण पॉजिटिव हो सकता है।' कहा ये भी गया है कि 'कोई भी चालक दल का सदस्य जो ऐसी दवा ले रहा है, उसे उड़ान शुरू करने से पहले कंपनी के डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।'

### पायलटों का शराब पीकर ड्यूटी पर आना भी एक मुद्दा

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि परफ्यूम में थोड़ी मात्रा में अल्कोहल हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि शरीर पर परफ्यूम लगाने से गलत पॉजिटिव ब्रीथ टेस्ट हो सकता है या नहीं। डीजीसीए के लिए आधिकारिक हवाई सुरक्षा आवश्यकताओं को अगस्त 2015 में अनुमोदित किया गया था। प्रस्तावित वृद्धि 5 अक्टूबर तक सार्वजनिक टिप्पणी के लिए है। गौरतलब है कि विमानन उद्योग में पायलटों का शराब पीकर ड्यूटी पर आना कभी-कभी एक मुद्दा रहा है। ऐसे ही एक मामले में जापान एयरलाइंस के पायलट कात्सुतोशी जित्सुकावा को 2018 में 10 महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। टेकऑफ के तुरंत बाद किए गए परीक्षण से पता चला कि उनके रक्त में अल्कोहल का स्तर वैध सीमा से नौ गुना अधिक था। अमेरिका में, गेब्रियल लाइल श्रोएडर नाम के एक डेल्टा पायलट को उड़ान भरने से पहले पूरी तरह से सवार विमान से उतार दिया गया, क्योंकि संदेह था कि वह नशे में है।

### पुल में लटकी बस 30 यात्रियों की अटकी रहीं सांसें

आवाज प्रतिनिधि

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के कटक जिले में मंगलवार को 30 लोग उस समय बाल-बाल बच गए जब एक बस महानदी पर बने एक पुल की दीवार से टकराने के बाद काफी देर तक पुल से लटकी रही। इन लोगों को बाद में वाहन से निकाला गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। बांकी पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक काबुली बारिक ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 10.30 बजे जतिमुंडिया-सुवर्णपुर पुल पर हुई जब बस अंगुल से भुवनेश्वर जा रही थी। बस ड्राइवर श्रीकांत बेहरा ने कहा, ह्यह्यहालांकि मैंने ब्रेक लगाया और बस को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन यह पुल के किनारे पर बनी दीवार से टकरा गई। बस के अगले दो पहिए पुल से लटक रहे थे। अन्य वाहनों में सफर कर रहे लोग बस के यात्रियों को बाहर निकालने के लिए रुक गए।

# मुंबई की आठ लोकसभा सीटों पर उद्धव ठाकरे की पार्टी की नजर



आवाज प्रतिनिधि

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना-यूबीटी मुंबई महानगर क्षेत्र की 10 में 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है. इसके लिए वह गिव एंड टेक की नीति पर काम करने के लिए तैयार है. सूत्रों ने बताया कि उद्धव ठाकरे पिछले कुछ दिनों से पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से सलाह-मशविरा कर रहे हैं. इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने मुंबई उत्तर पूर्व और मुंबई उत्तर लोकसभा सीट के पदाधिकारियों से मुलाकात की। दरअसल, 2019 में जब बीजेपी के साथ मिलकर अविभाजित शिवसेना ने चुनाव लड़ा था तो उसे मुंबई की छह में से तीन सीटों पर जीत हासिल हुई थी. मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई उत्तर पश्चिम सीटों तो इसने जीती ही थीं।

### भिवंडी सीट पर लड़ना चाहती है शिवसेना-यूबीटी

*शिवसेना-यूबीटी से जुड़े सूत्रों ने कहा कि मुंबई उत्तर पूर्व के पूर्व सांसद संजय दीना पाटिल हमारी पार्टी में शामिल हो गए हैं और हम इस सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं. हम मुंबई उत्तर मध्य और मुंबई उत्तर सीटें कांग्रेस और एनसीपी के लिए छोड़ने को तैयार हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले चुनाव में भिवंडी सीट पर चुनाव लड़ा था लेकिन हम इस बार शिवसेना-यूबीटी यहां से अपना उम्मीदवार खड़ा करना चाहती है. बता दें कि मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से बीजेपी की पूनम महाजन ने कांग्रेस की प्रत्याशी प्रिया दत्त को मात दी थी।*

### गठबंधन के घटक को बताएगी अपनी इच्छा

*मुंबई नॉर्थ सीट बीजेपी का गढ़ माना जाता है. यहां से पिछले लोकसभा चुनाव में गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस की प्रत्याशी और एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर को हराकर भारी अंतर से जीत हासिल की थी. वहीं, बीजेपी के कपिल पाटिल ने भिवंडी में कांग्रेस के सुरेश तवरे को हराया था, जबकि पालघर सीट पर अविभाजित शिवसेना के प्रत्याशी को जीत मिली थी।*

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद के मुकदमों का ब्योरा न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

आवाज प्रतिनिधि

**मथुरा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले से जुड़े मुकदमों का ब्योरा अब तक न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की बेंच ने मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के संज्ञान में लाने का आदेश दिया है. साथ ही बेंच ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को भी अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है. मामले में अगली सुनवाई 30 अक्टूबर होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े सभी मुकदमे अपने पास ट्रांसफर कर लिए हैं। मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने इसका विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट का रुख किया. उसका कहना है कि सुनवाई मथुरा की कोर्ट में होनी चाहिए।



### हाई कोर्ट से मुकदमों का मांगा ब्योरा

21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने ईदगाह कमेटी की याचिका को सुनते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट से 3 हफ्ते में ट्रांसफर किए गए मुकदमों का ब्योरा देने को कहा था।

### हाई कोर्ट से नहीं मिला जवाब

21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की थी कि मामले के महत्व को देखते हुए हाई कोर्ट में सुनवाई ठीक ही है, लेकिन लगभग 6 हफ्ते का समय बीत जाने के बाद भी अब तक हाई कोर्ट से जवाब न आने पर जज असंतुष्ट नजर आए।

### 'बाहर लोग दायर कर रहे याचिकाएं'

सुनवाई के दौरान ईदगाह कमेटी की वकील ने दावा किया कि मथुरा में स्थानीय लोग अब तक जारी व्यवस्था से संतुष्ट हैं, लेकिन बाहर के लोग एक के बाद एक याचिकाएं दाखिल कर रहे हैं. हालांकि, जजों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

# उज्जैन : हर रोज आठ लाख श्रद्धालु आसानी से कर सकेंगे महाकाल के दर्शन, बनाई जा रही है खास सुरंग

आवाज प्रतिनिधि

**इंदौर।** उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है। इसके चलते महकाल मंदिर प्रशासन के सामने रोज नई चुनौतियां आ रहा हैं। अब इन चुनौतियों से निपटने के लिए महाकालेश्वर मंदिर परिसर में खास सुरंग बनाई जा रही है। इस सुरंग के जरिये हर रोज करीब आठ लाख श्रद्धालु भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में शामिल महाकालेश्वर मंदिर में आसानी से दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि श्री महाकाल महालोक कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं की तादाद लगातार बढ़ी है।

### फिलहाल हर दिन दो लाख श्रद्धालु कर पाते हैं दर्शन

उज्जैन के जिलाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि फिलहाल महाकालेश्वर मंदिर में हर दिन दो लाख श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर पाते हैं। हालांकि, पर्व-त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की दैनिक तादाद जब तीन लाख के आसपास पहुंचती है, तो हमारे लिए भीड़ को नियंत्रित करना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकालेश्वर मंदिर में खास सुरंग बनाई जा रही है। पुरुषोत्तम के मुताबिक, ह्यह्यइस सुरंग के निर्माण के बाद हर रोज करीब आठ लाख श्रद्धालु महाकालेश्वर मंदिर में सुगमता से दर्शन कर सकेंगे।



### 42.35 करोड़ रुपये की लागत से होगा दूसरे चरण का कार्य

अधिकारियों ने बताया कि सूबे के आगामी विधानसभा चुनावों की बढ़ती सरगर्मियों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ह्यह्यश्री महाकाल महालोक गलियारेह्नह्न के दूसरे चरण के तहत 242.35 करोड़ रुपये की लागत से किए गए कार्यों का पांच अक्टूबर (बृहस्पतिवार) को लोकार्पण किया जाना है। उन्होंने कहा कि इनमें नीलकंठ क्षेत्र, शक्तिपथ, अन्न क्षेत्र, महाराजवाड़ा परिसर और छोटा रुद्रसागर के विकास कार्य शामिल हैं, जिन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, गलियारा परियोजना के दूसरे चरण के तहत महाकालेश्वर मंदिर परिसर में खास स्थान भी विकसित किया जा रहा है, जहां हजारों श्रद्धालु इस मंदिर के शिखर के दर्शन कर सकेंगे।

### एआई से लैस 700 कैमरे लगाए जाएंगे

महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया कि गलियारा परियोजना के तहत इस धार्मिक परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस करीब 700 कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ये कैमरे अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष से जुड़े हैं, जिसके जरिये महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल महालोक की सतत निगरानी और भीड़ प्रबंधन किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री महाकाल महालोकन्न गलियारे की महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को किया था।

## एशियन गेम्स : महिलाओं ने 5000 मीटर दौड़ और भाला फेंक में दिखाया दमखम

# पारुल चौधरी और अन्नू रानी ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**हांगझोउ।** पारुल चौधरी ने शानदार दमखम का परिचय देते हुए महिला 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि अनु रानी सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ महिला भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष पर रही जिससे भारत मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की एथलेटिक्स स्पर्धाओं में छह पदक जीतने में सफल रहा। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम लैप में जापान की रिरिका हिरोनाका से पीछे चल रही थी लेकिन अंतिम 40 मीटर में उन्हें पछाड़कर 15 मिनट 14.75 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पारुल का मौजूदा एशियाई खेलों में यह दूसरा पदक है। उन्होंने सोमवार को महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। मेरठ की 31 साल की अनु ने अपने चौथे प्रयास में 62.92 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की नदीशा दिल्हान और चीन की हुइहुइ ल्यु ने क्रमशः 61.57 मीटर और 61.29 मीटर के प्रयास के साथ रजत और कांस्य पदक जीते। मोहम्मद अफजल ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में एक मिनट 48.43 सेकेंड के साथ रजत पदक जीता। इसी स्पर्धा में कृष्ण कुमार डिस्क्वालीफाई हो गए। तेजस्विन शंकर ने पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 7666 अंक के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक हासिल किया। इससे पहले वह 1500 मीटर फाइनल में चौथे स्थान पर रहे थे। भारत का एशियाई खेलों की पुरुष डेकाथलन स्पर्धा में 1974 के बाद यह पहला पदक है। विजय सिंह चौहान एशियाई खेलों की इस स्पर्धा में 1974 में पदक जीतने






वाले पिछले भारतीय थे। पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड भरतिंदर सिंह के नाम था जो 7658 अंक का था। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.68 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। इसी स्पर्धा में एन अब्दुल्ला अबुबाकर 16.62 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के झू येमिंग (17.13 मीटर) और फेंग याओकिंग (16.93 मीटर) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। इससे पहले विथ्या रामराज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद महिला 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने में सफल रही। पच्चीस साल की विथ्या ने 55.68 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। बहरीन की ओलुवाकेमी मुजिदात आदेकोया ने 54.45 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चीन की जेदी मो ने 55.01 सेकेंड का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विथ्या ने सोमवार को 55.52 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 1984 में बनाए पीटी उषा के 400 मीटर बाधा दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करके अपनी हीट में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। विथ्या भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम का भी हिस्सा थी जिसने सोमवार को श्रीलंका के लेन के उल्लंघन के कारण डिस्क्वालीफाई होने के बाद रजत पदक जीता।

### पुरुष 800 मीटर दौड़ में मो. अफजल को रजत

**हांगझोउ।** भारत के मोहम्मद अफजल ने पुरुषों के 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता है। उन्होंने 1:48:43 मिनट का समय लिया। आखिरी कुछ मीटर में सऊदी अरब के एसा अली ने उन पर लीड ले ली और वह स्वर्ण से चूक गए। भारत के कृष्ण कुमार पांचवें स्थान पर रहे।



### पुरुष डेकेथलॉन में तेजस्विन शंकर को रजत

**हांगझोउ।** भारत के तेजस्विन शंकर ने रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने डेकेथलॉन में यह कामयाबी हासिल की। इस स्पर्धा में 10 अलग-अलग खेल खेले जाते हैं। दो दिन तक यह मुकाबला चलता है। भारत ने इस स्पर्धा में 1974 के बाद कोई पदक जीता है। 1974 में विजय सिंह चौहान ने स्वर्ण और सुरेश बाबू ने कांस्य जीता था।



### लवलीना को ओलंपिक का टिकट, प्रीति और नरेंद्र ने जीते कांस्य पदक

**हांगझोउ।** विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल किया जबकि प्रीति पवार (54 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) को सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता थाईलैंड की बेसन मानिकोन को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में हराया। लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए लवलीना ने शानदार मुक्के लगाये। पहले दौर में पिछड़ने के बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने आखिरी तीन मिनट में वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी प्रीति को मौजूदा फ्लायवेट चैम्पियन चीन की चांग युआन ने 5-0 से



हराया। पहले तीन मिनट में प्रीति ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए घूंसे बरसाये लेकिन बाद में लय कायम नहीं रख सकी। चीनी खिलाड़ी ने जबर्दस्त आक्रामकता दिखाते हुए उसे कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में पांच में से चार जज ने चीनी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे दौर में प्रीति ने उसका डिफेंस तोड़ने की कोशिश की। प्रीति को सिर के पीछे से मारने पर युआन को चेतावनी भी मिली। उसने आखिरी तीन मिनट में रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। नरेंद्र सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता कामशीबेक कुंकाबायेव से 0-5 से हार गए और इस तरह से ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गए। एक अजीबोगरीब घटनाक्रम में सचिन सिवाच अपना 57 किग्रा का क्वार्टर फाइनल मुकाबला ल्यू पिंग से तीन मिनट और सात सेकंड में 1-4 से हार गए। दोनों मुक्केबाजों के सिर टकराने के कारण चीन के खिलाड़ी के माथे पर घाव हो गया। पिंग ने पहला राउंड 4-1 से जीता था और जब यह स्पष्ट हो गया कि खून बहने के कारण वह मुकाबला आगे जारी नहीं रख सकते हैं तो जजों ने चीन के खिलाड़ी के पक्ष में फैसला सुना दिया।

### एशियन गेम्स 2023 पदक तालिका

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 161 | 90 | 46 | 297 |
| 2. | जापान | 33 | 47 | 50 | 130 |
| 3. | दक्षिण कोरिया | 32 | 42 | 65 | 139 |
| 4. | भारत | 15 | 26 | 28 | 69 |
| 5. | उज्बेकिस्तान | 14 | 15 | 21 | 50 |
| 6. | चीनी ताइप | 12 | 10 | 18 | 40 |
| 7. | थाईलैंड | 10 | 11 | 19 | 40 |
| 8. | उत्तर कोरिया | 07 | 10 | 06 | 23 |
| 9. | बहरीन | 07 | 01 | 04 | 12 |
| 10. | हांगकांग | 06 | 15 | 24 | 45 |

### कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी



**नौकायन में पुरुष टीम ने जीता कांस्य**

अर्जुन सिंह और सुनील सिंह ने पुरुषों के कैनो डबल 1000 फाइनल में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने पुरुषों की कैनो डबल 1000 मीटर स्पर्धा में 3.53.329 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

**महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में विद्या रामराज को कांस्य**

विद्या रामराज ने 400 मीटर बाधा दौड़ में भारत को एक और पदक दिला दिया है। उन्होंने 55.68 सेकंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं और कांस्य पदक अपने नाम किया। बहरीन की अदेकोया ने 54.45 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण जीता। यह एशियन गेम्स का नया रिकॉर्ड भी है। वहीं, चीन की जियादी मो ने 55.01 सेकंड का समय लेकर रजत पदक अपने नाम किया।

**पुरुष ट्रिपल जंप, प्रवीण चित्रावेल को कांस्य**

प्रवीण चित्रावेल ने पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने छठे प्रयास में 16.68 मीटर की छलांग लगाई और तीसरा स्थान हासिल करने में सफल रहे। भारत के ही अबूबकर 16.62 मीटर की छलांग के साथ चौथे स्थान पर रहे।

**संक्षिप्त खबर**

### डीसीए का रजिस्ट्रेशन अब 10 अक्टूबर तक



आवाज प्रतिनिधि

**धनबाद।** धनबाद क्रिकेट संघ ने टीमों व खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की तारीखें बढ़ा दी हैं। संघ के महासचिव उत्तम विश्वास ने बताया कि अब 10 अक्टूबर तक सत्र 2023-24 के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन कराने की अनुमति दी जाएगी। इसमें सीनियर डिवीजन, ए डिवीजन, महिला अंडर-19, स्कूल अंडर-19, अंडर-16, कोचिंग कैंप अंडर-14 की टीमें रजिस्ट्रेशन करा सकेंगी। रजिस्ट्रेशन होटल रैमसन में सुबह 11 बजे से सायं पांच बजे तक किया जाएगा।

# एशियन गेम्स : भारत ने नेपाल को 23 रनों से हराया

## यशस्वी जायसवाल के शतक के बाद स्पिनरों ने दिलाई जीत

एजेंसी

**हांगझोउ।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद रवि बिश्नोई की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने एशियाई खेलों की पुरुष टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां नेपाल को 23 रन से शिकस्त दी। जायसवाल ने 49 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़ 100 रन बनाये। भारत ने चार विकेट पर 202 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को नौ विकेट पर 179 रन पर रोक कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। जायसवाल ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (23 गेंद में 25 रन) के साथ 59 गेंद में 103 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी। शिवम दुबे (19 गेंद में नाबाद 25) और रिंकू सिंह (15 गेंद में नाबाद 37) ने पांचवें विकेट के लिए 22 गेंद में 52 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया।




रिंकू ने दो चौके और चार छक्के जड़े जबकि दुबे ने दो चौके और एक छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करते समय नेपाल की टीम 13 ओवर में चार विकेट पर 120 रन बना कर अच्छी स्थिति में थी लेकिन बिश्नोई ने खतरनाक बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ऐरी (15 गेंद में 32 रन) और अर्शदीप ने संदीप जोरा (12 गेंद में 29 रन) को आउट कर मैच में भारत की वापसी करायी। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए महज 20 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर भारतीय खेमे में थोड़ी देर के लिए खलबली मचा दी थी। बड़े स्कोर वाले इस मैच में बिश्नोई और पदार्पण कर रहे साई किशोर ने नेपाल की रन गति पर अंकुश लगाकर मैच में उलटफेर होने से टीम को बचा लिया। बिश्नोई ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि पदार्पण कर रहे वामहस्त स्पिनर किशोर ने चार ओवर में महज 25 रन खर्च कर एक विकेट लिया। आवेश खान (चार ओवर में 32 रन पर तीन विकेट) और अर्शदीप सिंह (चार ओवर में 43 रन पर दो विकेट) ने भी विकेट चटकाये लेकिन नेपाल के बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। दुबे ने तीन ओवर में 37 रन लुटाये। तेज गेंदबाजों का यह प्रदर्शन कोच वीवीएस लक्ष्मण के लिए चिंता का सबब होगा क्योंकि बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसी प्रतिद्वंद्वी टीमें उन्हें और परेशान करेंगी।

**स्कोर बोर्ड**

| भारत 202/4 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल के अविनाश बोहरा बो दीपेंद्र सिंह | 100 | 49 | 8 | 7 |
| रुतुराज गायकवाड़ के रोहित पौडेल बो दीपेंद्र सिंह | 25 | 23 | 4 | 0 |
| तिलक वर्मा बो सोमपाल कामी | 2 | 10 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा के और बो लामिछाने | 5 | 4 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 25 | 19 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 37 | 15 | 2 | 4 |

**अतिरिक्त** (बा2,लेबा1,वा5,नोबा0,पी0) 8 रन कुल 20 ओवर में 4 विकेट पर 202 रन, **विकेटों का पतन** : 1-103, 2-111, 3-119, 4-150, **गेंदबाजी :** सोमपाल कामी 4-0-38-1, करण केसी 2-0-23-0, दीपेंद्र सिंह 4-0-31-2, अविनाश बोहारा 4-0-53-0, लामिछाने 3-0-28-1, रोहित पौडेल 3-0-26-0

| नेपाल 179/9 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| कुशल भुर्तेल के अवेश खान बो साई किशोर | 28 | 32 | 4 | 1 |
| आसिफ शेख के जितेश शर्मा बो आवेश खान | 10 | 6 | 1 | 1 |
| कुशल मल्ला के रिंकू सिंह बो रवि बिश्नोई | 29 | 22 | 2 | 2 |
| रोहित पौडेल पगबाधा बो रवि बिश्नोई | 3 | 5 | 0 | 0 |
| दीपेंद्र सिंह ऐरी के साईं किशोर बो रवि बिश्नोई | 32 | 15 | 0 | 4 |
| संदीप जोरा के यशस्वी जायसवाल बो अर्शदीप सिंह | 29 | 12 | 1 | 3 |
| सोमपाल कामी के साईं किशोर बो अवेश खान | 7 | 5 | 0 | 1 |
| गुलसन झा के यशस्वी जायसवाल बो अर्शदीप सिंह | 6 | 6 | 1 | 0 |
| करण केसी नाबाद | 18 | 13 | 1 | 2 |
| संदीप लामिछाने के साई किशोर बो अवेश खान | 5 | 4 | 1 | 0 |
| अविनाश बोहरा नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** (बा4,लेबा3,वा5,नोबा0,पी0) 12 रन कुल 20 ओवर में 9 विकेट पर 179 रन, **विकेटों का पतन** : 1-29, 2-62, 3-76, 4-77, 5-122, 6-140, 7-156, 8-156, 9-173, **गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-43-2, आवेश खान 4-0-32-3, रविश्रीनिवासन साई किशोर 4-0-25-1, रवि बिश्नोई 4-0-24-3, वाशिंगटन सुंदर 1-0-11-0, शिवम दुबे 3-0-37-0

## भारत का दूसरा अभ्यास मैच भी बारिश की भेंट चढ़ा



एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भारत का नीदरलैंड के खिलाफ दूसरा विश्व कप अभ्यास मैच मंगलवार को यहां लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया। मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। पिछले हफ्ते गुवाहाटी में भारत के पहले अभ्यास मैच में भी एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी। भारत इस तरह एकमात्र टीम है जो विश्व कप में अभ्यास मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी का अभ्यास करे बिना उतरेगी। भारत विश्व कप में रविवार को चेन्नई में अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## योगासन प्रतियोगिता में नव संकल्प को मिले 7 स्वर्ण

आवाज प्रतिनिधि

**धनबाद।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में नव संकल्प क्लब भूली ने 7 स्वर्ण के साथ चैंपियन बना है। वहीं उपविजेता धनबाद पब्लिक स्कूल बना है। ग्रुप डांस में नव संकल्प भूली प्रथम, स्पार्टन अकादमी द्वितीय एवं धनबाद पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। संघ के सचिव के कुणाल कुमार के अनुसार चयनित खिलाड़ी आगामी 6 अक्टूबर से जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिन खिलाड़ियों को पदक मिला है उनमें बालक 9 वर्ष से कम वर्ग में अपूर्वो चटर्जी, शिवांशु कुमार, शुभम दास, सैफान खान, वेदान्त के अलावे बालिका 9 वर्ष से कम आयु वर्ग में आराध्या आनन्द, निधि कुमारी, वेदिका कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, आरोही पंडित,



आदया सिन्हा, अंशिका वर्मा, कौशिकी कौशल शामिल है जबकि बालक 9 से 14 वर्ष में वीर दत्ता, समर सिंह, आदर्श कुमार पाण्डेय, विकास कुमार, अंकित कुमार, नैतिक सिन्हा, हिमांशु राज के अलावे बालिका 9 से 14 आयु वर्ग में रितिका प्रजापति, लावण्या सिंह, निभा कुमारी, राधिका किस्कू, भूमि पाण्डेय, वैष्णवी रवानी, प्रिसा श्रीवास्तव, सफा अजहर, आदया मिश्रा, आहाना कुमारी, अहाना घोष, अनन्या घोष शामिल है।

## आईसीसी वर्ल्ड कप से पहले फैंस के लिए बुरी खबर

# ओपनिंग सेरेमनी का नहीं होगा आयोजन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। टूर्नामेंट का पहला मैच 05 अक्टूबर को न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले सभी टीमें वार्मअप मैच खेल रही हैं। वर्ल्ड कप से पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जो फैंस को निराश कर सकता है। दरअसल माना जा रहा था कि वर्ल्ड कप के ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन 04 अक्टूबर को किया जाएगा। लेकिन अब नए अपडेट के मुताबिक इस बार ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नहीं किया जाएगा।



**सेरेमनी को लेकर था ये प्लान**

वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले जिस ओपनिंग सेरेमनी की चर्चा की जा रही थी उसके अनुसार इस सेरेमनी में बॉलीवुड के कई स्टार परफॉर्म करने वाले थे। इस सेरेमनी को शाम 7 बजे शुरू किया जाना था। लेकिन वर्ल्ड कप शुरू होने अब कुछ ही घंटों का समय बचा है और ओपनिंग सेरेमनी को लेकर बीसीसीआई और आईसीसी द्वारा कोई अपडेट सामने नहीं आया है। ऐसे में फैंस इसको लेकर काफी निराश हैं। हालांकि 4 अक्टूबर को सभी टीमों के कप्तान अहमदाबाद में ट्रॉफी के साथ फोटो सेशन के लिए मौजूद होंगे।

**मुश्किलों से घिरा रहा है यह वर्ल्ड कप**

इस साल का वनडे वर्ल्ड कप शुरूआत से ही मुश्किलों से घिरा रहा है। सबसे पहले काफी देरी से शेड्यूल जारी करने और उसमें दोबारा बदलाव करने को लेकर फैंस ने पहले ही आईसीसी की आलोजना की थी। फैंस को आईसीसी की इन हरकतों के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। माना जा रहा है कि आईसीसी ओपनिंग सेरेमनी की जगह क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन कर सकती है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि भारत बनाम पाकिस्तान मैच से पहले भी कुछ खास प्लान किया जा रहा है।

## मार्केट सूचकांक

### भारतीय

| | | |
|---|---|---|
| निफ्टी | | |
| 19,528.75 | ▼ | −109.55 |
| सेंसेक्स | | |
| 65,512.10 | ▼ | -316.30 |

### अमेरिका

| | | |
|---|---|---|
| नैस्डेक | | |
| 13,307.77 | ▲ | +88.45 |
| डाओ जोंस | | |
| 33,268.12 | ▼ | -165.23 |

### यूरोप

| | | |
|---|---|---|
| FTSE | | |
| 7,493.59 | ▼ | -17.13 |
| BRITAIN | | |
| CAC | | |
| 7,009.62 | ▼ | -58.54 |
| FRANCE | | |

### एशिया

| | | |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 | | |
| 31,237.94 | ▼ | -521.94 |
| JAPAN | | |
| शंघाई | | |
| 3,110.48 | ▲ | +3.16 |
| CHINA | | |

### कमोडिटी

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | | |
| 56,384.00 | ▼ | -721.00 |
| चांदी प्रति किलो | | |
| 67,247.00 | ▼ | -2,610.00 |
| अल्यूमीनियम प्रति किलो | | |
| 208.70 | ▼ | -3.25 |
| तांबा प्रति किलो | | |
| 705.00 | ▼ | -17.45 |
| लेड प्रति किलो | | |
| 186.85 | ▼ | -1.15 |
| जिंक प्रति किलो | | |
| 224.85 | ▼ | -7.40 |
| मेंथा तेल प्रति लीटर | | |
| 924.90 | ▼ | -1.60 |

### मुद्रा

| | | |
|---|---|---|
| डॉलर प्रति रुपये | | |
| 83.2063 | ▼ | -0.1534 |
| पाउंड प्रति रुपये | | |
| 100.430 | ▼ | -0.3571 |
| यूरो प्रति रुपये | | |
| 87.0941 | ▼ | -0.2701 |

# पहली छमाही में भारतीय कंपनियों की वित्तीय सेहत हुई कमजोर



■ **सेकेंड हाफ को लेकर क्रिसिल ने लगाया ये अनुमान**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों का प्रदर्शन पहली छमाही में उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कॉरपोरेट जगत की वित्तीय सेहत चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में थोड़ी नरम हुई है और दूसरी छमाही में इसमें और गिरावट आने की आशंका है। देशभर की करीब 6,500 कंपनियों की रेटिंग करने वाली क्रिसिल रेटिंग्स ने यह अनुमान कंपनियों के कर्ज अनुपात यानी उनकी रेटिंग में सुधार (अपग्रेड) एवं गिरावट (डाउनग्रेड) को ध्यान में रखते हुए लगाया है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने साफ किया कि आगे भी कर्ज अनुपात एक से ऊपर ही बना रहेगा। इसका मतलब है कि कंपनियों की रेटिंग में सुधार की संख्या गिरावट से अधिक रहेगी।

***443 कंपनियों के रेटिंग अपग्रेड किए गए***

एजेंसी के मुताबिक, अप्रैल-सितंबर 2024 में 443 अपग्रेड किए गए जबकि डाउनग्रेड की संख्या 232 रही। इस तरह भारतीय कंपनी जगत का कर्ज अनुपात 1.91 रहा जो इससे पहले की छमाही में 2.19 था। क्रिसिल के प्रबंध निदेशक गुरप्रीत छटवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में कंपनियों की वित्तीय सेहत का नरम होना अपेक्षा के अनुरूप ही है।

***महंगाई, कच्चे तेल में उछाल का हो रहा असर***

सरकार के ढांचागत परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाने से कॉरपोरेट जगत को सकारात्मक कर्ज अनुपात हासिल करने में मदद मिल रही है। हालांकि, छटवाल ने कहा कि महंगाई की ऊंची दर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और बारिश के असमान वितरण से भारतीय कॉरपोरेट जगत की वित्तीय सेहत के लिए चुनौती बरकरार है।

# देश में कोयला उत्पादन सितंबर में 16 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन पर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश में कोयला उत्पादन सितंबर महीने में 15.81 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 5.80 करोड़ टन था। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान कोयला उत्पादन 12.06 प्रतिशत बढ़कर 42.82 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 38.22 करोड़ टन था। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. का उत्पादन सितंबर महीने में बढ़कर 5.14 करोड़ टन रहा जो एक साल पहले इसी महीने में 4.57 करोड़ टन था। कोयला आपूर्ति आलोच्य महीने में बढ़कर 7.03 करोड़ टन रही जो बीते वित्त वर्ष के इसी महीने में 6.11 करोड़ टन थी। मंत्रालय ने कहा कि कोयला क्षेत्र में अच्छी वृद्धि देखी गई। उत्पादन, आपूर्ति और स्टॉक उल्लेखनीय स्तर पहुंचा। बयान में कहा गया, इस असाधारण वृद्धि का श्रेय सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों को जाता है। इन कंपनियों ने इस उल्लेखनीय प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# वित्त मंत्रालय ने अनुदान की अनुपूरक मांगों के लिए व्यय प्रस्ताव मंगाए

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों से अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच के लिए व्यय प्रस्ताव मांगे हैं। मंत्रालय ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच को संसद के आगामी सत्र में ही रखे जाने का प्रस्ताव है। शीतकालीन सत्र नवंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। ऐसी मांगों के तहत शामिल किए जाने लायक मामलों में भारत की आकस्मिक निधि से जारी हो चुकी अग्रिम राशि से संबंधित मामले भी होंगे। इसके अलावा अदालती आदेश के तहत किए गए भुगतान भी इसका हिस्सा होंगे। मंत्रालय ने कहा कि विशेष रूप से शीतकालीन सत्र में अनुपूरक मांग को आगे बढ़ाने की उसकी सलाह से जुड़े मामले भी इस प्रस्ताव का हिस्सा होंगे। मंत्रालय ने कहा, अनुपूरक अनुदान पर निर्णय करते समय अनुदान नियंत्रण प्राधिकारी को प्रस्ताव के भीतर बचत पर जरूर ध्यान देना चाहिए ताकि निरर्थक या बढ़ी हुई पूरक मांगों को छांटा जा सके और पूरक अनुदान मिलने के बाद उसे लौटाने की स्थिति न आए। इस ज्ञापन के अनुसार, मंत्रालयों को अपनी बजट-पूर्व बैठकें पूरी होने की तारीख से सात दिन के भीतर अपने पूरक प्रस्ताव प्रस्तुत करने होंगे। संशोधित अनुमान (आरई) 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 को अंतिम रूप देने के लिए बजट-पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच होने वाली हैं। अगले साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनावों की संभावना को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश किए जाने की उम्मीद है।

सिर से पांव तक कर्ज में डूबी है वेदांता

# अनिल अग्रवाल को अब बेचना पड़ेगा अपना स्टील कारोबार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अग्रवाल का वेदांता समूह इस समय भारी कर्ज के बोझ से लदा है, अगर आम आदमी की भाषा में समझें तो वेदांता ग्रुप सिर से पांव तक कर्ज में डूबा है. ऐसे में अब समूह अब अपने कुछ कारोबार बेचने को मजबूर है. हाल में एक इंटरव्यू के दौरान अनिल अग्रवाल ने बताया कि अगले साल तक वेदांता अपने स्टील कारोबार को पूरा बेच देगी.इतना ही नहीं वेदांता समूह अपने अलग-अलग बिजनेस के डीमर्जर का भी प्लान बना रहा है. ताकि अलग-अलग कारोबार की वैल्यू को अनलॉक किया जा सके. समूह इन कंपनियों को एक ह्यस्वतंत्र कंपनीह्न के तौर पर चलाने जा रहा है, जिससे एक का असर दूसरे पर ना पड़े. एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि स्टील कारोबार से जुड़े एसेट्स चालू वित्त वर्ष (मार्च 2024 तक) बिक जाएंगे. वेदांता समूह ने अपने स्टील, लौह अयस्क और संबंधित बिजनेस वैल्यूएशन और रिव्यू जून से ही स्टार्ट कर दिया है.इसके अलावा वेदांता ग्रुप कई कारोबार का डीमर्जर करने वाला है. कंपनी ने बताया कि अब जल्द ही वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता ऑयल एंड गैस, वेदांता पावर, वेदांता स्टील एंड फेरस मेटल्स, वेदांता बेस मेटल्स और वेदांता लिमिटेड नाम से अलग-अलग कंपनियां बनेंगी. इस डीमर्जर को लेकर अनिल अग्रवाल का कहना है कि इन सभी कारोबार का अपना खुद का एक मार्केट, डिमांड और सप्लाई है।

# आयकर विभाग : 30.75 लाख से अधिक ऑडिट रिपोर्ट ई-फाइलिंग पोर्टल पर जमा की गई




एजेंसी

**नई दिल्ली।** टैक्स (कर) आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 30 सितंबर की तय समयसीमा तक 30.75 लाख से अधिक ऑडिट रिपोर्ट ई-फाइलिंग पोर्टल पर जमा की गईं। आयकर विभाग ने सोमवार को बताया कि इन ऑडिट रिपोर्ट में से 29.5 लाख कर ऑडिट रिपोर्ट आकलन वर्ष 2023-24 से संबंधित हैं। इनके अलावा कुछ रिपोर्ट फॉर्म 29बी, 29सी, 10सीसीबी से संबंधित हैं।विभाग के मुताबिक, करदाताओं की सुविधा के लिए विभाग ने कई अभियान चलाए। इस दौरान सघन पहुंच कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इनके तहत ई-मेल, एसएमएस, सोशल मीडिया के जरिये तय समय में ऑडिट रिपोर्ट जमा करने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मामले से जुड़े 55.4 लाख संदेश भी भेजे गए। विभाग के मुताबिक, आयकर विभाग की वेबसाइट पर करदाताओं की जागरूकता से संबंधित कई वीडियो अपलोड किए गए। प्रयास करदाताओं और कर पेशेवरों की तरफ से तय समय के भीतर ऑडिट रिपोर्ट जमा करने में मददगार रहे हैं।

# 1.76 लाख करोड़ रुपए की 126 साल पुरानी कंपनी गोदरेज ग्रुप का हो सकता है बंटवारा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज कारोबारी घरानो की जब भी बात आती है तो अंबानी, टाटा, बिड़ला, गोदरेज के नाम गिने जाते हैं. अब खबर आ रही है कि 126 साल पुराने गोदरेज ग्रुप का बंटवारा हो सकता है. 1.76 लाख करोड़ के वैल्यू वाले इस घराने में बिजनेस बंटवारे की कवायद शुरू हो चुकी है. आखिर क्या है माजरा और कैसे इस दिग्गज घराने का होगा बंटवारा, आइए जानते हैं.कार्पोरेट्स का बंटवारा इसलिए भी खास होता है क्योंकि इसमें उस घराने के साथ-साथ कईयों का भविष्य भी जुड़ा होता है. और सबसे खास बात है कि दिग्गज कारोबारी घरानों के बंटवारे में कई पेंच होते हैं. अगर आपको मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी का बंटवारा याद हो तो आप इसे समझ सकते है. 1.76 लाख करोड़ का गोदरेज ग्रुपगोदरेज ग्रुप का जब भी नाम आता है तो सबसे पहले ताले पर दिमाग जाता है. दरअसल 1.76 लाख करोड़ की बन चुकी गोदरेज ग्रुप ने अपने सफर की शुरूआत ताले बेचकर की थी. भारत की सबसे पुरानी कंपनियों में शुमार इस ग्रुप की शुरूआत 5 दशक पहले हुई थी।

**ताले बेचकर हुई थी शुरूआत**

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जिस ग्रुप की वैल्यूएशन आज 1.76 लाख करोड़ की है. इसकी शुरूआत कभी ताले बेचने से हुई थी. अब इस ग्रुप ने अपना विस्तार इतना कर लिया है कि ये करीब करीब हर सेक्टर में अपना हाथ आजमा रही है. इस ग्रुप ने वित्तवर्ष 2023 के 42,172 करोड़ का भारी भरकम रेवेन्यु हासिल किया है. वहीं प्रॉफिट की बात करें तो इस दौरान कंपनी का लाभ 4000 करोड़ के पार रहा है।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) | |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 331 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 331 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 259.75 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 200 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 195 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 185.75 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

### कोक प्राइस

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 381 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 366 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 356 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 351 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# पाकिस्तान में महंगाई से हाहाकार गैस सिलेंडर 3000 रुपये के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जहां एक ओर भारत में महंगाई के कम होने के कयास लगाए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देश पाकिस्तान में महंगाई 31 फीसदी के पार चली गई है, जो कि भारत के मुकाबले करीब 5 गुना ज्यादा है. वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 3000 रुपये के पार चले गए हैं. वास्तव में पाकिस्तान ने बेलआउट पैकेज के तहत आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए सितंबर के महीने में फ्यूल की कीमतों में इजाफा किया था. जिसके बाद देश में महंगाई चार महीने के बाद पहली बार बढ़ी है. पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, कंज्यूमर कीमतें सितंबर में एक साल पहले की तुलना में 31.44 फीसदी बढ़ीं है. यह आंकड़ा ब्लूमबर्ग सर्वे में 30.95 फीसदी की वृद्धि और अगस्त में 27.4 फीसदी की वृद्धि के औसत अनुमान से काफी ज्यादा है. जानकरों की मानें तो इस महंगाई के आंकड़ें के बाद पाकिस्तान पॉलिसी मेकर्स 30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में पॉलिसी रेट्स में इजाफा कर सकते हैं. ब्याज दरों के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंचने के बाद जून से लगातार तीन महीने महंगाई में कमी देखने को मिली थी. इस महीने, केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण महंगाई में और इजाफा होगा. अगले साल जून तक लाभ धीमा रहेगा. ब्लूमबर्ग ने बताया कि इस साल, मूल्य वृद्धि का औसत अनुमान 20 फीसदी से 22 फीसदी तक है. पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने ग्लोबल कीमतों में वृद्धि के कारण फ्यूल की लागत बढ़ा दी है और जुलाई में शुरू हुए बेलआउट प्रोग्राम को जारी रखने के लिए आईएमएफ की शर्तों के तहत गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की योजना बनाई है।

फ्यूचर रिटेल ऋणदाताओं ने खारिज किया प्रस्ताव

# एनसीएलटी ने 15 दिनों के लिए बढ़ाई दिवालियापन अवधि

एजेंसी




**नई दिल्ली।** फ्यूचर रिटेल लिमिटेड फिलहाल कॉर्पोरेट दिवालिया समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रही है। फ्यूचर रिटेल लिमिटेड के ऋणदाताओं ने स्पेस मंत्रा द्वारा प्रस्तुत बोली को खारिज कर दिया। स्पेस मंत्रा लेनदार समिति (सीओसी) की ई-वोटिंग प्रक्रिया में बहुमत हासिल करने में असफल रही। इस साल जुलाई में प्रस्ताव सीओसी के समक्ष पेश किया गया था।एनसीएलटी ने स्पेस मंत्रा के अनुरोध को स्वीकार किया

फ्यूचर रिटेल लिमिटेड एफआरएल ने सोमवार को कहा कि स्पेस मंत्रा द्वारा प्रस्तुत समाधान योजना को सीओसी ने पास नहीं किया है। अब दिवाला और दिवालियापन संहिता 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी। स्पेस मंत्रा ने करीब 550 करोड़ रुपये की पेशकश की थी, जो लिक्विडेशन वैल्यू के काफी करीब था। एफआरएल ने बताया कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने स्पेस मंत्रा के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सीआईआरपी को पूरा करने की समय सीमा 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया।

***पूर्व प्रमोटर ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया***

जानकारी के अनुसार, दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) 330 दिनों के भीतर सीआईआरपी को पूरा करने का आदेश देती है। इसमें मुकदमेबाजी का समय भी शामिल है। फ्यूचर रिटेल के पूर्व प्रमोटर किशोर बियानी ने कंपनी की फोरेंसिक ऑडिट प्रक्रिया के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 13,000 |
| लो एश 30% | 15,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | | |
|---|---|---|
| 58-60% | FC | 13,000 |
| 65% | FC | 15,000 |
| 70% | FC | 17,000 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1700 |
| रायगढ़ | 1550 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1100 |
| विशाखापतनम | 2000 |
| होसपेट | 3700 |
| नागपुर | 2500 |
| फरीदाबाद | 2000 |
| बटाला | 3300 |
| अहमदाबाद | 3000 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2700 |
| कटक | 1400 |
| दिल्ली | 2500 |
| चेन्नई | 3400 |
| राउरकेला | 1200 |

# ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के सामने खालिस्तानियों ने किया उग्र प्रदर्शन



**एजेंसी**

**लंदन।** खालिस्तान समर्थकों ने सोमवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ब्रिटिश सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में भारत विरोधी तख्तियां लहराईं और नारे लगाए। उच्चायोग के सामने कुछ खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने ब्रिटिश सुरक्षा बलों की मौजूदगी में यह किया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भारतीय राजनयिक को गुरुद्वारे के अंदर दाखिल होने से रोका गया था।

### तिरंगे का किया अपमान !

खालिस्तानियों ने भारत के तिरंगे पर गोमूत्र फेंक दिया लेकिन इसी समय एक भारतीय युवक ने तिरंगे को उठाया और उसकी लाज बचा ली। लंदन में यह ताजा प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ है जब हाल ही में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भारतीय राजनयिक को गुरुद्वारे के अंदर दाखिल होने से रोका गया था। इस साल मार्च में भी भारतीय दूतावास पर इसी तरह से खालिस्तानियों ने प्रदर्शन किया था।

### ग्लासगो में हुई थी बड़ी घटना

लंदन में उच्चायोग में ब्रिटिश सुरक्षा बलों की भारी उपस्थिति रही है। कुछ दिन पहले ही यूके में भारतीय उच्चायुक्त, विक्रम दोरवाईस्वामी को खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों द्वारा ग्लासगो शहर में एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। इस घटना को भारतीय मिशन ने यूके सरकार को रिपोर्ट करने से पहले 'अपमानजनक' करार दिया था। शनिवार को जारी एक बयान में, लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि स्कॉटलैंड के बाहर से तीन लोगों ने शुक्रवार शाम को यात्रा को 'जानबूझकर बाधित' किया।

### क्या था इसका मकसद

लंदन में हुआ यह ताजा विरोध प्रदर्शन कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों की तरफ ध्यान आकर्षित करने के मकसद से आयोजित हुआ था। ट्रूडो ने वॉन्टेड खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया है। वाशिंगटन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्रूडो के आरोपों को खारिज कर दिया था।

# भारतीय सैनिकों को हटाएंगे मालदीव के नए राष्ट्रपति

## चीन समर्थक ने मो.मुइज्जू जीत के मौके पर दिखाए असली रंग



**एजेंसी**

**माले ।** चीन के समर्थक मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत के लिए सिरदर्द बनने वाले हैं। यह बात उन्होंने सोमवार को अपने जीत के मौके पर दिए गए भाषण से साफ कर दी। मुइज्जू ने देश से विदेशी सेनाओं को हटाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। ऐसे में आने वाले दिनों में उनका निशाना साफतौर पर भारतीय सेना होने वाली है। मुइज्जू ने इस बात पर जोर दिया है कि देशवासियों की इच्छा के विरुद्ध मालदीव में कोई भी विदेशी सैनिक नहीं रहेगा। उनकी मानें तो कार्यभार के पहले दिन से ही वह विदेशी सैनिकों को हटाने की कोशिशें शुरू कर देंगे।

### ऑफिस संभालते ही शुरू होगी प्रक्रिया

राष्ट्रपति चुनाव में अपनी जीत का ऐलान करने के लिए सोमवार रात मुइज्जू एक सोशल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे। यहां पर बोलते हुए उन्होंने मालदीव की आजादी तय करने की प्रतिज्ञा को दोहराया। उन्होंने कहा कि लोगों ने इसी प्रतिज्ञा की वजह से उन्हें वोट दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये कोशिशें उनके शपथ लेने के तुरंत बाद शुरू हो जाएंगी। इस संबंध में उन्होंने कानून के दायरे में रहकर मालदीव से विदेशी सैनिकों को हटाने के अपने इरादे की पुष्टि की। मुइज्जू ने कहा कि लोगों ने फैसला किया है कि वे विदेशी सैनिकों की उपस्थिति नहीं चाहते हैं।

# नाइजर में मचा तांडव, आतंकियों ने 29 सैनिकों को उतारा मौत के घाट

**नाइजर ।** नाइजर की स्थिति तनावपूर्ण है। यहां पश्चिमी नाइजर में संदिग्ध आतंकवादियों ने जोरदार हमला करके 29 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना के बाद नाइजर में तीन दिन का राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर दिया गया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार सौ से अधिक आतंकवादियों ने ब्लास्ट के उपकरणों और वाहनों के उपयोग से सैनिकों को निशाना बनाया और उन्हें मौत के घाट उतारा। इस आतंकी घटना में 2 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए। मुठभेड़ के दौरान कई आतंकवादी भी मारे गए। नाइजर के रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह हमला माली के साथ देश की सीमा के समीप उपस्थित ताबाटोल के पास सैन्य अभियान के दौरान हुआ है। इस बॉर्डर के इलाके में नाइजर सैनिक गश्त लगाते हैं। इसका मकसद बॉर्डर एरिया में इस्लामिक स्टेट की ओर से आने वाले खतरे को नेस्तनाबूत करना है। नाइजर रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आतंकवादियों के संचार को रोक दिया गया है, जिन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर किया गया था'। रक्षा मंत्रालय मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने बाहरी लोगों से मिले मदद का लाभ उठाया। जिहादी विद्रोह ने एक दशक से अधिक समय से अफ्रीका के साहेल क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो 2015 में पड़ोसी नाइजर और बुर्किना फासो में फैलने से पहले 2012 में उत्तरी माली में फैल चुका था। नाइजर, माली और बुर्किना फासो के बीच तीन सीमाएं क्षेत्र नियमित रूप से इस्लामिक स्टेट समूह और अल-कायदा से जुड़े आतंकवादियों के हमलों का क्षेत्र रहा है। हिंसा ने तीनों देशों में सैन्य कब्जे को बढ़ावा दिया है, जिसमें नई घटना नाइजर से जुड़ी है, जब 26 जुलाई को तख्तापलट हुआ है।

# दो महीने में हजारों यूक्रेनी सैनिक कर चुके आत्मसमर्पण

**कीव।** रूस और यूक्रेन की जंग को डेढ़ साल से ज्यादा समय हो चुका है, लेकिन जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब तो यूक्रेन भी पलटवार करने लगा है। नाटो देशों के संगठन के सहयोग से वह अब क्रेमलिन तक जाकर ड्रोन अटैक कर रहा है। हालांकि जंग की शुरूआत से ही रूस अपने आक्रामक तेवर बरकरार रखे हुए है। यूक्रेन की सेना इसी कारण रूसी आर्मी के सामने हथियार डाल रही है। पिछले दो से ढाई महीने में देखा जाए तो यूक्रेनी सैनिकों के सरेंडर करने की संख्या 10 हजार को पार कर चुकी है। रूसी सेना के अधिकारियों के अनुसार यूक्रेनी सेना से एकसाथ बड़ी संख्या में सैनिक आत्मसमर्पण कर रहे हैं।


**क्या है सरेंडर करने का कोडवर्ड :** सरेंडर हो रहे कुछ मामलों में तो पूरी की पूरी कंपनी अपने हथियार और गोले-बारूद के साथ रूसी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है। इस बात की पुष्टि जपोरिजिया के गवर्नर येवगेनी बालियात्स्कीने भी की है। यूक्रेन की सेना से हो रहे सरेंडर में एक स्पेशल रेडियो फ्रीक्वेंसी का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। रूसी सेना के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर विशेषज्ञों ने रेडियो फ्रीक्वेंसी 149.200 बनाया है। इस पर किसी भी वॉकी-टॉकी से संपर्क किया जा सकता है। रूसी सेना के सामने जिस भी यूक्रेनी सैनिकों को सरेंडर करना होता है वो अपने वॉकी-टॉकी से इस रेडियो फ्रीक्वेंसी पर कोडवर्ड 'वोल्गा' के साथ संपर्क करते हैं। उन सैनिकों को सेफ रूट दिया जाता है और उन्हें सुरक्षित हथियार डालने का मौका मिलता है।

# अमेरिका में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण 14 को

## देश के बाहर अब होगा आंबेडकर का सबसे ऊंचा स्मारक

**एजेंसी**

**वाशिंगटन :** भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा अब शान से अमेरिका के लोगों को प्रेरणा देगी। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के तर्ज पर अमेरिका में स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी का अनावरण होने वाला है, जो भारत के बाहर डॉ. बाबा साहब की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी। 14 अक्तूबर को मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार राम सुतार ने बाबा साहब की मूर्ति को बनाया है, जिसे स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी नाम से जाना जाएगा। अमेरिका के मैरीलैंड राज्य के एकोकीक शहर में 13 एकड़ भूमि पर डॉ. आंबेडकर की




19 फीट की मूर्ति स्थापित की जाएगी। आयोजकों को उम्मीद है कि मूर्ति के लोकार्पण के दौरान भारत और अमेरिका सहित दुनिया भर से अंबेडकरवादी लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचेंगे। स्टैच्यू ऑफ इक्वेलिटी बाबा साहब के संदेशों और शिक्षाओं को विश्व भर में प्रदर्शित करने का काम करेगा।

# आर्मेनिया की संसद ने आईसीसी में शामिल होने के लिए किया मतदान

**एजेंसी**

**येरवान ।** आर्मेनिया की संसद ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) में शामिल होने के लिए मतदान किया है। यह एक ऐसा कदम है जिससे उसके अपने पुराने सहयोगी रूस के साथ संबंध और तनावपूर्ण हो सकते हैं। दरअसल आईसीसी ने यूक्रेन में युद्ध अपराध की कथित घटनाओं के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। हालांकि, आर्मेनियाई अधिकारियों ने तर्क दिया है कि इस कदम का रूस से कोई लेना-देना नहीं है और यह कदम देश के खिलाफ 'अजरबैजान की आक्रामकता' से प्रेरित है। सांसदों ने 60-22 के मतदान से रोम संविधि (नियम या कानून) की पुष्टि करने के लिए मतदान किया। अब आर्मेनिया के राष्ट्रपति को साठ दिनों के भीतर इस फैसले पर हस्ताक्षर करने होंगे। मॉस्को ने पिछले महीने येरवान के आईसीसी में शामिल होने के प्रयास को 'अमैत्रीपूर्ण कदम' कहा था। इसको लेकर रूसी विदेश मंत्रालय ने आर्मेनिया के राजदूत को तलब किया था। जिन देशों ने आईसीसी बनाने वाले रोम संविधि पर हस्ताक्षर किए हैं, वे पुतिन को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य हैं, अगर वह उनकी धरती पर पैर रखते हैं।। आईसीसी ने यूक्रेन से बच्चों के निर्वासन से संबंधित युद्ध अपराधों के लिए पुतिन को दोषी ठहराया गया था। हाल के वर्षों में रूस के साथ आर्मेनिया के संबंधों में काफी गिरावट आई है। 2020 में मॉस्को ने एक समझौते की मध्यस्थता की थी, जिसने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच छह सप्ताह के युद्ध को समाप्त कर दिया था। इसके तहत येरवान ने नागोरनो - काराबाख और उसके आसपास के इलाके के बड़े हिस्से को बाकू को सौंप दिया। बाकू आर्मेनियाई आबादी के साथ अजरबैजान का एक हिस्सा है। रूस ने तब अशांत क्षेत्र में लगभग 2,000 शांति सैनिक भेजे थे।

# बैंकॉक के शॉपिंग मॉल में गोलीबारी से तीन लोगों की मौत

**एजेंसी**

**बैंकॉक।** राजधानी बैंकॉक में मंगलवार को एक बड़े शॉपिंग मॉल में गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने बताया कि शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मध्य बैंकॉक के मॉल के अंदर गोलियां चलने की खबर मिलने के बाद वहां पहुंची। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में बच्चों सहित लोग सियाम पैरागॉन मॉल के दरवाजों से बाहर भागते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि, इन वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।स्थानीय प्रसारक 'चैनल-3' ने बताया कि मॉल के एक



बाथरूम से अंदर गोलियों जैसी आवाजें सुनाई दीं। थाईलैंड की प्रधानमंत्री सरेथा थाविसिन ने कहा कि वह घटना के विवरण का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में एक 14 वर्षीय संदिग्ध शूटर को गिरफ्तार किया गया है। महानगर पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा, एक 14 वर्षीय संदिग्ध बंदूकधारी को गिरफ्तार किया गया है। सियाम पैरागॉन मॉल में हुई घटना के संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है। आपातकालीन सेवाओं ने एक तस्वीर साझा की है।

# ट्रंप की मुश्किलें बढ़ीं, धोखाधड़ी को लेकर कोर्ट में हुए पेश

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका केपूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में पेश हुए, जहां उन्हों ट्रंप संगठन के माध्यम से की गई कथित धोखाधड़ी के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स द्वारा लाए गए मामले में ट्रम्प पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का कहना है कि ट्रम्प, उनके बेटों और उनके पारिवारिक व्यवसाय ने उनकी संपत्ति को दो बिलियन डॉलर से अधिक बढ़ा दिया, ताकि वे बैंकों से अनुकूल शर्तों पर लाभ हासिल कर सकें। जज एंगोरोन ने पिछले हफ्ते फैसला सुनाया कि ट्रम्प और



सह-प्रतिवादी सिविल मामले में धोखाधड़ी के लिए उत्तरदायी हैं। सोमवार को अदालत से बाहर निकलते ट्रंप ने कहा, चुनाव को देखते हुए यह उनके खिलाफ साजिश है। यह पूरी तरह से अवैध है। न्यूयॉर्क कोर्ट हाउस में ट्रम्प की आखिरी उपस्थिति अप्रैल में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त धन भुगतान से संबंधित आपराधिक आरोपों पर उनके आरोप के लिए हुई थी। जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप करने के मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और 17 अन्य लोगों के साथ एक जमानतदार को भी शुक्रवार को खराब आचरण के आरोपों का दोषी ठहराया गया।

# न्यूयॉर्क में प्रवासी संकट चरम पर ! होटल हाउसफुल, मेयर ने कहा- अब जगह नहीं

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में प्रवासियों को लेकर संकट बड़ा हो गया है. कहा जा रहा है न्यूयार्क के ज्यादातर होटल में प्रवासियों के रहने कि सरकारी व्यवस्था से वहां के सभी होटल भर चुके हैं. यहां तक की न्यूयार्क के मेयर भी हाथ खड़ी कर चुकी हैं. वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स की सीईओ एलन मस्क से लेकर बहुत से लोग जो बाइडन सरकार की इस पॉलिसी का विरोध कर रहे हैं। दरअसल न्यूयॉर्क भारी प्रवासी संकट का सामना कर रहा है. दुनिया भर से प्रवासी न्यूयॉर्क शहर पहुंच गए हैं. वहीं शहर का यह कानूनी दायित्व है कि प्रवासियों को जरुरी चीजें मुहैया कराए. लेकिन अब संख्या हद से ज्यादा होने के कारण न्यूयॉर्क शहर की स्थिति और भी खराब हो गई है. बता दें कि बीते पिछले महीने 28 सितंबर को एलन मस्क टेक्सास-मेक्सिको बॉर्डर पर गए थे. यह वो जगह है जहां से



वर्तमान में काफी संख्या में प्रवासी आ रहे हैं। बता दें कि अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर में प्रवासियों के रहने के लिए कोई जगह नहीं है. वहीं अब डेमोक्रेटिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन की आलोचना भी हो रही है. बताया जा रहा है कि न्यूयॉर्क में आवास संकट बढ़ गया है। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने प्रवासियों के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव किया है. होचुल ने प्रवासियों को चेतावनी दी कि उन्हें अब न्यूयॉर्क शहर के होटल के कमरों में जगह नहीं मिलेगी. हालांकि दिसंबर 2021 के एक बयान में उन्होंने प्रवासियों की खुली बांहों से स्वागत किया था। **प्रवासियों का विरोध :** प्रवासियों की बढ़ती संख्या से जो संकट न्यूयॉर्क में पैदा हुआ है, उसको लेकर विवाद भी शुरू हो गया है. अगस्त में इसको लेकर प्रदर्शन भी किए गए थे. प्रदर्शनकारी प्रवासियों को आश्रय स्थल में प्रवेश करने से रोकने की हद तक भी गए थे।




वर्ष 5 अंक 74 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं आवाज प्रकाशन प्रा0 लि0, 301, सेन रेलेह रोड, अपकार गार्डेन आसनसोल (पश्चिम वर्दवान) पश्चिम बंगाल -713301 से प्रकाशित। संपादक-अमित कुमार सिन्हा* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - (0341)2250055, 9852609014, RNI No. WBHIN/2019/78087 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awazasn1947@gmail.com